राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 153 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## ऑस्ट्रेलिया के उपप्रधानमंत्री मार्लेस ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में हुए संघीय चुनाव में ऑस्ट्रेलियाई लेबर पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर उप प्रधानमंत्री मार्लेस को बधाई दी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, दोनों नेताओं ने भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने रक्षा औद्योगिक सहयोग, लचीली आपूर्ति श्रृंखला, महत्वपूर्ण खनिजों, नई और उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के महत्व को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस से मिलकर खुशी हुई।

# विपक्ष के नेताओं ने पीएम के नाम पत्र लिखकर सदन में बुलाने की मांग की

राजनीति

- आप ने विपक्ष के मुद्दे से तो सहमति रखी, लेकिन कांग्रेस के नेतृत्व में हो रही इंडिया गठबंधन के दलों की बैठक से किनारा किया।



**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली। इंडिया** ब्लॉक ने एक बैठक कर केंद्र सरकार से संसद का विशेष सत्र बुलाने का अनुरोध किया। इसका उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम हमले पर चर्चा कराना है। बैठक के बाद विपक्ष के नेताओं ने प्रधानमंत्री के नाम एक पत्र लिखकर सदन बुलाने की मांग की। लेकिन इस महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम से आम आदमी पार्टी ने दूरी बनाकर रखी। पहले तो आम आदमी पार्टी नेता बैठक में शामिल नहीं हुए, लेकिन बाद में आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने एक पत्र लिखकर इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग की। यानी आप ने विपक्ष के मुद्दे से तो सहमति रखी, लेकिन कांग्रेस के नेतृत्व में हो रही इंडिया गठबंधन के दलों की बैठक से किनारा किया। संजय सिंह ने यहां तक घोषणा कर दी कि इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनावों तक के लिए था। अब उसकी कोई प्रासंगिकता नहीं है। विपक्ष के मुद्दों के साथ सहमति होने के बाद भी कांग्रेस ने इस बैठक से दूरी क्यों बनाई। हालांकि, इसके पहले इंडिया गठबंधन के कुछ अन्य नेताओं ने भी इंडिया गठबंधन के समाप्त होने की बात कही थी। दरअसल, दिल्ली विधानसभा चुनावों में इस बार कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से अलग होकर चुनाव लड़ा था। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि आम आदमी पार्टी को दिल्ली में हराने का सबसे प्रमुख कारण कांग्रेस ही बनी। दिल्ली की कम से कम 25 विधानसभा सीटें ऐसी हैं जिनमें आम आदमी पार्टी की हार का कारण कांग्रेस बनी। एक दर्जन के करीब सीटें ऐसी थीं जिन पर कांग्रेस के उम्मीदवारों को मिले वोट भाजपा के जीते उम्मीदवार और आप के हारे हुए उम्मीदवार के बीच के अंतर से अधिक थे। माना जा रहा है कि दिल्ली चुनावों में हार दोनों पार्टियों में बड़ी दरार का कारण बन गई है। लेकिन मामला केवल यहीं तक रुका नहीं है। आम आदमी पार्टी की अब सबसे बड़ी चुनौती पंजाब में अपनी सरकार को बचाना है।

## फास्ट न्यूज

### गलती से बांग्लादेश की सीमा में घुसा बीएसएफ जवान

**टीम एक्शन इंडिया/मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले की भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चौंकाने वाली घटना सामने आई है। सीमा पार घुसपैठ रोकने के प्रयास में एक बीएसएफ जवान को कथित तौर पर बांग्लादेशी नागरिकों ने अगवा कर लिया और उसे बांग्लादेश के इलाके में ले जाकर पेड़ से बांधकर पीटा। स्थानीय लोगों ने उसे बॉर्डर गार्ड ऑफ बांग्लादेश को सौंप दिया। हालांकि बाद में जवान को बीएसएफ को वापस सौंप दिया गया है। संबंधित बीएसएफ जवान का नाम श्री गणेश है। यह घटना बांग्लादेश के सदर उपजिला के नारायणपुर यूनियन के सात रशिया गांव में बुधवार सुबह करीब साढ़े सात बजे हुई। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि सुबह बकरी का पीछा करते हुए दो बीएसएफ जवान जीरो लाइन पार कर बांग्लादेश की सीमा में घुस गए। उन्होंने एक बांग्लादेशी को पकड़ने की भी कोशिश की। इसके बाद स्थानीय ग्रामीण इकट्ठा हो गए और एक बीएसएफ जवान को पकड़ लिया। जबकि दूसरा जवाब भाग गया। कथित तौर पर नागरिकों ने पकड़े गए बीएसएफ जवान की पिटाई की और उसे बीजीबी को सौंप दिया। स्थानीय लोगों द्वारा बनाया गया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### साल 2027 में जातियों के साथ दो चरणों में होगी जनगणना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि साल 2027 में जनगणना आयोजित करने का निर्णय लिया है, जिसमें जातियों की गणना भी शामिल होगी। यह जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि राष्ट्रव्यापी जनसंख्या 1 मार्च, 2027 को शुरू होगी। इसमें जातियों की गणना भी शामिल होगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, जनगणना की प्रक्रिया अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू हो जाती है। जनगणना कराने के आशय की अधिसूचना संभवत: 16 जून 2025 को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी। जनगणना का दूसरा और अंतिम चरण फरवरी 2027 से शुरू होकर 01 मार्च 2027 (संदर्भ तिथि) को संपन्न हो जाएगा।

- आपने आतंकवाद के सामने आत्मसमर्पण किया: जेपी नड्डा
- हमारा भारत हजारों सालों के आक्रमणों के बाद भी जीवंत है : सुधांशु त्रिवेदी

# राहुल गांधी आपकी पार्टी ने किया होगा आत्मसमर्पण : जेपी नड्डा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार किया है। नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक 'पोस्ट' में कहा, 'राहुल गांधी आत्मसमर्पण आप करते होंगे, आपकी पार्टी ने किया होगा, आपके नेताओं ने आत्मसमर्पण किया होगा क्योंकि आपका इतिहास ही ऐसा रहा है, लेकिन भारत कभी आत्मसमर्पण नहीं करता। आत्मसमर्पण आपकी कांग्रेस पार्टी के शब्दकोष में है, आपके डीएनए में है।' एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी, आपको अपनी पार्टी की सरकारों का कार्यकाल याद करना चाहिए किस तरह आपने इतिहास में 'आत्मसमर्पण' किया।' भाजपा प्रमुख ने कहा, आपने आतंकवाद के सामने आत्मसमर्पण किया, शर्म-अल-शेख में आत्मसमर्पण किया, 1971 की लड़ाई जीतने के बाद शिमला में टेबल पर आत्मसमर्पण किया, सिंधु जल समझौते में आत्मसमर्पण किया, हाजी पीर दर्रा का आत्मसमर्पण किया, छम्ब सेक्टर के 160 किमी इलाके का आत्मसमर्पण किया, 1962 की लड़ाई में आत्मसमर्पण किया, 1948 में आत्मसमर्पण किया। भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी जी ये जान लीजिए कि आप, आपकी पार्टी और आपका खानदान के कारनामे आजाद हिंदुस्तान के कैलेंडरों में सरेंडर से भरे पड़े हैं। सरेंडर कांग्रेस ने किया होगा, मगर भारत किसी के सामने सरेंडर नहीं हो सकता। हम विश्व की एक मात्र ऐसी सभ्यता हैं जो हजारों सालों के आक्रमणों के बाद भी जीवंत है। जिसे आप मानने का तैयार नहीं है।

- आत्मसमर्पण आपकी कांग्रेस पार्टी के शब्दकोष में है, डीएनए में है

### सेना और राष्ट्र के साथ-साथ 140 करोड़ जनता

**नड्डा** ने कहा कि वास्तव में जिनकी नीतियां आत्मसमर्पण की रही हो, उसे इसके आगे कुछ सूझ भी नहीं सकता – क्यों, ऐसा ही है न राहुल गांधी जी? भाजपा प्रमुख ने कहा, राहुल गांधी द्वारा भारतीय सेना का अपमान दुर्भाग्यपूर्ण है देश के140 करोड़ भारतवासियों का भी घोर अपमान है।

### भारतीय सेना ने 11 एयरबेस को तबाह किया: नड्डा

**देश** की आजादी के समय मुस्लिम लीग के भी सामने आत्मसमर्पण किया। नड्डा ने कहा, भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुस कर उसके 11 एयरबेस को तबाह किया, 9 आतंकी अड्डों को ध्वस्त किया, 150 से ज्यादा आतंकी मारे। पाकिस्तान तो रोते-रोते दुनिया को बता रहा है कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 18 जगह हमला करके सब कुछ तबाह कर दिया और राहुल गांधी देश के आत्मसमर्पण की बात कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, राहुल गांधी को पता होना चाहिए कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता की घोषणा सरकार ने या भाजपा के किसी प्रवक्ता ने नहीं की थी, बल्कि भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने की थी। 'ऑपरेशन सिंदूर' भारतीय सेना की वीरता, शौर्य एवं पराक्रम का उद्घोष है। वास्तव में जिनकी नीतियां आत्मसमर्पण की रही हो, उसे इसके आगे कुछ सूझ भी नहीं सकता – क्यों, ऐसा ही है न राहुल गांधी जी? भाजपा प्रमुख ने कहा, राहुल गांधी द्वारा भारतीय सेना के अप्रतिम शौर्य एवं पराक्रम को आत्मसमर्पण कहकर संबोधित करना, न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि भारतीय सेना और राष्ट्र के साथ-साथ 140 करोड़ भारतवासियों का भी घोर अपमान है। अगर कोई पाकिस्तानी भी ऐसा कहता तो हम उस पर हंसते भी, ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान में तगड़ी तबाही मचाई।



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस से मुलाकात करते हुए

### देश में मानसून की चाल पड़ी धीमी, अगले हफ्ते से फिर पकड़ेगा रफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** 16 साल बाद अपने तय समय से पहले दस्तक देने वाले मानसून की रफ्तार अब धीमी पड़ गई है। मानसून को वापस अपनी रफ्तार पकड़ने में थोड़ा वक्त लग सकता है। भारतीय मौसम विभाग का कहना है कि, बंगाल की खाड़ी में एक नया मौसम तंत्र बनने की संभावना है, जिससे मानसून दोबारा सक्रिय होगा। फिर देश के शेष हिस्सों में आगे बढ़ेगा। दरअसल, इस वर्ष मानसून ने 24 मई को केरल में समय से पहले दस्तक दी। यह पिछले 16 वर्षों में सबसे जल्द शुरूआत रही। मानसून की चाल में उतार-चढ़ाव आना मौसम की सामान्य विशेषता है। करीब चार महीने तक चलने वाले इस मानसूनी सीजन में कभी जोरदार बारिश तो कभी सुस्ती का दौर चलता है।

## राहुल परिपक्व नहीं, उनके बयान घटिया हैं: भाजपा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद कांग्रेस और भाजपा के बीच जमकर सियासी वार-पलटवार भी हो रहा है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को आड़े हाथों लिया। सुधांशु ने कांग्रेस नेता के बयान को घटिया बताया और कहा कि उनमें अभी परिपक्वता का अभाव है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश में पार्टी सम्मेलन के दौरान कहा कि भारत-पाकिस्तान के सैन्य संघर्ष के समय अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक इशारा किया और प्रधानमंत्री मोदी ने जी हुजूर... करके सीजफायर कर दिया। भाजपा और कांग्रेस के बीच सैनिकों की कार्रवाई और सरकार की जवाबदेही को लेकर जुबानी जंग जारी है। ताजा घटनाक्रम में भाजपा के राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बयान पर भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, "स्वघोषित, स्वयंभू, सर्वोच्च नेता, विपक्ष के नेता राहुल गांधी बेहद घटिया, निम्न-स्तरीय बयान देकर दुनिया को बता रहे हैं कि विपक्ष का नेता बनने के बाद भी उनमें गंभीरता और परिपक्वता की कमी है, जो इस पद के लिए जरूरी है। जिस तरह से राहुल गांधी ने हमारे सशस्त्र बलों की वीरता और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना अधिकारियों के ब्रीफिंग की तुलना आत्मसमर्पण से की, वह बहुत घटिया है।

## दो पत्रकारों की याचिका पर एमपी सरकार को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के भिंड में रेत माफिया के खिलाफ रिपोर्टिंग करने वाले दो पत्रकारों की अग्रिम जमानत की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। जस्टिस संजय करोल की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 9 जून को करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पत्रकारों को फिलहाल अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि पहले राज्य सरकार का जवाब आ जाने दीजिए, उसके बाद हम अंतरिम राहत पर बात करेंगे। सुनवाई के दौरान अमरकांत सिंह चौहान ने कहा कि चंबल नदी में अवैध रुप से बालू खनन की उनकी रिपोर्टिंग से भिंड के एसपी नाखुश थे। एसपी के डर से पत्रकार भिंड से भागकर दिल्ली आ गये थे। एसपी की ओर से धमकियां दी जा रही थीं। दिल्ली हाईकोर्ट ने पत्रकार अमरकांत सिंह चौहान को दो महीने तक सुरक्षा का आदेश दिया है।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया में सहयोग मजबूत करने पर फोकस

सहयोग

- राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस एमपी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की।




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस एमपी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा करने के साथ रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर फोकस किया। दोनों देश इस बात पर भी सहमत हुए कि रक्षा और सुरक्षा व्यापक रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख स्तंभ हैं और हिंद प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और नियम-आधारित व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध हैं। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने आज राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर भारत के वीरों को श्रद्धांजलि देते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्री ने आज मार्लेस से द्विपक्षीय वार्ता से पहले मुलाकात की। मार्लेस ने तीनों सेनाओं के सलामी गारद का निरीक्षण किया, जिसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ते रक्षा संबंधों को रेखांकित किया गया। भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा साझेदारी की पूरी श्रृंखला की समीक्षा की। द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करने में उनकी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता और नेतृत्व हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभरा है। पहलगाम में आतंकवाद के बर्बर कृत्य के खिलाफ दृढ़ प्रतिक्रिया के लिए ऑस्ट्रेलिया के स्पष्ट समर्थन को लेकर भारत ने उनका आभार व्यक्त किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बैठक में रिचर्ड मार्लेस ने कहा कि हम आपकी सरकार और प्रधानमंत्री मोदी तथा उनके नेतृत्व के प्रति बहुत आभारी हैं।

### संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र की तारीखें घोषित हो गईं हैं। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि 21 जुलाई से 12 अगस्त तक संसद का मानसून सत्र आयोजित किया जाएगा। विपक्ष की ओर से ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले को लेकर लगातार की जा रही संसद के विशेष सत्र की मांग के बीच सरकार ने यह एलान किया है।

**दो हिस्सों में आयोजित हुआ था बजट सत्र**

इससे पहले संसद का बजट सत्र दो हिस्सों में आयोजित किया गया था। पहला सत्र 31 जनवरी को शुरू हुआ और 13 फरवरी तक चला।

फारेस्ट

*युवाओं से वन संरक्ष अभियान से जुड़ने का आह्वान किया*

## मुख्यमंत्री ने कांगड़ा और चम्बा की वन समितियों को किया सम्मानित




पुरस्कार

- बेहतर कार्य करने वाली जिला कांगड़ा व चंबा की ग्राम वन प्रबंधन समितियों को सम्मानित किया।

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिला के देहरा में केएफडब्ल्यू परियोजना के अंतर्गत बेहतर कार्य करने वाली जिला कांगड़ा व चंबा की ग्राम वन प्रबंधन समितियों (विलेज फोरेस्ट मैनेजमेंट सोसायटी) को सम्मानित किया। उन्होंने राज्य स्तर पर वर्ष 2021-22 के लिए प्रथम पुरस्कार देहरा वन मंडल की ग्राम वन प्रबन्धन समिति लगडू को एक लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार डलहौजी वन मंडल की ग्राम वन प्रबन्धन समिति छम्बर को 60 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार देहरा वन मंडल की ग्राम वन प्रबन्धन समिति भटेड़.को 40 हजार रुपये प्रदान किये। वर्ष 2022-23 के लिए राज्य स्तर का एक लाख रुपये का प्रथम पुरस्कार देहरा वन मंडल की ग्राम वन प्रबन्धन समिति भटेड़, 60 हजार रुपये का दूसरा पुरस्कार देहरा वन मंडल की ग्राम वन प्रबन्धन समिति जैनी मसरूर-2 तथा तीसरा पुरस्कार देहरा वन मंडल की ग्राम वन प्रबन्धन समिति लगडू को 40 हजार रुपये प्रदान किया। वर्ष 2023-24 के लिए राज्य स्तर का प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये देहरा वन मंडल की ग्राम वन प्रबन्धन समिति जैनी मसरूर-2, द्वितीय पुरस्कार 60 हजार रुपये देहरा वन मंडल की ग्राम वन प्रबन्धन समिति भटेड़. तथा तृतीय पुरस्कार 40 हजार रुपये देहरा वन मंडल की ग्राम वन प्रबन्धन समिति लगडू को प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2021-22 का देहरा वन मंडल स्तर का 50 हजार रुपये का प्रथम पुरस्कार खुडियां वन रेंज की ग्राम वन प्रबन्धन समिति, लगडू, 30 हजार रुपये का द्वितीय पुरस्कार नगरोटा सूरियां वन रेंज की ग्राम वन प्रबन्धन समिति, भटेड़.तथा 20 हजार रुपये का तृतीय पुरस्कार देहरा वन रेंज की ग्राम वन प्रबन्धन समिति नौशेरा को प्रदान किया जबकि वर्ष 2022-23 का देहरा वन मंडल स्तर का 50 हजार रुपये का पहला पुरस्कार नगरोटा सूरियां वन रेंज की ग्राम वन प्रबन्धन समिति भटेड़. को दिया।

## पूर्वोत्तर के राज्यों में बाढ़ पर पूरा सहयोग देगा केंद्र : ज्योतिरादित्य



**टीम एक्शन इंडिया/गुवाहाटी।** पूर्वोत्तर भारत में मूसलाधार बारिश के चलते आई बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति पर केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास (डोनर) और संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने प्रभावित राज्यों को केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने इस संबंध में सिक्किम और असम के मुख्यमंत्रियों तथा मणिपुर के राज्यपाल से व्यक्तिगत रूप से बात की। उन्होंने हालात की जानकारी ली और केंद्र की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से फोन पर बात करते हुए सिंधिया ने कहा, "हम इस कठिन समय में सिक्किम के लोगों के साथ मजबूती से खड़े हैं और सभी संभव सहायता देंगे।" वहीं, उन्होंने असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा से भी बात की और राज्य में हालात की समीक्षा करते हुए राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए केंद्र से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से उन्होंने केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता पहुंचाने की बात कही। सिंधिया ने इसको 'एक्स' पर भी पोस्ट किया और पूर्वोत्तर के लोगों के साथ एकजुटता जताई। उन्होंने लिखा कि केंद्र सरकार स्थिति से निपटने के लिए त्वरित और समन्वित प्रयासों के लिए प्रतिबद्ध है।

# कोरोना को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट



**टीम एक्शन इंडिया/लियाकत अली**

**नूंह मेवात।** हरियाणा में कोरोना के केस लगातार बढ़ रहे हैं। इसलिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से कोरोना को लेकर अलर्ट है। स्वास्थ्य विभाग में भी कोरोना के लगातार बढ़ते केसों को लेकर कमर पूरी तरह से कस ली है। डॉ मनप्रीत जिला नोडल अधिकारी कोरोना ने पत्रकारों को बताया कि अल आफिया अस्पताल मांडीखेड़ा में कोरोना के लिए अलग से वार्ड बनाया गया है। साथ ही फ्लू कॉर्नर भी बनाया गया है। कोरोना वार्ड में 22 बेड की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 6 बेड की व्यवस्था की गई है और प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दो बेड की व्यवस्था की गई है। अल आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा में एक ऑक्सीजन प्लांट पूरी तरह से काम कर रहा है। इसके अलावा ऑक्सीजन कंसटेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर इत्यादि की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। दवाइयों की किट तैयार कर ली गई है।

## उत्तर रेलवे

### शुद्धिपत्र

संदर्भ : i) निविदा सूचना क्रमांक 05 / 2025–2026 दिनांक 17.04.2025
ii) निविदा संख्या 15245006A 13.06.2025 को देय है।

1. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, नियत तिथि 03.06.2025 से बढ़ाकर 13.06.2025 कर दी गई है।
2. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में विनिर्देशों को संशोधित किया गया है।

अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

1643/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# लाखों रुपये की ठगी करने में दो आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।** सेक्टर-23 साइबर थाना सोनीपत पुलिस ने शेयर मार्केट में मुनाफा देने का लालच देकर लाखों रुपये की ठगी में शामिल दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमृतसर गुरलाभ पंजाब, गुरमीत निवासी सिरसा का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मॉडल टाउन निवासी अमित ने गत 23 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसके पास व्हाट्सएप पर संदेश आया। संदेश करने वाली महिला ने खुद को आइसीआइसीआइ सिक्योरिटी की कर्मचारी विनिता पटोदिया बताया।

# आर्य वीरांगना शिविर में बेटियों को आत्मरक्षा का दिया प्रशिक्ष



**टीम एक्शन इंडिया/दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में चल रहे आर्य वीरांगना दल योग एवं जीवन निर्माण शिविर में आज बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य शिक्षिका बहन अभिलाषा जी के नेतृत्व में सभी सहायक शिक्षिकाओं ने प्रशिक्षण में भाग लिया। इस दौरान शिविर में पहुंची बेटियों को जूड़ो कराटे और लाठी से विकट परिस्थितियों में स्वयं की और दूसरों की कैसे सुरक्षा की जाए, यह सिखाया गया। इस अवसर पर शिविर के संयोजक जयपाल आर्य एवं प्रशिक्षण प्रमुख संजीव आर्य भी मौजूद रहे।

गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्यश्री देवव्रत जी के पावन मार्गदर्शन में आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा और गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संयुक्त प्रयासों से गुरुकुल में पांच दिवसीय शिविर लगा है जिसमें कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल, जींद जिलों के विभिन्न गांवों से 800 से अधिक लड़कियां योग, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, स्तूप निर्माण, डम्बल, लेजियम और आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

साथ ही इन सभी युवतियों को भारतीय संस्कृति और वैदिक ज्ञान से भी रूबरू करवाया जा रहा है। शिविर में पहुंची सभी लड़कियों को दैनिक यज्ञ के प्रशिक्षण के साथ-साथ विद्वानों के प्रवचनों के माध्यम से देश के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराया जा रहा है जिससे वे समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने में सक्षम हों।

# नहर में डूबे दो भाइयों में से मुकुल का शव बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में नहर में डूबे दो सगे भाइयों में से अब छोटे भाई मुकुल का शव भी बरामद हो गया है। मंगलवार रात परिजनों को उसका शव मुनक हेड से करीब 12 किलोमीटर दूर अंटा गांव के पास नहर में फंसा मिला। शव की पहचान कपड़ों से की गई, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को मोर्चरी में भिजवाया और बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। घटना मुनक हेड की हांसी ब्रांच नहर की है।

## पूर्वोत्तर रेलवे

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/रिपेयर, यॉत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमन्त्रित की जाती है। **निविदा सं. एवं कार्य का विवरण:** EL-MWS-GKP-2025-26-06, इंस्टालेशन आफ 500 के0डब्लू0पी0 ऑन–ग्रिड (विदाउट बैट्री बैक–अप) सोलर रूफ–टॉप प्लान्ट एट न्यू एल0एच0बी0 शेड एण्ड आराकल शेड इन मैकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर। **अनुमानित लागत:** ₹ 2,12,05,363.82, बयाने की राशि: ₹ 2,56,000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य 0.00, कार्य पूर्ण करने की समय/ अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से – 06 महीना। आन लाइन ई–निविदा जमा करने की तिथि 25.06.2025 समय 11:00 बजे। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/रिपेयर**
मुजाधि/विद्युत–55 (कार.)गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

### धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बिंदेश्वर शाह पुत्र श्री रामदेव शाह, निवासी एस–375, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली** ने **FIR No. 05/2019 U/S 283 IPC, अन्तर्गत थाना शकरपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बिंदेश्वर शाह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बिंदेश्वर शाह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 05/2019 U/S 283 IPC, अन्तर्गत थाना शकरपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **बिंदेश्वर शाह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री पी. भार्गव राव**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
पूर्वी जिला, कोर्ट संख्या 03
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**DP/7059/ED/2025(Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1) रहमान, पुत्रः श्री शेर खान, 2) मलका बेगम, पत्नीः श्री शेर खान, 3) अर्शी खान, पुत्रीः श्री शेर खान, पताः म.नं. एक्स–2बी, तीसरी मंजिल, एक्स ब्लॉक, बाल्मीकि मंदिर के पास, रणजीत नगर, दिल्ली और 4513, गली शाहतारा, अजमेरी गेट, चांदनी चौक, दिल्ली** ने **E-FIR No. 80011965/25, U/s 123/305/317(2)/3(5) BNS, पुलिस थाना सनलाइट कॉलोनी, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1) रहमान, 2) मलका बेगम, 3) अर्शी खान** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1) रहमान, 2) मलका बेगम, 3) अर्शी खान** फरार हो गए है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **E-FIR No. 80011965/25, U/s 123/305/317(2)/3(5) BNS, पुलिस थाना सनलाइट कॉलोनी, नई दिल्ली** के अभियुक्त **1) रहमान, 2) मलका बेगम, 3) अर्शी खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.07.2025 को 10:00बजे** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री अदिति राव**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07
दक्षिण–पूर्व जिला, कमरा नं. 508
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

**DP/6736/SE/2025**

# महादेव की पूजा से सभी ग्रहों को होती है प्रसन्नता: बंसी पुरी



**टीम एक्शन इंडिया/अनिल वर्मा**

**थानेसर।** महादेव शिव की पूजा से सभी ग्रहों की प्रसन्नता प्राप्त होती है इसलिए प्रत्येक सनातनी हिंदू को शिव पूजन अवश्य करना चाहिए ताकि ग्रहों की स्थिति उनके अनुकूल रहे। उक्त विचार महाभारतकालीन स्थानेश्वर मंदिर के महंत बंसी पुरी ने व्यक्त किए। बंसी पुरी ने बताया कि शिव महिमा का वर्णन करना तो देवताओं के लिए भी संभव नहीं है, इसमें साधारण मनुष्य की क्षमता कैसे हो सकती है? उन्होंने कहा कि शिव अपने भक्तों से बड़ी जल्दी प्रसन्न होते हैं और उनकी मनोकामना पूर्ण करते हैं। बंसी पुरी ने बताया कि शिव की शरण में आने से शक्ति की कृपा भी स्वयंमेव प्राप्त हो जाती है क्योंकि शक्ति, शिव में ही समाहित हैं। उन्होंने कहा कि शिव की पूजा करने से न केवल साधारण मानव का कल्याण होता है अपितु देवता भी शिव की पूजा अपने मनोरथ पूर्ण करने के लिए करते हैं।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोनिश अंसारी, पुत्रः** अब्दुल हसन, **पताः** मकान नं. बी–62, मांगे पार्क फेज़–1, बुध विहार, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 767/2021 U/s 379/411 IPC, थानाः रोहिणी उत्तर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोनिश अंसारी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोनिश अंसारी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 767/2021 U/s 379/411 IPC, थानाः रोहिणी उत्तर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोनिश अंसारी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री ईब्बानी अग्रवाल**
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 107, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/6921/RD/2025 (Court Matter)**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सविता, पत्नीः** सुभाष, **पताः** 43 टी.सी.कैंप रघुबीर नगर, नई दिल्ली एवं टी.सी. 85 रघुबीर नगर, नई दिल्ली, ने **FIR No. 64/2023 U/s 451,506,120,34 IPC थानाः सफदरजंग एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सविता,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सविता,** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 64/2023 U/s 451,506,120,34 IPC थानाः सफदरजंग एन्क्लेव, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सविता,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री निधि सिंह**
जे.एम.एफ.सी.–03 कमरा नं. 212
साकेत, कोर्ट नई दिल्ली

**DP/7049/SW/2025 (Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **बबिता, पत्नीः सत्य प्रकाश, पताः मकान नंबर 188, प्रताप गली के पास, ग्राम सिरसपुर, दिल्ली** ने **FIR No. 955/21, U/s 33/58 DE Act, पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **बबिता** मिल नही रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **बबिता** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** की अभियुक्ता **बबिता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
श्री सार्थक पंवार
एल.डी. एमएम–05 (उत्तर)
कमरा नंबर 114, पहली मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/6902/ON/2025**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

### (धारा 82 Cr.P.C. देखिए )

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मौहम्मद दानिश पुत्र मौहममद जुबेर निवासी ई–139, विजय विहार, फेस–1, सैक्टर–4, रोहिणी, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 226 / 2020 अन्तर्गत धारा 188 आईपीसी, थाना नोर्थ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मौहम्मद दानिश** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मौहम्मद दानिश** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 226 / 2020 अन्तर्गत धारा 188 आईपीसी, थाना नोर्थ रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मौहम्मद दानिश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.08.2025** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**इब्बानी अग्रवाल**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 107, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/6927/RD/2025 (Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

### (धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **सुनीता,** पत्नी स्वर्गीय विनोद कुमार, निवासी- सी-3/175, नंद नगरी, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 395/2021 धारा 21 एनडीपीएस अधिनियम थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनीता** मिल नहीं रही और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनीता** फ़रार हो गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सुनीता, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 395/2021 धारा 21 एनडीपीएस अधिनियम थाना नंद नगरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 09.07.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री सौरभ प्रताप सिंह ललेर**
विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस.)
शाहदरा, कमरा नं 11, दूसरी मंजिल
शाहदरा कड़कड़डूमा न्यायालय परिसर, दिल्ली

**DP/6968/NE/2025**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

### धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **अरूण उर्फ तीस मारवा,** पुत्रः **राजू, निवासीः 4 / 12 ब्लॉक, रघुबीर नगर, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.46/2022 U/S 380/457/411/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **अरूण उर्फ तीस मारवा** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **अरूण उर्फ तीस मारवा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.46/2022 U/S 380/457/411/34 IPC, थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अभियुक्त **अरूण उर्फ तीस मारवा** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **10.07.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

**आदेश द्वारा, शशांक नंदन भट्ट**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02,
कमरा संख्या 356, तीसरी मंजिल,
पश्चिमी जिला, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/7021/WD/2025** (अदालती मामला)

# उच्च रक्तचाप को नियंत्रण रखने से जीवन लंबा होता है: नेहा सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र।** जिला रेड क्रॉस समिति की चेयरमैन एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि मनुष्य के लिए स्वास्थ्य अमूल्य धन है। सभी नागरिकों को अपने स्वास्थ्य को लेकर गंभीर होना चाहिए और एक अंतराल के बाद स्वास्थ्य की जांच अवश्य करवानी चाहिए। उन्होंने विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर आयोजित शिविर पर बोलते हुए कहा कि उच्च रक्तचाप को नियंत्रण रखना चाहिए। ऐसा करने से व्यक्ति का जीवन लंबा हो जाता है, जिसके लिए डॉक्टरों की सलाह से अपने स्वास्थ्य की देख-रेख रखें। ऐसा ही जिला रेड क्रॉस समिति द्वारा सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जाता है। इन शिविरों में भी नागरिक अपने स्वास्थ्य की जांच करवा सकते हैं। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि भारतीय रेडक्रॉस हरियाणा राज्य शाखा चण्डीगढ़ के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी, महासचिव महेश जोशी के निर्देशन में शिविर लगाया गया।

## उत्तर रेलवे

### 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं:

क) **कुल ग्यारह (11) स्टॉल:** बहादुरगढ़, दिल्ली, दिल्ली कैंट, दिल्ली शाहदरा, गाजियाबाद, मेरठ कैंट, मेरठ सिटी, पानीपत, गुड़गांव, समालखा और सोनीपत स्टेशनों पर।

ख) **कुल चौंतीस (34) ट्राली:** जींद, जाखल, टोहाना, मानसा, नरवाना, बादली, बल्लभगढ़, दिल्ली किशनगंज, देवबंद, नरेला, ओखला, पालम, सकौती टांडा, शामली, टपरी, तुगलकाबाद, फरीदाबाद, बागपत रोड, बड़ौत, दिल्ली सराय रोहिल्ला, फरीदाबाद न्यू टाउन, खेकड़ा, नांगलोई, खतौली, मुरादनगर, नोली, परतापुर, शकूरबस्ती, जुलाना, सांपला, दिल्ली सफदरजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज और मोदीनगर स्टेशनों पर।

- बहादुरगढ़, गाजियाबाद, गुड़गांव, समालखा, सोनीपत और मेरठ कैंट स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- NSG 1, 2, 3 और 4 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 5 (दिल्ली किशनगंज, देवबंद, बादली, ओखला, शामली, टपरी, जींद, जाखल, टोहाना, मानसा, नरवाना, बागपत रोड, खेकड़ा, नांगलोई, मुरादनगर, खतौली, मेरठ कैंट, जुलाना, सांपला, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 (सकौती टांडा) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं:
  - क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।
  - ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/ राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/ गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
  - ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
  - घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
  - ङ) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नही की जाएगी।
- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 09.06.2025, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्या: 12 / 2022 एवं 09 / 2023 के तहत/ अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट: **www.indianrailways.gov.in** & URL https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm Cir 2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm Cir 2023/CC%20%2009%20of%202023 पर उपलब्ध है।
- इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है।

1659/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** राज कुमार आधार नंबर 643989580597 पुत्र श्री लज्जा राम निवासी गांव चनारथल तह. शाहाबाद जिला कुरूक्षेत्र हल्फ से बयान करता हूं कि मेरे दो बेटे है। 1. सचिन कुमार, 2. रणजीत सिंह है उपरोक्त गलत संगत में है। मेरे दोनों बेटो की पत्नियाँ पूजा देवी व प्रीति देवी है। मेरे बेटे सचिन कुमार, रणजीत सिंह, पूजा देवी व प्रीति देवी मेरे और मेरी पत्नी कहने सुनने से बाहर है।उपरोक्त मेरे व परिवार के गाली गलोच करता है। उपरोक्त अगर असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो हमारी कोई जिम्मेदारी नही होगी। इसलिए मैं उपरोक्त को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। कल को जो भी अप्रिय घटना एवं गैर कानूनी घटना घटती है तो उसके लिए ये स्वयं जिम्मेदार होगें। मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्य से कोई वास्ता नहीं होगा। **शपथ कर्ता**

## बेदखली सूचना

मै जो कि ब्रिजेश पुत्र ओमपाल निवासी गांव मीमारपुर तहसील व जिला सोनीपत का निवासी हूं मैं हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा लडका गौरव व मेरी पुत्री आरती मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है और दोनों अपनी मनमानी करते है । मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरा व मेरे परिवार का उनसे कोई ताल्लुक नहीं है। भविष्य में उनसे कोई लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली एमसीडी में कब्जे को लेकर भाजपा ने कसी कमर

एमसीडी को मिलेगी मजबूत स्थाई समिति, 200 से अधिक प्रस्तावों का रास्ता साफ

**एमसीडी**

18 सदस्य समिति में चेयरमैन का पद हासिल करने के लिए भाजपा के पास पर्याप्त संख्या बल है।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** नगर निगम में सबसे ताकतवर होती है स्थायी समिति, लेकिन यह समिति नगर निगम के तीन कार्यकाल में अस्तित्व में नहीं आ पाई। इसकी वजह से नगर निगम के पास 200 से अधिक प्रस्ताव लंबित हैं। इसमें जनता और कर्मचारियों के साथ विकास से जुड़ी योजनाओं के भी प्रस्ताव शामिल हैं। इस बार स्थायी समिति के गठन के लिए मैदान पूरी तरह से तैयार हो चुका है। 18 सदस्यों वाली समिति में चेयरमैन का पद हासिल करने के लिए भाजपा के पास पर्याप्त संख्या बल है।

**समिति में हुए भाजपा के 11 सदस्यः** सत्या शर्मा की जीत के साथ उसके 11 सदस्य हो गए हैं। इसमें एक दिन पहले वार्ड समितियों के चुने गए आठ अध्यक्ष भी शामिल हैं। 12 जून को स्थायी समिति के चेयरमैन पद का चुनाव होगा। इसके बाद अन्य समितियों का गठन होगा, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्यान, ग्रामीण विकास सहित डेढ़ दर्जन से ज्यादा समितियां हैं। नगर निगम में पांच करोड़ से अधिक की योजनाओं और खर्चों के लिए स्थायी समिति से प्रस्ताव का पास होना अनिवार्य है। इसके बाद प्रस्ताव सदन में जाता है।

**5 करोड़ से अधिक काम पड़े ठपः** अभी तक स्थायी समिति नहीं होने से पांच करोड़ से अधिक के काम ठप पड़े थे। इसलिए कूड़ा निस्तारण की गति धीमी पड़ गई थी। तीनों लैंडफिल साइटों पर कूड़ा निस्तारण और मध्य व पश्चिमी जोन में कूड़ा उठाने के लिए एजेंसी के साथ समझौता भी नहीं हो पा रहा था। उपराज्यपाल ने विशेषाधिकार दे दिए थे, लेकिन अन्य योजनाएं शुरू नहीं पायी थीं। अस्थायी कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पहले पूरे साल की अनुमति स्थायी समिति और सदन से लेनी होती है।



## एनडीएमसी का संपत्ति कर के बिल जारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने एनडीएमसी क्षेत्र के सभी संपत्ति करदाताओं को वित्तीय वर्ष 2025झ्26 के वार्षिक संपत्ति कर के संबंध में एक महत्वपूर्ण संदेश जारी किया। एनडीएमसी अधिनियम, 1994 की धारा 70 के तहत, एनडीएमसी क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाली सभी भूमियों और भवनों की मूल्यांकन सूची विधिवत तैयार की गई है और प्रामाणिक की गई है। यह कार्य 16 अप्रैल 2025 को जारी सार्वजनिक सूचना के अनुरूप किया गया है। जहां कहीं एनडीएमसी उपविधियों 2009 के विरुद्ध याचिकाएं माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबित हैं, वहां सूचीबद्ध दर योग्य मूल्य अस्थायी हैं। ये प्रविष्टियां एनडीएमसी अधिनियम की धारा 63(1) के तहत जारी नोटिसों के निपटारे के पश्चात संशोधित की जाएंगी। करदाता संपत्ति की जानकारी अपने प्रॉपर्टी आइडेंटिफिकेशन नंबर को यूजर आईडी और नंबर को पासवर्ड के रूप में उपयोग कर लॉगिन कर सकते हैं।

# रोहिणी सेक्टर सात में गिरी इमारत, दो घायल और एक महिला फंसी

**आपदा**

इमारत के ढहते ही छह मजदूर बाहर आ गए। इनमें से दो घायल हो गए। यह तीन मंजिला इमारत थी।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** रोहिणी सेक्टर 7 में एक इमारत अचानक गिर गई। इसमें 3 से 4 लोग फंसे हुए हैं। सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने बचाव कार्य शुरू कर दिया है। घटना अभी आधे घंटे पहले की है। यह तीन मंजिला इमारत थी। बताया जा रहा है कि इमारत के अंदर मरम्मत का काम चल रहा था। तभी इमारत ढह गई। इमारत के ढहते ही 6 मजदूर बाहर आ गए। इनमें से दो घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। मलबे में एक महिला के फंसे होने की आशंका है। मलबा हटाने का काम जारी है। यह इमारत करीब 30 साल पुरानी है। ग्राउंड फ्लोर पर प्रॉपर्टी डीलर का ऑफिस है। फिलहाल पहली, दूसरी और तीसरी मंजिल पर कोई नहीं रहता था। बिल्डिंग में मरम्मत का काम चल रहा था। तभी यह हादसा हुआ। नॉर्थ रोहिणी थाना पुलिस, एमसीडी अधिकारियों समेत रोहिणी जिले के तमाम आला अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।






## महिला यात्री को घूरने पर एफआईआर रद्द

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** विमान में सह-यात्री पर लगातार घूरने का आरोप लगाते हुए महिला यात्री ने एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसे इस मामले के एक वर्ष बाद अब दिल्ली हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। दिल्ली हाई कोर्ट ने यह निर्णय दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते के आधार पर लिया। न्यायमूर्ति रवींद्र डुडेजा की पीठ ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है और इसे लंबा खींचने से कोई फायदा नहीं है। महिला यात्री ने एफआईआर को रद्द कराने के लिए सह-यात्री की ओर से याचिका दायर की गई थी, जिस पर सुनवाई चल रही थी। महिला यात्री ने अदालत में कहा कि उसने बिना किसी दबाव के मामले को सुलझा लिया है।

# मूलचंद चौराहे पर जाम लगने से दुर्घटना का डर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** सुगम यातायात के लिए मूलचंद चौराहे पर शुरू क्रास ट्रैफिक मूवमेंट अब ट्रैफिक विभाग की ही परेशानी बढ़ा रहा है। रिंग रोड पर आश्रम से एम्स आने-जाने के लिए अंडरपास और जेबी टिटो मार्ग से आईटीओ के लिए फ्लाईओवर सुनिश्चित करते हुए ट्रैफिक विभाग ने हाल ही में सर्फेस (जमीनी स्तर) पर क्रॉस मूवमेंट की व्यवस्था लागू की है। जगह-जगह इसके निर्देश वाला पोस्टर लगाकर अंडरपास व फ्लाईओवर के इस्तेमाल की हिदायत दी।

बावजूद इसके नए वाहन चालक या जल्दबाजी में लोग अंडरपास या फ्लाईओवर की बजाय सर्फेस का ही इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे जहां मूलचंद चौराहे पर जाम लग रहा है, वहीं दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है।

ट्रैफिक विभाग ने रिंग रोड पर लाजपत नगर से आगे डिवाइडर पर पोस्टर लगा रखे हैं। एम्स जाने वालों को अंडरपास का ही इस्तेमाल करने का स्पष्ट निर्देश है। वहीं अंडरपास के मुहाने पर भी पोस्टर लगाए हैं। ऐसा ही एम्स से आश्रम की ओर जाने वाले मार्ग पर भी किया गया है। वहीं टिटो मार्ग से आइटीओ आने व जाने वालों के लिए ऐसे ही निर्देश वाला पोस्टर लगाकर फ्लाईओवर के इस्तेमाल की हिदायत दी गई है। पोस्टरों के फांट और कलर एकदम से विजिबल नहीं हैं।




**रोड जाम**

जाम और दुर्घटना का लगा रहता है डर

अस्पष्ट निर्देशों के कारण होता है नियमों का उल्लंघन

इसके चलते वाहन चालक निर्देशों का पालन करने से चूक रहे हैं। क्रॉस मूवमेंट वाले चौराहे पर सीधे-सीधे निकलने की कोशिश कर रहे हैं। इससे दुर्घटना होने के चांस बढ़ गए हैं। दो जून को ऐसा ही हादसा हुआ। आश्रम की ओर से बाइक चालक अंडरपास की बजाय चौराहे पर आ गया और एम्स की तरफ जाने लगा। चिराग दिल्ली की ओर बढ़ा, जिससे उसकी बाइक सवार से टक्कर हो गई।

## वी3एस मॉल की तीसरी मंजिल पर लगी आग, कोई हताहत नहीं




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** लक्ष्मी नगर स्थित वी3एस मॉल की तीसरी मंजिल पर बुधवार को आग लग गई। दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग मॉल में बने फूड कॉर्नर में लगी थी। वहीं आग लगने की सूचना मिलते ही मॉल में अफरा तफरी मच गई। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

दमकल विभाग के अनुसार बुधवार सुबह 11.35 बजे कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि लक्ष्मी नगर स्थित वी3एस मॉल की तीसरी मंजिल में आग लगगई है। सूचना मिलते ही एक-एक कर दमकल की पांच गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

# दिल्लीवालों को मिलेगी अब शुद्ध बीयर आबकारी विभाग ने बनाए सख्त नियम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** दिल्ली में ताजी बीयर के बढ़ते चलन के बीच आबकारी विभाग ने भी इसको लेकर नियम सख्त कर दिए हैं, ताकि खुली और ताजी बीयर की गुणवत्ता का ख्याल रखा जा सके। इसके तहत दिल्ली सरकार ने शहर की माइक्रोब्रुअरीज को अपनी बीयर की गुणवत्ता को लेकर नियमों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। आदेश के मुताबिक, एल-11 लाइसेंस के तहत चल रही माइक्रोब्रुअरीज द्वारा उत्पादित बीयर को हर बार अधिकृत केमिस्ट द्वारा मानव उपभोग के लिए प्रमाणित करने के बाद ही बिक्री के लिए रखा जा सकेगा। आदेश में कहा गया है कि संचालकों को हर महीने एक बार बीयर के नमूने जांच के लिए आबकारी विभाग की प्रयोगशाला में भेजने होंगे और प्रयोगशाला की रिपोर्ट को अपने परिसर में प्रदर्शित करना होगा। आबकारी विभाग ने कहा कि लाइसेंसधारियों को ताजी बनी बीयर के प्रत्येक बैच के लिए रासायनिक परीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र भेजना होगा। माइक्रोब्रुअरीज स्थानीय स्तर पर तत्काल खपत के लिए कम मात्रा में बीयर बनाती हैं।



**गुणवत्ता**

दिल्ली सरकार ने माइक्रोब्रुअरीज को अपनी बीयर की गुणवत्ता को लेकर नियमों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है।

## दिल्ली में बकरों की जमकर खरीददारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** दिल्ली की ऐतिहासिक जामा मस्जिद के आसपास इन दिनों अलग ही रौनक देखने को मिल रही है। पूरा मीना बाजार अभी बकरों के खरीदारों से गुलजार है। वहीं, जालियों में कैद तीन फुट से ज्यादा की ऊंचाई के बकरे ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। बकरीद से पहले यहां बकरों का बाजार सज चुका है, जिसमें देश के अलग-अलग हिस्सों से लाए गए शानदार नस्लों के बकरे उपलब्ध हैं। इनकी कीमतें 40 हजार से शुरू होकर तीन लाख तक हैं। वहीं सबसे ज्यादा वजन का बकरा लगभग 2 क्विंटल का बताया जा रहा है। इस बार भी जामा मस्जिद के आस-पास की बकरों का बाजार लग गया है।

# केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मिले दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बुधवार को केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की। इस अवसर पर गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा को राष्ट्रीय महत्व की लिविंग हेरिटेज साइट के रूप में विकसित करने के लिए पर्यटन मंत्रालय से मार्गदर्शन एवं सहयोग का अनुरोध किया। विधानसभा अध्यक्ष ने बुधवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए यह जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने इस पहल की सराहना करते हुए मंत्रालय की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे शीघ्र ही पर्यटन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दिल्ली विधानसभा का दौरा करेंगे और परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक सहायता प्रदान करेंगे। बैठक के दौरान गुप्ता ने मंत्री को अवगत कराया कि विधानसभा सचिवालय द्वारा भवन की ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने एवं उसके महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विधानसभा परिसर को देश की समृद्ध विधायी परंपरा का प्रतीक बनाने की अपनी दूरदृष्टि साझा की। गुप्ता ने 20 मई 2025 को दिल्ली विधानसभा में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक का उल्लेख किया, जिसमें पर्यटन मंत्रालय के अधिकारियों ने भाग लिया था। उस बैठक में तकनीकी एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था। उन्होंने 23 मई को संस्कृति मंत्रालय व दिल्ली विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों के बीच हुई सकारात्मक बैठक को भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति बताया। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि वे शीघ्र ही दिल्ली विधानसभा का दौरा करेंगे और विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। और उनका पर्यटन मंत्रालय दिल्ली विधानसभा के ऐतिहासिक महत्व को पुनः स्थापित करने के को सहायता प्रदान देगा।

**मुलाकात**

दिल्ली विधानसभा को लिविंग हेरिटेज साइट के रूप में विकसित करने को सहयोग का दिया आश्वासन

# मुठभेड़ के बाद हिमांशु गैंग का बदमाश गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी इलाके में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मुठभेड़ के बाद हिमांशु भाऊ गैंग से जुड़े बदमाश को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने बदमाश के पैर में गोली मारी। घायल आरोपित की पहचान दीपक के रूप में हुई है। आरोपित रोहतक में हुई एक हत्या की वारदात में शामिल था। फिलहाल पुलिस टीम अब अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों हरियाणा के रोहतक में कुछ बदमाशों ने दर्जनभर राउंड फायरिंग कर एक शख्स की हत्या कर दी थी। हत्या की उस वारदात में कई लोग शामिल थे। इस वारदात के बाद से ही आरोपितों की तलाश में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम लगी हुई थी। आरोपितों की धरपकड़ के दौरान स्पेशल सेल की टीम को एक शख्स के रोहिणी में आने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर स्पेशल सेल में तैनात इंस्पेक्टर संदीप डबास की टीम ने बेगमपुर थाना अंतर्गत रोहिणी में जाल बिछाकर आरोपित को दबोच लिया। पुलिस अधिकारी के अनुसार पकड़े जाने के समय आरोपित भागने लगा।



## संदिग्ध परिस्थितियों में छात्र की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिमी जिले के किशनगढ़ इलाके स्थित आईआईटी दिल्ली के हॉस्टल में पढ़ाई कर रहे एक द्वितीय वर्ष के छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक छात्र बायोमैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग का विद्यार्थी था। उसका शव मंगलवार को उसके कमरे से बरामद किया गया। थाना किशनगढ़ पुलिस को 4 जून को सुबह एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें बताया गया कि छात्र कई घंटों से अपने कमरे से बाहर नहीं निकला है और दरवाजा अंदर से बंद है। सूचना मिलते ही एसएचओ किशनगढ़ अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

# बुजुर्गों को मिलेगी राहत, पेंशन मामलों का 15 दिन में निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने सभी जिलों के समाज कल्याण अधिकारियों व संबंधित कर्मचारियों के साथ बैठक की और वृद्धावस्था पेंशन के लंबित मामलों को अगले 15 दिनों के भीतर निपटाने के निर्देश दिए। मंत्री ने अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को भी लाभ प्रदान करने में मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करने के निर्देश दिए। बैठक में मंत्री ने कहा कि उन्होंने जिला कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया और लाभार्थियों से चर्चा की, इस दौरान उन्हें शिकायतें भी मिलीं। रविन्द्र इंद्राज ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिला कार्यालय में आने वाले आम जनता व लाभार्थियों को पूरी सुविधाएं मिलनी चाहिए। उनके आवेदनों का तय समय में निपटारा किया जाना चाहिए और लाभार्थियों को समय पर पेंशन मिलनी चाहिए। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि नवंबर में निकली वृद्धावस्था पेंशन की रिक्तियों के लंबित मामलों का अगले 15 दिनों के भीतर निपटारा किया जाना चाहिए।

**पेंशन**

समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने समाज कल्याण अधिकारियों के साथ बैठक की

# हत्या के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** द्वारका जिले के बिंदापुर इलाके में शादी में बाधा बने युवती के चचेरे भाई की लोहे के तार से गला घोंटकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद आरोपित मृतक का शव उसके घर के पास फेंककर बिहार भाग गया।

पुलिस ने छापेमारी कर बिहार के नवादा से आरोपित को दबोच लिया। उसकी पहचान नीतीश दास (24)के रूप में हुई है। उसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल लोहे का तार तथा घटना के समय पहने गए कपड़े बरामद किए गए हैं। द्वारका डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि 9 मई को बिंदापुर पुलिस को एक युवक की हत्या होने की पीसीआर कॉल मिली थी। शिकायतकर्ता बालेश्वर दास ने बताया कि किसी ने उनके बेटे अखिलेश की गला घोंटकर हत्या कर दी है। हत्या के बाद उनके बेटे का शव जेजे कॉलोनी सेक्टर 3 द्वारका में स्थित उनके घर के बाहर डाल दिया गया। हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। वारदात के खुलासे के लिए एंटी नारकोटिक्स सेल व बिंदापुर थाने की संयुक्त पुलिस टीम को लगाया गया।

**सीसीटीवी से की पहचान** पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की। एक फुटेज में संदिग्ध युवक का चेहरा नजर आया। स्थानीय लोगों की मदद से उसकी पहचान का प्रयास किया।



# कैंसर की नकली दवाइयां बेचने का भांडाफोड़, छह गिरफ्तार

**भांडाफोड़**

तीन जगहों पर छापेमारी कर छह लोगों गिरफ्तार। लाखों रुपये की नकली दवाएं बरामद की गई।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक ऐसे अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया है, जो कैंसर की नकली दवाएं बनाकर मरीजों को सस्ते में बेच रहा था। पुलिस ने एक साथ तीन जगहों पर छापेमारी कर छह लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके पास से लाखों रुपये की नकली दवाएं बरामद की गई हैं। क्राइम ब्रांच के डीसीपी विक्रम सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान नीरज कुमार, अनिल कुमार, धनेश शर्मा, धीरज कुमार, ज्योति ग्रोवर और प्रवीन कुमार के रूप में हुई है। उन्होने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर लक्ष्मीनगर, बुध विहार और चांदनी चौक इलाके में एक साथ छापेमारी की गई। जहां कुल 11 प्रकार की महंगी दवाएं बरामद की गईं। आरोपितों ने पूछताछ में खुलासा किया कि वे कैंसर से जूझ रहे मरीजों को सोशल मीडिया ग्रुप्स के जरिए निशाना बनाते थे। ये लोग असली दवाओं की तुलना में बेहद कम कीमत पर नकली दवाएं बेचते थे। 1.5 से 2 लाख रुपये की दवाएं ये 50-70 हजार रुपये में उपलब्ध कराते थे, लेकिन वो नकली होती थीं। इस गिरोह का मास्टरमाइंड नवीन आर्य पहले भी इस तरह के मामले में गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है। जेल से बाहर आने के बाद उसने फिर से इस नेटवर्क को खड़ा किया।




## लूटपाट के मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के चांदनी चौक स्थित कटरा नील इलाके में कपड़ा व्यापारी से हुई 35 लाख की लूट की वारदात को पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। पुलिस ने वारदात में शामिल चार आरोपितों को हरियाणा के रोहतक और उप्र के बागपत से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो पिस्टल और जिंदा कारतूस भी बरामद किए है। उत्तरी जिले के डीसीपी राजा बाठिया ने बताया कि 2 जून की दोपहर, चांदनी चौक के कटरा नील क्षेत्र में एक व्यापारी के यहां तीन नकाबपोश बदमाशों ने हथियार के बल पर 35 लाख रुपये की लूट की वारदात को अंजाम दिया था। सूचना मिलते ही लाहौरी गेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद व्यापारी के बयान के आधार पर मामला दर्ज कराया। पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला और 24 घंटे के भीतर इस वारदात में शामिल चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी ने बताया जेल में बंद रावण नामक बदमाश ने शेखर से जेल से बाहर जाकर सोशल मीडिया के जरिए बात करने को कहा था।

# हरियाणा सरकार ने उद्योगों को बढ़ावा देन को तैयार किया अनुकूल वातावरण

**उद्योग**

- हरियाणा बना राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय निवेशकों की पहली पसंद
- मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से किया आह्वान - हरियाणा में औद्योगिक इकाइयां स्थापित कर विकास में बनें भागीदार





**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश में एक अनुकूल और सुदृढ़ औद्योगिक वातावरण तैयार किया है। इसके परिणामस्वरूप हरियाणा न केवल राष्ट्रीय स्तर पर, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उद्योगों और कंपनियों की पहली पसंद बन चुका है। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से आग्रह किया है कि वे हरियाणा में अपनी औद्योगिक इकाइयां स्थापित कर प्रदेश की प्रगति और विकास में सक्रिय रूप से भागीदार बनें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार देर सायं अपने निवास स्थान संत कबीर कुटीर पर पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश व दिल्ली के प्रमुख उद्योगपति उपस्थित रहे। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसी भी प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए सड़क, रेल, हवाई कनेक्टिविटी एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का होना अनिवार्य है। उन्हें गर्व है कि हरियाणा में उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप ये सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। आज प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों की बड़ी कंपनियां अपनी इकाइयां स्थापित कर रही हैं, जिससे हरियाणा के औद्योगिक विकास को मजबूती मिल रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार और उद्योगपतियों के बीच सीधे संपर्क को मजबूत करने तथा उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए सरकार ने कई सुधार लागू किए हैं। उन्होंने कहा कि सिंगल विंडो सिस्टम से आगे बढ़कर सिंगल रूफ सिस्टम लागू किया गया है, जिसके तहत हर सेवा के लिए निश्चित समय सीमा निर्धारित की गई है। विभिन्न विभागों से मिलने वाली एनओसी की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है, जिसमें कम से कम 15 दिन और अधिकतम 45 दिन का समय निर्धारित किया गया है।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि उन्होंने वित मंत्री के रूप में वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तुत हरियाणा के बजट में औद्योगिक विकास और स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने के लिए अनेक घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 10 नये औद्योगिक मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) विकसित की जाएंगी जिसकी योजना बनाई जा रही है। इसके अलावा, नवोदित उद्यमियों को सहयोग देने के लिए सरकार स्टार्टअप इकोसिस्टम को बेहतर बना रही है। अनुसंधान और विकास तथा निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार फंड आफ फंड्स बना रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य की प्रौद्योगिकियों और नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि एक समावेशी बजट परिकल्पना को साकार करने के लिए उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों से बजट पूर्व परामर्श किया और उनके सुझाव आमंत्रित किए। इसी क्रम में उन्होंने उद्योगपतियों और स्टार्टअप्स से भी परामर्श लिया, उनके अनुभव जाने और सुझाव प्राप्त किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगपतियों और स्टार्टअप्स से मिले उत्कृष्ट सुझावों को बजट में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में हरियाणा की भागीदारी बढ़ाने के लिए नए-नए क्षेंत्रों को जोड़ने के साथ विकसित हरियाणा वर्ष 2047 के लिए प्रदेश सरकार का विजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य हरियाणा को 2047 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है। इसको हासिल करने के लिए उद्योग सहित सभी क्षेत्रों की सक्रिया भागीदारी आवश्यक है। गेटवे टू नॉर्दर्न इंडियाज इंडस्ट्रियल ट्रांसफॉर्मेशन पर वाइट पेपर का तथा ट्रेडिशनल क्राफ्ट ऑफ हरियाणा ऑन ग्लोबल रनवे का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने उपस्थित प्रमुख उद्योगपतियों से सुझाव लिए और प्रदेश सरकार की ओर से उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व, कार्यक्रम में पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष श्री हेमंत जैन तथा पंजाब चैप्टर के चेयरमैन श्री करण गिल्होत्रा ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

उन्होंने प्रदेश में उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध करवाने हेतु मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरूण गुप्ता, मुख्यमंत्री के राजनैतिक सचिव तरूण भंडारी, ओएसडी भारत भूषण भारती, विदेश सहयोग विभाग हरियाणा के सलाहकार पवन चौधरी सहित पीएचडी चैम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के पदाधिकारी और प्रमुख उद्योगपति उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण समय की जरूरत

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़।** हरियाणा के पर्यावरण एवं वन मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन के चलते आज पर्यावरण संतुलन एक वैश्विक चिंता का विषय बन गया है। इसी के चलते पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण समय की जरूरत बन गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ माँ के नाम से दूसरा अभियान चलाया है। हर किसी की जिम्मेवारी बनती है कि इस अभियान में अधिक से अधिक सहयोग दिया जाए। इस कड़ी में राव नरबीर सिंह चरखी दादरी में महेंद्रगढ़ रोड पर एक पेड़ माँ के नाम से पौधारोपण की शुरूआत करेंगे। साथ ही वे जनता विद्या मंदिर, गणपत राय, रासीवासिया महाविद्यालय परिसर में भी शिक्षण संस्थानों में विभाग द्वारा लगाए जा रहे पौधारोपण कार्यक्रम के तहत पौधारोपण करेंगे। इसके अलावा वे पर्यावरण बचाने के लिए सरकार द्वारा इलेक्ट्रॉनिक बसों के अधिक से अधिक संचालन कार्यक्रम के तहत इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी करेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि राव नरबीर सिंह पर्यावरण संरक्षण के प्रति अति संवेदनशील हैं और चरखी दादरी में पौधारोपण की शुरूआत वे प्रात: 8 बजे ही करेंगे। इसके बाद उपस्थित लोगों को पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण का संकल्प लेने का संदेश भी देंगे। उन्होंने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष इस दिवस को एक वृक्ष माँ के नाम 2.0 के रूप में मनाने की घोषणा की है। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक तालाबों व नदी किनारे व अन्य सार्वजनिक स्थानों की जमीन पर नीम, पीपल व बड़ पेड़ की त्रिवेणी लगाने का अभियान चलाया है। इससे पहले भी राव नरबीर सिंह ने वन मंत्री के रूप में वन महोत्स्व, सालगिरह, जन्मदिवस व दिवंगत माता-पिता की याद में लोगों से पौधा लगाने की अपील की थी। सेल्फी विद डॉटर अभियान की काफी सराहना हुई थी। उन्होंने बताया कि वन मंत्री का स्पष्ट संदेश है कि हर जिले में हर वर्ष 2 लाख तक पौधारोपण किया जाए और उनका 5 वर्ष तक संरक्षण किया जाए जब तक कि वे जड़ न पकड़ लें। विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर जिला प्रशासन, चरखी दादरी ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी कार्यालय की भजन मंडलियों ने भी अपने प्रचार-प्रसार कार्यक्रम के माध्यम से लोगों में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है और लोगों से अपील की है कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बढ़चढ़कर भाग लें।

### डॉ. सुमिता मिश्रा ने एडीए और डीडीए को ऑनलाइन स्थानांतरण नीति शुरू की

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ।** हरियाणा सरकार ने सहायक जिला अटॉर्नी (एडीए ) और उप जिला अटॉर्नी (डीडीए) के लिए ऑनलाइन स्थानांतरण नीति शुरू की। इस पहल का औपचारिक उद्घाटन आज हरियाणा की गृह, जेल, आपराधिक जांच और न्याय प्रशासन की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने किया। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन प्रणाली को निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से इन रिक्तियों को व्यवस्थित रूप से भरने के लिए डिजाइन किया गया है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि ऑनलाइन स्थानांतरण नीति में विशेष रूप से सहायक जिला अटॉर्नी (एडीए) और उप जिला अटॉर्नी (डीडीए) कैडर के कर्मचारियों को शामिल किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश में 185 एडीए कर्मचारी हैं, जिनमें से 117 को "डीम्ड " स्थानांतरण के लिए और 68 ने वॉलंटरी (स्वैच्छिक) स्थानांतरण का विकल्प चुना है। डीडीए कैडर के लिए 31 कर्मचारी हैं, जिनमें से 15 "डीम्ड" स्थानांतरण और 16 वॉलंटरी (स्वैच्छिक) आवेदक हैं। उन्होंने बताया कि डीडीए कैडर के 84% कर्मचारियों और एडीए कैडर के 76% कर्मचारियों को उनके द्वारा चुने गए पहले पांच पसंदीदा स्टेशनों में से अपना स्टेशन मिल गया है। डॉ. सुमिता मिश्रा ने इस अवसर पर बताया कि ऑनलाइन स्थानांतरण नीति की यह पहल सुशासन और कर्मचारी-केंद्रित प्रशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के प्रशासनिक आधुनिकीकरण के व्यापक उद्देश्य को प्रदर्शित करता है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह डिजिटल प्लेटफॉर्म कर्मचारियों और विभाग दोनों को कई लाभ प्रदान करेगा। यह मैनुअल हस्तक्षेप को समाप्त करता है, प्रशासनिक आवश्यकताओं और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं दोनों को ध्यान में रखते हुए पूर्वनिर्धारित मानदंडों के आधार पर समय पर स्थानांतरण सुनिश्चित करता है। कर्मचारी अब पोर्टल के माध्यम से स्वैच्छिक रूप से स्थानांतरण के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## 'वन नेशन-वन राशन कार्ड योजना में हरियाणा लगातार अग्रणी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़।** केंद सरकार की 'एक राष्ट्र-एक राशन कार्ड' योजना के अंतर्गत हरियाणा प्रदेश में पिछले करीब पांच सालों में अन्य राज्यों के 22,93,961 लाभार्थी अपने हक में राशन सामग्री प्राप्त कर चुके हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री श्री राजेश नागर ने बताया कि 'वन नेशन- वन राशन कार्ड' योजना के अंतर्गत लेन - देन की संख्या में हरियाणा हमेशा पहले अथवा दूसरे स्थान पर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 'वन नेशन - वन राशन कार्ड' योजना के अंतर्गत राशन का लेन-देन हर महीने बढ़ रहा है। राज्य मंत्री श्री नागर ने बताया कि इसी उद्देश्य से, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के कॉल सेंटर में एक टोल फ्री नंबर 14445 और 1800 -180 - 2405 उपलब्ध है। इस नंबर पर कॉल करके राज्य के बाहर का कोई भी लाभार्थी 'वन नेशन-वन राशन कार्ड' के तहत पूछताछ कर सकता है। 'एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड योजना' के अंतर्गत हरियाणा में सितम्बर 2019 से लेकर अब तक अन्य प्रदेशों के कुल 22,93,961 लाभार्थियों ने अपने हक में राशन का लेनदेन किया है। हरियाणा पिछले पांच सालों में अधिकतर माह अग्रणी स्थान बनाए रखा है।

## मोदी के नेतृत्व में भारत की ताकत बढ़ रही है : सतीश पूनिया



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़।** मोदी सरकार के 11 साल-संकल्प से सिद्धि तक लोकसभा स्तर की कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने मोदी सरकार के 11 साल में भारत को दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता देश बताया। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की सैन्य शक्ति और आर्थिक ताकत तेजी से बढ़ रही है। जबकि प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए ऑपरेशन सिंदूर को भारत की बढ़ती सामरिक शक्ति का प्रतीक बताया। सोनीपत भाजपा कार्यालय में आयोजित इस कार्यशाला में अन्य नेताओं ने मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की। इस कार्यशाला में संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, मंत्री राजेश नागर, राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, विधायक देवेंद्र अत्री, विधायक निखिल मदान, विधायक पवन खरखौदा, पूर्व मंत्री बिशम्बर वाल्मीकि, कार्यशाला के संयोजक सतीश नांदल, सोनीपत मेयर राजीव जैन, सोनीपत जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, जींद जिला अध्यक्ष तेजेन्द्र ढुल, गोहाना जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने भी अपने विचार रखे। संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने संगठनात्मक विषयों पर कार्यकताओं को जानकारी दी। भाजपा प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष ने सोनीपत जिला भाजपा कार्यालय परिसर में ह्णएक पेड़ माँ के नामह्न कार्यक्रम के तहत पौधारोपण भी किया।

भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में संकल्प से सिद्धि के लक्ष्य के प्रति संकल्पित होकर देश के सभी वर्गों के उत्थान लिए चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर, सशक्त और मजबूत हो रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की सैन्य शक्ति और आर्थिक ताकत तेजी से बढ़ रही है।

## राष्ट्रीय स्तर के शहरी स्थानीय निकाय सम्मेलन की मेजबानी करेगी हरियाणा



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा को एक और बड़ी जिम्मेदारी मिली है। लोक सभा सचिवालय ने राष्ट्रीय स्तर के शहरी स्थानीय निकायों के सम्मेलन की मेजबानी हरियाणा विधान सभा को सौंपी है। लोक सभा ने इसके लिए हरियाणा विधान सभा को बाकायदा पत्र लिख कर इस सम्मेलन के लिए समुचित व्यवस्थाएं करने के लिए कहा है। शहरी स्थानीय निकायों की राष्ट्रीय स्तर की दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस 3 और 4 जुलाई को गुरुग्राम में होनी तय हुई है। कॉन्फ्रेंस का आयोजन लोक सभा और हरियाणा विधान सभा सचिवालय के संयुक्त तत्त्वावधान में होगा। हरियाणा विधान सभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने इस आयोजन को गंभीरता से लेते हुए इसके लिए समुचित प्रबंध करने के निर्देश जारी किए हैं। इस सिलसिले में लोक सभा, विधान सभा सचिवालय, शहरी स्थानीय निकाय विभाग और गुरुग्राम जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बारे में विधान सभा सचिवालय ने हरियाणा सरकार को भी सूचित कर दिया है।

## पानीपत के मुनीम से 29 लाख रुपये लूटे

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत।** पानीपत-खटीमा हाइवे पर समालखा बाईपास के पास मंगलवार की रात नूरवाला स्थित धामा फैक्टरी के मुनीम से बदमाशों ने जीएसटी अधिकारी बनकर 29 लाख रुपये लूट लिये। घटना की सूचना पर डीआईजी सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूछताछ की। पानीपत नूरवाला के रहने वाले मुनीम सुखनाम ने पुलिस को बताया कि वह पानीपत की धागा फैक्ट्री में मुनीम है। फैक्टरी के मालिक ललित कुमार हैं। मंगलवार को चालक अनिल के साथ कार में सवार होकर पानीपत आ रहा था।

## पंजाब का एक और यूट्यूबर जासूसी में हुआ गिरफ्तार

**जासूसी**

- पुलिस की जांच में सामने आया है कि वह आईएसआई एजेंट शाकिर उर्फ जट्ट रंधावा के संपर्क में था।

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में यूट्यूबर जसबीर सिंह को गिरफ्तार किया है। जसबीर सिंह रूपनगर के महलां गांव का रहने वाला है और उसके यूट्यूब चैनल 'जान महल' पर 10 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर्स हैं। वह 3 बार पाकिस्तान जा चुका है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि वह आई एस आई एजेंट शाकिर उर्फ जट्ट रंधावा के संपर्क में था। साथ ही हरियाणा से गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा और पाकिस्तानी उच्चायोग से निष्कासित अधिकारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश से भी संपर्क में था। स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल के पुलिस उपाधीक्षक पवन शर्मा ने कहा कि जसबीर सिंह के खिलाफ मोहाली में केस दर्ज किया गया है। बुधवार को उसे कोर्ट में पेश कर 3 दिन की रिमांड पर लिया गया है। डी जी पी गौरव यादव ने बताया कि जसबीर सिंह दानिश के न्योते पर दिल्ली में आयोजित पाकिस्तान नेशनल डे के कार्यक्रम में शामिल हुआ था। यहां उसकी मुलाकात पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों और ब्लॉगर्स से हुई थी। वह साल 2020, 2021 और 2024 में पाकिस्तान जा चुका है। पुलिस का कहना है कि जांच में उसके इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स में कई पाकिस्तान आधारित नंबर और अन्य डेटा मिला है। उसने कुछ डेटा डिलीट भी किया हुआ है। उसके फोन और लैपटॉप को फोरेंसिक जांच के लिए लैब भेजा गया है। ज्योति के गिरफ्तार होने के बाद पुलिस को जसबीर सिंह पर शक हुआ था। जसबीर सिंह ने अपने यूट्यूब चैनल पर पाकिस्तान से संबंधित कई वीडियो अपलोड किए हैं। इनमें अटारी बॉर्डर से पाकिस्तान में प्रवेश करने का एक वीडियो भी शामिल है। कुछ वीडियो में उसने लाहौर की गलियों और पाकिस्तान की सुंदरता का बखान किया है। इसके अलावा जसबीर ने एक भारतीय लड़की की पाकिस्तान यात्रा और वहां के लोगों के साथ उसके अनुभवों को भी साझा किया है। करतारपुर साहिब की यात्रा पर भी उसने ब्लॉग बनाया है। एक अन्य वीडियो में उसने बताया है कि पाकिस्तान में उसे विशेष सम्मान मिला और प्रशंसकों ने उसका स्वागत किया। पंजाब पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने बीते एक महीने में पंजाब से 8 लोगों को

## ग्रीन हाइड्रोजन भविष्य के विकास का आधार: नायब सैनी



**बिमोचन**

- दस्तावेज हरियाणा: उत्तरी भारत के औद्योगिक परिवर्तन का प्रवेश द्वार का विमोचन किया।

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पीएचडीसीसीआई की नीति सलाहकार भूमिका की प्रशंसा करते हुए बताया कि राज्य सरकार एआई, ग्रीन हाइड्रोजन और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों को भविष्य के विकास के प्रमुख आधार मानती है। मुख्यमंत्री मंगलवार की रात चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 200 से अधिक प्रमुख उद्योगपतियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर पीएचडीसीसीआई द्वारा तैयार दस्तावेज हरियाणाः उत्तरी भारत के औद्योगिक परिवर्तन का प्रवेश द्वार का विमोचन किया। इस दस्तावेज में हरियाणा की रणनीतिक स्थिति, नीति सुधार, प्रमुख सेक्टरों में अवसर और औद्योगिक विकास की व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष हेमंत जैन ने मुख्यमंत्री की बिना पर्ची, बिना खर्ची जैसी पारदर्शी और जनहितैषी पहलों की सराहना की। उन्होंने विजन 2047 का उल्लेख करते हुए राज्य को एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने और 50 लाख रोजगार सृजित करने के रोडमैप को साझा किया। उन्होंने इन्वेस्ट हरियाणा कार्यक्रम को पीएचडीसीसीआई को संस्थागत साझेदार बनाने का प्रस्ताव भी रखा।

## जननायक जनता पार्टी ने की संगठन के 36 पदाधिकाधिकारियों की घोषणा



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन नवनिर्माण के तहत कई पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण नियुक्तियां की है। जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा ने वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श करके 36 पदाधिकारियों की नियुक्तियों की सूची जारी की। जेजेपी द्वारा दिग्विजय सिंह चौटाला को युवा प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी गई हैं। प्रो. रणधीर चीका को प्रदेश प्रधान महासचिव बनाया हैं। महिला प्रकोष्ठ में डॉ. किरण पूनिया को प्रदेश प्रभारी और रजनी दहिया मलिक को महिला प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी हैं। जेजेपी ने बीसी सेल के प्रदेश प्रभारी के पद पर धर्मपाल प्रजापत रिटायर्ड एक्सईएन और राजेश सैनी को बीसी सेल के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया हैं। पूर्व विधायक रमेश खटक को एससी सेल का प्रदेश प्रभारी और एडवोकेट सुरेंद्र भागीराम को एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष की कमान दी गई हैं। जेजेपी किसान सेल में रोशन ढांडा प्रदेश प्रभारी और नरेश द्वारका प्रदेश अध्यक्ष होंगे। रविंद्र सांगवान को प्रदेश कार्यालय सचिव बनाया हैं। इनके अलावा जेजेपी ने हलका प्रभारी के पद पर लाडवा में संदीप लाडा, नांगल चौधरी में विनोद भील और फिरोजपुर झिरका में शमसुद्दीन को नियुक्त किया हैं। वहीं हलका अध्यक्ष के पद पर गुहला में हरपाल सिंह विर्क, कलायत में सेवा सिंह बालू शामिल रहे।

## जनता के साथ खेल रही है भाजपा सरकार, हर वर्ग परेशान: सैलजा

### प्रदेश की भाजपा सरकार जनता के साथ पोर्टल-पोर्टल खेल रही है, हर काम के लिए पोर्टल अनिवार्य कर दिया गया है



**पोर्टल**

- भाजपा सरकार खुद ही पोर्टल पर ध्यान नहीं दे रही है, सीएम विंडो मजाक बनकर रह गई है

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार जनता के साथ पोर्टल-पोर्टल खेल रही है, हर काम के लिए पोर्टल अनिवार्य कर दिया गया है जबकि पोर्टल पर कोई काम नहीं हो रहा है, युवा न तो नौकरी के लिए आवेदन कर पा रहे है और न ही जाति, आवास आदि प्रमाण-पत्र बन पा रहे है। सरकार खुद ही पोर्टल पर ध्यान नहीं दे रही है, सीएम विंडो मजाक बनकर रह गई है, एक-एक साल बाद शिकायतें का उठाया जा रहा है जबकि शिकायत निवारण के लिए एक माह का समय निर्धारित किया गया है। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार ने हर काम के लिए पोर्टल बनाया हुआ है, किसान को अपनी फसल का ब्यौरा मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर डालना होता है, नौकरी के लिए आवेदन सरल पोर्टल पर करना होता है, कोई भी प्रमाण पत्र बनवाना हो पोर्टल पर जाना होगा। सर्वर की गति सरकार से भी बहुत ढीली है जिसके कारण जब देखो तब सर्वर डाउन मिलता है, ऐसे में प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वालों के लिए सरल पोर्टल इन दिनों कठिन बन गया है। संयुक्त पात्रता परीक्षा (सीईटी)-2025 के लिए आवेदन करने को अभ्यर्थियों को प्रमाण-पत्र बनवाने की आवश्यकता है। इसलिए सरल पोर्टल पर प्रमाण-पत्र बनवाने वालों की संख्या तीन से चार गुना तक बढ़ गई है। बोझ पड़ने से सरल पोर्टल का सर्वर डाउन हो गया है। प्रमाण पत्र न बनने से प्रदेश के हजारों सीईटी अभ्यर्थी व कॉलेजों में दाखिला लेने वाले हजारों छात्र परेशान हैं। सांसद सैलजा ने कहा कि सीईटी में आवेदन के साथ आय, जाति, आवास आदि प्रमाण-पत्रों की आवश्यकता है। दूसरी प्रतियोगी व प्रवेश परीक्षाओं के अभ्यर्थी भी प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए आवेदन कर रहे हैं। कॉलेजों में भी प्रवेश के लिए प्रमाण-पत्र बनवाए जा रहे हैं। सरकार के पास एक ही जवाब होता है कि तकनीकी खामी के चलते सरल पोर्टल पर लोगों को परेशानी सामने आ रही है। और न ही सीईटी पर पंजीकरण कर हो रहा।

# महिलाओं का आर्थिक रूप से स्वतंत्र व आत्मनिर्भर होना जरूरी: हरविंद्र कल्याण

**कल्य र्ग**

**महिलाएं देश की प्रगति में निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका : विजया राहटाकर**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा मंगलवार को यहां मंगलसेन ऑडिटोरियम में मेरा राष्ट्र, मेरी जिम्मेदारी विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण व राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटाकर बतौर मुख्य अतिथि तथा स्थानीय विधायक जगमोहन आनंद, मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीन लाठर ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने की।

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि देश की मजबूती के लिए विकास के साथ-साथ नागरिकों का जागरूक, परिश्रमी और मेहनती होना भी जरूरी है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि राष्ट्रीय व राज्य महिला आयोग इस दिशा में उचित कार्य कर रहे हैं। उन्होंने झांसी की रानी, अहिल्याबाई होल्कर, कल्पना चावला, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और कर्नल सोफिया व कर्नल व्योमिका जैसी वीर महिलाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत का इतिहास और संस्कृति को हमेशा महिलाओं से प्रेरणा मिलती रही है।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरियाणा की भूमि से ही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत की थी, जिसके सफल परिणाम देखने को मिल रहे हैं। प्रदेश में लिंगानुपात में काफी सुधार आया है। हरविंद्र कल्याण ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाले एक अच्छे वातावरण की आवश्यकता है। एक विकसित राष्ट्र का सपना तभी साकार होगा जब हर महिला आर्थिक रूप से स्वतंत्र व आत्मनिर्भर होगी।

उन्होंने कहा कि महिला शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को मिले 33 प्रतिशत आरक्षण को निर्णय लिया गया है, जिससे राजनीति में महिलाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित होगी।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश के विकास के लिए जीएसटी, यूपीआई और एक देश एक राशन कार्ड जैसे कई बदलाव किए गए है। आज वे एक राष्ट्र एक चुनाव का समर्थन करते हैं। इससे देश का समय और संसाधन बचेगा, जो वर्तमान में बार-बार होने वाले चुनावों में व्यर्थ होता है।

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर ने कहा कि महिलाएं देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा महिला आयोग महिलाओं को न्याय, शक्ति और आत्मनिर्भरता दिलाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने हरियाणा के लिंगानुपात में आए सकारात्मक बदलाव की सराहना करते हुए कहा कि कभी सबसे कम लिंगानुपात के लिए कुख्यात रहा हरियाणा अब बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान में एक अग्रणी उदाहरण बन गया है, जो दृढ़ संकल्प से बड़े बदलाव की संभावना दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में महिलाओं के लिए नए कानून बनाए गए है, जिनमें यौन उत्पीड?, घरेलू हिंसा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) के साथ-साथ तीन तलाक के खिलाफ कानून शामिल है। ये कानून देशभर में बेटियों की सक्रिय रूप से रक्षा और सशक्तिकरण कर रहे हैं।

# विधायक के साथ एसपी से मिले व्यापारी

**फायरिंग**

**चार चमन फायरिंग मामला, सीसीटीवी फुटेज में गोली चलाते दिखे युवक**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। शहर के चार चमन इलाके में मोबाइल कम्युनिकेशन के सामने हवाई फायरिंग करके एक करोड़ की फिरौती मांगने वाले बाइक सवार बदमाशों का 24 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं लगा है। हवाई फायरिंग की घटना से शहर के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। मंगलवार को सभी व्यापारी विधायक जगमोहन आनंद के साथ करनाल के लघु सचिवालय में एसपी गंगाराम पुनिया से मिले। एसपी ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि पुलिस आरोपियों तक पहुंचने के लिए लगातार कार्य कर रही है और जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। साथ ही घटना का एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपी युवक दुकान के बाहर फायरिंग करते हुए नजर आ रहे है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर भी आरोपियों तक पहुंचने के प्रयास कर रही है। इसके साथ ही पुलिस ने मोबाइल शॉप पर सुरक्षा बढा दी है।

सोमवार की रात करनाल के चार चमन इलाके में दो बाइक सवार बदमाशों ने हवाई फायर किए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोनों युवकों के पास अलग-अलग पिस्टल थी। एक युवक बाइक पर बैठे-बैठे फायर करता रहा, जबकि दूसरा उतरकर दुकान के बाहर गोलियां चलाता रहा। उन्होंने दुकान का दरवाजा खोलकर एक पर्ची भी अंदर फेंकी। तीसरी गोली चलाने की कोशिश की गई, लेकिन पिस्टल काम नहीं कर पाई। इसके बाद दोनों युवक मौके से फरार हो गए।

मंगलवार को विधायक जगमोहन आनंद और व्यापारी एसपी ऑफिस पहुंचे और पूरे मामले को लेकर अपडेट लिया। जहां पर पुलिस अधीक्षक ने आश्वास्त किया कि आरोपियों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। वहीं व्यापारियों का कहना है कि संदीप नागपाल की शॉप के बाहर फायरिंग की गई और पर्ची डालकर लगभग एक करोड़ की फिरौती मांगी गई। इस तरह से तो व्यापारी काम ही नहीं कर पाएंगे। आरोपियों को जल्द पकड़ा जाए और कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

एसपी ऑफिस में व्यापारियों के साथ पहुंचे विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि मोबाइल शॉप के बाहर फायरिंग की जानकारी उन्हें मिली थी और इसके बाद से ही उन्होंने एसपी से बातचीत की थी। आज व्यापारियों के साथ एसपी ऑफिस में पहुंचे है।

# एक्वस ने गोपनीय आधार पर आईपीओ के लिए आवेदन किया

**नोएडा ।** एक्वस लिमिटेड (एक्वस), जो एयरोस्पेस और उपभोक्ता क्षेत्रों के लिए पूरी तरह से एकीकृत, सटीक विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने वाला विश्व विनिर्माण मंच है, ने 3 जून 2025 को प्रकाशित सार्वजनिक घोषणा विज्ञापन के अनुसार शेयर बाजार नियामक, सेबी और स्टॉक एक्सचेंजों के साथ गोपनीय आधार पर आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) पहले से दाखिल कर दिया है।

एक्वस लिमिटेड के निदेशक मंडल ने हाल ही में अपनी नियामक फाइलिंग के अनुसार, अपनी स्थिति को एक सार्वजनिक कंपनी में बदलने और इसका नाम एक्वस प्राइवेट लिमिटेड से बदलकर एक्वस लिमिटेड करने के अनुमोदन के लिए एक प्रस्ताव पारित किया। सूत्रों और पिछली मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कंपनी कथित तौर पर $200 मिलियन का आईपीओ लॉन्च करने की योजना बना रही है। कंपनी की विनियामक फाइलिंग के अनुसार, इस ऑफर में इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू और एक ऑफर फॉर सेल घटक दोनों शामिल होंगे। कंपनी ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। आईपीओ के लिए बुक रनिंग लीडिंग मैनेजर कथित तौर पर कोटक महिंद्रा कैपिटल, जेएम फाइनेंशियल और आईआईएफएल कैपिटल हैं। कंपनी के संचालन को बढ़ाने के लिए पिछले कुछ वर्षों में एक्वस को अपने प्रमोटरों से महत्वपूर्ण इक्विटी प्राप्त हुई है। इसके अतिरिक्त, इसने सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी के अनुसार, एमिकस कैपिटल, अमांसा कैपिटल, स्टीडव्यू कैपिटल, कैटामारन (इन्फोसिस के संस्थापक एन.आर. नारायण मूर्ति का पारिवारिक कार्यालय), स्पार्टा ग्रुप और देश देशपांडे के निवेश कार्यालय जैसे वैश्विक निवेशकों को आकर्षित किया है। कंपनी पीई निवेशकों से सीसीपीएस के रूप में लगभग 586 करोड़ की बाहरी फंडिंग जुटाने में सक्षम थी, जिसका उपयोग कंपनी द्वारा 5 जुलाई, 2024 की केयरएज रेटिंग रिपोर्ट के अनुसार संचालन के बढ़ते पैमाने को निधि देने के लिए किया जाएगा।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलाहर में योगा कैंप आयोजित

**रादौर(कुलदीप सैनी) :** भारतीय भाषा उत्सव 2025 के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलाहर में एक दिवसीय योगा कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. रमेश कुमार ने मुख्य अतिथि व योग शिक्षक के रूप में भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों व शिक्षकों को तनाव मुक्त जीवन, स्मरण शक्ति बढ़ाने और एकाग्रता सुधारने के यौगिक उपाय बताए। योग शिविर का उद्देश्य छात्रों को मानसिक तनाव से राहत देना, परीक्षा भय कम करना व स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना रहा। योग प्रशिक्षक द्वारा विद्यार्थियों को लाभकारी योगासन कराए गए।

विद्यालय प्रधानाचार्य मुकेश रोहिल ने योग को जीवन में संतुलन व शांति का माध्यम बताया। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ के सदस्यों ने भी योग के महत्व पर विचार साझा किए।

# इंडियन पब्लिक स्कूल में मूल्य शिक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर (कुलदीप सैनी) :** इंडियन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका मुख्य विषय "मूल्य शिक्षा" रहा। इस प्रशिक्षण का संचालन प्रसिद्ध प्रेरक वक्ता एवं शिक्षाविद् कपिल बत्रा ने किया। कपिल बत्रा अर्थशास्त्र एवं व्यवसाय अध्ययन में लगभग 25 वर्षों का अनुभव रखते हैं और सीबीएसई के लिए एक संसाधन व्यक्ति के रूप में कार्यरत हैं। वर्ष 2019 से वह देशभर में शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान बत्रा ने शिक्षकों को जीवन में मूल्यों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसमें नैतिक मूल्यों का समावेश भी अनिवार्य है। उन्होंने सत्य, ईमानदारी, सकारात्मक सोच, अनुशासन, अहिंसा, समय प्रबंधन, आदर, कर्तव्य पालन, दयालुता और विनम्रता जैसे जीवन मूल्यों को प्रभावशाली उदाहरणों के माध्यम से समझाया।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को इन मूल्यों को कक्षा शिक्षण में शामिल करने की विधियां भी बताई गईं, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर नागरिक बनाया जा सके। कपिल बत्रा ने कहा कि जीवन में इन मूल्यों को अपनाकर ही विद्यार्थी न केवल एक सफल छात्र, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक बन सकता है।

विद्यालय प्रबंधन ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को नए दृष्टिकोण और शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराते हैं, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होता है।

## संक्षिप्त खबरें

### आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के हमीरपुर के 8 छात्र जेईई एडवांस्ड 2025 में टॉप स्कोरर बने

हमीरपुर : राष्ट्रीय स्तर की टेस्ट तैयारी सेवा प्रदाता आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (ऐ ई एस एल ) ने गर्व के साथ घोषणा की है कि हमीरपुर के इसके तीन छात्र प्रतिष्ठित जेईई एडवांस्ड 2025परीक्षा में टॉप स्कोरर बने हैं, जो कि भारत की सबसे कठिन इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक है।यह परिणाम आई आई टी कानपुर द्वारा घोषित किए गए हैं।इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से छात्रों की मेहनत, समर्पण और ऐ ई एस एल के विशेषज्ञ शिक्षकों एवं व्यापक पाठ्यक्रम द्वारा दी गई सशक्त अकादमिक सहायता का प्रमाण मिलता है।उल्लेखनीय छात्र हैं, अर्पित शर्मा जिन्होंने आल इंडिया रैंकिंग 3096 प्राप्त किया, तन्मय कौशल जिन्होंने आल इंडिया रैंकिंग 10,265 प्राप्त किया, सुहानी सोनी जिन्होंने आल इंडिया रैंकिंग 21,880 प्राप्त किया, उज्वल चौहान जिन्होंने आल इंडिया रैंकिंग 17648 प्राप्त किया, निश्चय जिन्होंने आल इंडिया रैंकिंग 23,492 प्राप्त किया, आर्यन चौहान जिन्होंने आल इंडिया रैंकिंग 30,506 प्राप्त किया, सूर्यांश पटियाल जिन्होंने आल इंडिया रैंकिंग 31,056 प्राप्त किया और हिमानी कौंडल शामिल है।ये छात्र ऐ ई एस एल के कक्षा कार्यक्रम का हिस्सा थे, जो विशेष रूप से जेईई अडवांस्ड की तैयारी के लिए डिजाइन किया गया है।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने फॉर्च्यूनर और लीजेन्डर नियो ड्राइव 48वी वेरिएंट लॉन्च किए

**शिमला :** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने फॉर्च्यूनर और लीजेंडर को नए नियो ड्राइव अवतार/ग्रेड में पेश करने की घोषणा की।48 वोल्ट के उन्नत सिस्टम से युक्त नए नियो ड्राइव वेरिएंट ईंधन की खपत के लिहाज से बेहतर हैं,ड्राइविंग प्रदर्शन अच्छा है और अधिक आराम प्रदान करते हैं . शहरी परिस्थितियों और ऑफरोड स्थितियों में अधिक परिष्कृत अनुभव प्रदान करते हैं। सेल्स सर्विस यूज्ड कार बिजनेस के उपाध्यक्ष वरिंदर वाधवा ने कहा कि जैसे जैसे भारत में एसयूवी बाजार लगातार बढ़ रहा है ग्राहक उन्नत सुविधाओं और अलग अलग स्टाइल की मांग कर रहे हैं फॉरच्यूनर और लीजेंडर दोनों अपने बोल्ड डिजाइन,शक्तिशाली प्रदर्शन और व्यापक सुविधाओं के साथ इन अपेक्षाओं को पूरा करते हुए आगे बढ़ रहे हैं जो विविध उपयोगकताओं की जरूरतों को सहजता से पूरा करते हैं।नियो ड्राइव 48वी ग्रेड की शुरूआत हमारी यात्रा में एक और मील का पत्थर है। सेगमेंट के पहले के रूप में यह ग्राहकों की बदलती जीवनशैली के साथ तालमेल बैठाने वाली हमेशा बेहतर कारें देने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है साथ ही कार्बन तटस्थता के प्रति टोयोटा के बहु मार्ग दृष्टिकोण को भी मजबूत करता है। व्यावहारिक भविष्य के लिए तैयार गतिशीलता समाधानों के माध्यम से हम ग्राहक मूल्य को बढ़ाने और अधिक टिकाऊ कल के लिए सार्थक रूप से योगदान करने का प्रयास करते हैं।

### टीवीएस मोटर कंपनी इंडियन नेशनल मोटरसाइकिल रेसिंग चैंपियनशिप 2025 में रेस मशीन निर्माता बनी

**मंडी :** भारतीय मोटरस्पोर्ट्स के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण में टीवीएस मोटर कंपनी को 2025 इंडियन नेशनल मोटरसाइकिल रेसिंग चैंपियनशिप की प्रो स्टॉक 200 क्लास के लिए आधिकारिक रेस मशीन प्रदाता के रूप में नामित किया गया है। यह चैंपियनशिप 6 से 8 जून तक एम आई सी चेन्नई में आयोजित की जाएगी। यह पहली बार है जब किसी ब्रांड को राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए विशेष रूप से रेस ट्यून मोटरसाइकिल डिजाइन,विकसित और उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह उपलब्धि टीवीएस मोटर की रेसिंग प्रतिबद्धता और नेतृत्व को दर्शाती है। इस पहल से स्वतंत्र रेसर्स के लिए रेसिंग में भाग लेना अधिक सुलभ और किफायती हो जाएगा जिससे फ एम एस सी आई और एम एम एस सी की प्रतिस्पर्धात्मक मोटरस्पोर्ट को व्यापक बनाने की सोच को बल मिलेगा।आईएनएमआरसी 2025 में नेशनल चैम्पियनशिप प्रो स्टॉक 200 प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने और स्वतंत्र रेसिंग टीमों का समर्थन करने के लिए एमआईसी द्वारा पेश किया गया एक नया और रोमांचक प्रारूप है।

# भारतीय मेडटेक स्टार्ट अप एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल को न्यूयॉर्क के नास्दाक पर किया गया सूचीबद्ध

**शिमला :** विश्वस्तरीय मंच पर भारतीय मेडिकल टेक्नोलॉजी को नया आयाम देते हुए स्वदेशी एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम का निमार्ता एसएस इनोवेशन्स आज न्यूयॉर्क सिटी में नास्दाक मार्केट साईट के साथ जुड़ गया है। कंपनी के शेयर्स को टिकर सिंबल एसएसआईआई के तहत सूचीबद्ध किया गया है।कार्यक्रम का नेतृत्व एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल के संस्थापक चेयरमैन एवं सीईओ डॉ सुधीर श्रीवास्तव ने किया।उनके साथ कंपनी की मैनेजमेन्ट टीम,बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सदस्य,मुख्य सलाहकार और विशेष अतिथि भी मौजूद रहे। यह उपलब्धि भारत के लिए गौरव का पल है जो आधुनिक मेडिकल टेक्नोलॉजी में देश के बढ़ते नेतृत्व तथा भारतीय मूल के स्वास्थ्यसेवा समाधानों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिल रही लोकप्रियता की पुष्टि करती है।एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल ने अपने चिकित्सकीय रूप से प्रमाणित एवं पेटेंटेड एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम के साथ उल्लेखनीय प्रगति की है जिसे देश भर की 75 लोकेशनों में 80 अस्पतालों में इंस्टॉल किया जा चुका है।कंपनी ने नेपाल,इक्वाडोर, ग्वाटेमाला,फिलीपीन्स,इंडोनेशिया,श्री लंका और युक्रेन में अंतर्राष्ट्रीय मौजूदगी भी स्थापित की है।100 से अधिक सर्जिकल प्रक्रियाओं में 4000 से अधिक रोबोटिक सर्जरियों को सफलतापूर्वक अंजाम देने के बाद एसएसआई मंत्रा ने किफायती एवं आधुनिक रोबोटिक सर्जरी को बड़ी संख्या में मरीजों तक पहुंचाया है।आने वाले समय में यूरोप और यूएस में विस्तार की योजनाओं के साथ एसएस इनोवेशन्स ने मेडिकल रोबोटिक्स के क्षेत्र में अपने आप को ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित कर लिया है।

# आयुष विभाग द्वारा 810 प्रतिभागियों को करवाया गया योग प्रोटोकॉल का अभ्यास

**योग दिवस**

**कार्यक्रम में नितिन रोहिला, फार्मासिस्ट नरेश, जोगिंदर, योग सहायक एवं योग इंस्ट्रक्टर भी मौजूद रहे।**




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**।

आयुष विभाग के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि आयुष विभाग के महानिदेशक आयुष संजीव वर्मा के आदेशानुसार तथा जिला प्रशासन से उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में तथा जिला की नोडल अधिकारी सुश्री मोनिका नगराधीश के दिशा निर्देशन में जिला करनाल में 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफलतापूर्वक मनाने के लिए विभागीय निदेर्शानुसार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

आयुष विभाग करनाल के योग विशेषज्ञ डॉ. अमित पुंज ने बताया कि आज आयुष विभाग द्वारा दो कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें प्रथम कार्यक्रम सैक्टर-12, करनाल के फव्वारा पार्क में आयोजित किया गया, जिसमें 96 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें नगर निगम के पार्षद, अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। द्वितीय कार्यक्रम जिला कारागार में आयोजित किया गया, जिसमें 714 कैदियों ने भाग लिया।

प्रथम कार्यक्रम जो कि सैक्टर-12 करनाल के फव्वारा पार्क आयोजित किया गया, जिसमें विशिष्ट अतिथि पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर व मौजूदा पार्षद राजेश अघी, पार्षद अमृत जोशी, पार्षद संजीव मेहता, युवा पार्षद सुश्री आशया कुमार, पार्षद सुदेश रानी, पार्षद सुधीर यादव, पूर्व पार्षद वीर विक्रम तथा नगर निगम से गुरुदेव इत्यादि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अमित द्वारा ऊं के पवित्र उच्चारण के साथ का करवाया गया। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी एवं उनकी टीम की महिला प्रमुख नीलम बठला, निधि गुप्ता, एनफ चौधरी, राधिका भाटिया, कोमल कंबोज, नरेंद्र खोखर, रामपाल ने मंच पर योग प्रोटोकॉल का प्रदर्शन किया, जिसमें आसनों, प्राणायाम, ध्यान का अभ्यास करवाया गया एवं प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में आयुष विभाग से ब्लॉक इंचार्ज डॉ नितिन रोहिला, फार्मासिस्ट नरेश, जोगिंदर, आयुष विभाग करनाल के योग सहायक एवं योग इंस्ट्रक्टर भी मौजूद रहे।

द्वितीय कार्यक्रम जिला कारागार में जेल अधीक्षक लखबीर सिंह बराड़ की अध्यक्षता में तथा डीएसपी चरण सिंह, डीएसपी शैलाक्षी भारद्वाज व डीएसपी विवेक सांगवान की देखरख में 31 मई से 21 जून तक आयुष विभाग द्वारा विशेष योग शिविर लगाया जा रहा है, जिसमें आज 714 कैदियों ने भाग लिया। इसमें योग सहायक गीता दहिया, कुसुम रानी द्वारा महिला कैदियों को तथा मुकेश व सोनू पाल द्वारा पुरुष कैदियों को अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का नियमित अभ्यास करवाया जा रहा है ।

# एक पारिवारिक पार्टी, पाक आर्मी और आतंकियों में कोई अंतर नहीं : श्याम सिंह राणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल**। करनाल में एक सेब फार्म के दौरे पर पहुंचे प्रदेश के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने राहुल गांधी के सीजफायर वाले बयान पर जवाब देते हुए कहा कि हमारी लड़ाई आतंकवादियों से थी, न कि पाकिस्तान से। हमने पाकिस्तान के अंदर आतंकियों पर ही अटैक किया, लेकिन पाकिस्तान की मिलिट्री ने आतंकियों का साथ दिया तो फिर पाकिस्तान भी इन्वोल्व हो गया। फिर एयरबेस पर अटैक करने पड़े, क्योंकि वहां की आर्मी और आतंकवादियों में कोई अंतर नहीं है। पाकिस्तान में देश नीति पाकिस्तान की आर्मी के लोग बनाते है। जब तक आर्मी राजनीति में इन्वॉल्व रहेगी, तब तक पाकिस्तान के हालात नहीं सुधरने वाले।

राहुल गांधी के हरियाणा आगमन के सवाल पर कृषि मंत्री ने कांग्रेस पर तंग कसा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस पार्टी संगठन की तरफ कोई ध्यान नहीं देती, क्योंकि हरियाणा कांग्रेस एक पारिवारिक पार्टी है और बगैर संगठन के किसी भी पार्टी की जीत नहीं हो सकती। बिना संगठन के कोई चुनाव नहीं जीत सकता। उनकी हार का कारण यही है।

यूरिया वितरण को लेकर पूछे गए सवाल पर कृषि मंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य में यूरिया की कोई कमी नहीं है, लेकिन अब वितरण प्रणाली को डिजिटल किया जा रहा है, ताकि केवल वही किसान इसे प्राप्त कर सकें जिन्हें वास्तव में आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जैसे परिवार पहचान पत्र से राशन प्रणाली को ऑनलाइन किया गया, उसी तर्ज पर अब मेरी फसल. मेरा ब्यौरा पोर्टल के जरिए किसान की जमीन के अनुसार यूरिया का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। इससे कालाबाजारी पर रोक लगेगी और जरूरतमंद किसान को ही खाद मिलेगा।

कृषि मंत्री ने बाजार में मिल रहे मसाले (केमिकल) से पकाए फलों पर चिंता जताते हुए कहा कि ऐसे पेस्टीसाइड जहर के समान होते हैं। उन्होंने किसानों को चेताया कि अगर इनका उपयोग फलों या फसलों पर किया गया तो वह जहर फल में जाएगा और अंततः आदमी की सेहत को नुकसान पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि आज जो गंभीर बीमारियां फैल रही हैं, वे जहरीले अनाज और अत्यधिक पेस्टीसाइड व यूरिया के इस्तेमाल का नतीजा हैं। प्राकृतिक खेती में ऐसा कोई खतरा नहीं होता और यह भूमि की सेहत को भी सुरक्षित रखती है।

कृषि मंत्री ने आगे बताया कि राज्य में पारंपरिक खेती में धीरे-धीरे बदलाव आ रहा है। उन्होंने कहा कि बागवानी, मछली पालन और सूखे क्षेत्रों के लिए अनुकूल फसलों पर भी ध्यान दिया जा रहा है। जहां पानी खारा है, वहां मछली पालन को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ा अवसर है कि हम जमीन की विषम परिस्थितियों को वरदान में बदलें। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अलग-अलग प्रकार की जमीनों पर कौन-सी फसलें अच्छी होंगी, इसके लिए राज्य के उत्कृष्टता केंद्रों में लगातार प्रयोग किए जा रहे हैं।

# सहीं ढंग से कार्य न करने पर अधिकारियों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**



बुधवार को बाढ़ नियंत्रण प्रबंधों की समीक्षा करने के लिए उपायुक्त डॉ मनोज कुमार बुधवार को स्वयं फील्ड में उतरे व जिला से गुजरने वाली सभी ड्रेनों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण करते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए कि बाढ़ नियंत्रण प्रबंधन कार्यों के चलते जिले में नालों व ड्रेनों की सफाई के लिए चलाए गए अभियान में तेजी लाते हुए सफाई कार्यों को 15 जून से पहले पूरा करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी इसलिए पूरी ईमानदारी के साथ सफाई कार्य को पूरा करवाएं। खरखौदा के गाँव सिसाना से गुजरने वाली ड्रेन नंबर 8, खांडा 4 ड्रेन, खरखौदा शहर से निकलने वाली ड्रेन नंबर 6, थाना कला ड्रेन तथा ककरोई ड्रेन का भी औचक निरीक्षण करते हुए तेजी से सफाई कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि ड्रेन की सफाई करवाते समय लेवल का विशेष ध्यान रखें ताकि पानी का परवाह आसानी से हो सके कहीं भी कोई रूकावट पैदा न हो। ड्रेन के प्रवाह में बाधा बनने वाले पाईपों को भी तुरंत हटवाया जाए। एसडीएम खरखौदा डॉ निर्मल नागर व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वही सोनीपत उपायुक्त मनोज कुमार ने खरखौदा व ककरोई एसटीपी का औचक निरीक्षण भी किया।

## संपादकीय

# पर्यावरण संरक्षण के प्रति करना होगा जागरूक

**हर** साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता हैं। यह एक वैश्विक संदेश देता है कि अब वह समय आ गया है जब मनुष्य और प्रकृति के बीच खोए हुए सन्तुलन को फिर से स्थापित किया जाना चाहिए। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस 2025 का थीम है विश्व स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण का अंत। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1972 में पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था। लेकिन विश्व स्तर पर इसके मनाने की शुरूआत 5 जून 1974 को स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में हुई थी। जहां 119 देशों की मौजूदगी में पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन किया गया था। साथ ही प्रति वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। इस सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का गठन भी हुआ था। भारत में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम भारत की संसद द्वारा 1986 में पारित किया गया था। इसे संविधान के अनुच्छेद 253 के तहत पारित किया गया था। यह 19 नवंबर 1986 को लागू हुआ था। विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के दूसरे तरीकों सहित सभी देशों के लोगों को एक साथ लाकर जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और जंगलों के प्रबन्ध को सुधारना है। वास्तविक रुप में पृथ्वी को बचाने के लिये आयोजित इस उत्सव में सभी आयु वर्ग के लोगों को सक्रियता से शामिल करना होगा। तेजी से बढ़ते शहरीकरण व लगातार काटे जा रहे पड़ो के कारण बिगड़ते पर्यावरण संतुलन पर रोक लगानी होगी। हमारी धरती, जनजीवन को सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण का सुरक्षित रहना बहुत जरूरी है। पूरी दुनिया आधुनिकता की ओर बढ़ रही हैं। दुनियाभर में हर दिन ऐसी चीजों का इस्तेमाल बढ़ रहा है जिससे पर्यावरण खतरे में हैं। इंसान और पर्यावरण के बीच गहरा संबंध है। प्रकृति के बिना जीवन संभव नहीं। ऐसे में प्रकृति के साथ इंसानों को तालमेल बिठाना होता है। लेकिन लगातार वातावरण दूषित हो रहा है। जिससे कई तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं। जो हमारे जनजीवन को तो प्रभावित कर ही रही हैं। साथ ही कई तरह की प्राकृतिक आपदाओं की भी वजह बन रही हैं। सुखी स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण का संरक्षण जरूरी है। इसी उद्देश्य से हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। स्वस्थ पर्यावरण हमारे जीवन में काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि बिना इसके स्वस्थ रहने की कल्पना करना मुश्किल है। हमें अपने मन में संकल्प लेना होगा कि हमें प्रकृति से सदभाव के साथ जुड़ कर रहना है। इस पर्यावरण दिवस पर हम सब इस बारे में सोचें कि हम अपनी धरती को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए और क्या कर सकते हैं। किस तरह इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। पर्यावरण दिवस पर अब सिर्फ पौधारोपण करने से कुछ नहीं होगा। जब तक हम यह सुनिश्चित नहीं कर लेते कि हम उस पौधे के पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करेंगें। पर्यावरण शब्द संस्कृत भाषा के 'परि' उपसर्ग (चारों ओर) और 'आवरण' से मिलकर बना है जिसका अर्थ है ऐसी चीजों का समुच्चय जो किसी व्यक्ति या जीवधारी को चारों ओर से आवृत्त किये हुए हैं। यह शब्द फ्रांसीसी शब्द एनवायरनर से लिया गया है जिसका अर्थ है घेरना, घेरना या घेरना।

# ड्रोन बना युद्ध का प्रमुख हथियार

**डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी**

> "जिस भी देश की रक्षा प्रणाली में उन्नत तकनीक के ड्रोन भी शामिल हैं, उस देश की सेना कई गुना ताकतवर हो जाती है। जैसे पहले विश्व युद्ध में खाइयों की लड़ाई युद्ध रणनीति का हिस्सा थी, वैसे ही 21वीं सदी में ड्रोन युद्ध में प्रमुख हथियार बन चुके हैं। भविष्य के युद्ध की दिशा एआई, स्वार्म टेक्नोलॉजी और ड्रोन से तय होगी। यूक्रेन के इस हमले में भारत के लिए भी कुछ सबक निहित हैं।"

**ड्रोन** ने दुनिया भर में युद्ध का तरीका बदल दिया है। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकाने तबाह किए तो पाकिस्तानी सेना ने सैकड़ों की संख्या में ड्रोन भेजकर हमले किए। पाकिस्तान के ड्रोन हमलों को भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में खत्म कर दिया। इससे पहले इजरायल-गाजा और रूस-यूक्रेन वॉर में भी ड्रोन का जमकर इस्तेमाल किया गया। इससे एक बात साफ हो गई है कि ड्रोन अब सिर्फ तकनीक नहीं हैं, अब ये युद्ध की दिशा बदलने वाला हथियार हैं। हाल ही में यूक्रेन ने रूस के काफी भीतर उसके 5 एयरबेस और 41 बॉम्बर, लड़ाकू विमानों को तबाह कर दुनिया को चैंका दिया है। बल्कि विश्व स्तब्ध है कि यूक्रेन के पास ऐसी जंगी प्रौद्योगिकी भी है, जो 2000 किमी. से 6000 किमी. की दूरी तक सफल, असरदार, विध्वंसक हमला कर सकती है। जो देश अभी तक यूक्रेन की आर्थिक और सैन्य मदद करते रहे हैं, वे भी हैरान हैं और आत्ममंथन कर रहे हैं। रूस के ये बॉम्बर ऐसे थे, जो परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने में भी सक्षम थे। रूस ने इन्हीं विमानों के जरिए यूक्रेन के कई शहरों पर हवाई हमले किए थे और शहरों को खंडहर बना दिया था। इतिहास के पन्ने पलटे तो दूसरे विश्व युद्ध से पहले ब्रिटेन ने रिमोट से चलने वाली डीएच82बी क्वीन बी ड्रोन बनाया गया। 'ड्रोन' शब्द की उत्पत्ति इसी नाम से हुई है। यह किसी भी लक्ष्य की जानकारी लेने के लिए इस्तेमाल किया जाने लगा था। 'क्वीन बी' को दुनिया का सबसे पहला आधुनिक ड्रोन माना गया था। 'क्वीन बी' का उपयोग ब्रिटेन के रॉयल एयर फोर्सेस में किया गया था। इस ड्रोन की सफलता के बाद ही अमेरिका ने अपना ड्रोन प्रोग्राम शुरू किया था। अमेरिका ने ब्रिटेन में ड्रोन के सफल होने के बाद अपने यहां ड्रोन बनाने शुरू कर दिए। अमेरिका ने वियतनाम वॉर के दौरान पहली बार छोटे रिमोट कंट्रोल ड्रोन 'रयान एक्यूएम 91' का इस्तेमाल किया था। अमेरिकी आर्मी ने इसका इस्तेमाल बड़े पैमाने पर उत्तरी वियतनाम में दुश्मन की जासूसी करने के लिए किया था। 'रयान एक्यूएम 91'



दो कैमरों से लैस था। 9/11 के बाद अमेरिका ने आतंकवाद के खिलाफ अभियान में हेलफायर मिसाइल प्रीडेटर ड्रोन का बड़े लेवल पर इस्तेमाल किया। यह ड्रोन 24 घंटे उड़ान भरने में सक्षम था। एक समय तक ड्रोन तकनीक और ड्रोन इंडस्ट्री पर अमेरिका, ब्रिटेन और इजरायल का कब्जा था। साल 2015 के बाद ड्रोन तकनीक वैश्विक हो गई। यूक्रेन ने ऐसा घातक पलटवार कैसे किया, उसके ब्यौरे सामने आ चुके हैं। रूस की टीमें जांच-पड़ताल करने में जुटी हैं कि यूक्रेन के फर्स्ट पर्सन व्यू (एफपीवी) ड्रोन एयरबेसों तक कैसे पहुंचे और किसी को भी भनक तक नहीं लगी। रूस सोया रह गया और उसका पूरा तंत्र नाकाम रहा। रूस को करीब 60,000 करोड़ रुपए का नुकसान आंका जा रहा है। कुछ और आंकड़ों का भी विश्लेषण सामने आया है। रूस को अकल्पनीय, अप्रत्याशित नुकसान हुआ है, लेकिन वह अब भी महाशक्ति है और यूक्रेन पर इससे भी घातक और संहारक हमला करने की योजना बनाई जा रही है। अब राजधानी कीव भी राष्ट्रपति पुतिन के निशाने पर है। दरअसल यूक्रेन ने जो ड्रोन्स इस्तेमाल किए, उन्हें 'कृत्रिम बौद्धिकता' (एआई) से संचालित किया गया। यह वैज्ञानिक नवाचार यूक्रेन का ही है अथवा किसी देश ने उसे मुहैया कराया है, यह रहस्य फिलहाल नहीं खुल पाया है, लेकिन इतना लगता है कि इन ड्रोन्स को 'एआई एलगोरिथ्म' पर प्रशिक्षित किया गया होगा! एल्गोरिथ्म कम्प्यूटर विज्ञान की भी एक अवधारणा है। यह किसी विशिष्ट कार्य को करने के लिए दिए गए निदेर्शों की एक प्रक्रिया भी है, जिसने रूसी बॉम्बर विमानों की पहचान की और उन पर निर्णायक प्रहार कर उन्हें 'मिट्टी-मलबा' बना दिया। यूक्रेन के इस 'ऑपरेशन मकडजाल' ने स्पष्ट कर दिया है कि इस ड्रोन हमले ने युद्ध को बदल दिया है। हम किसी पक्ष की जीत या हार की भविष्यवाणी नहीं कर रहे, लेकिन यह एक भयानक सच है कि रूस-यूक्रेन युद्ध 3 साल 3 महीने से जारी है और यूक्रेन अभी पराजित होने की स्थिति में नहीं है। दोनों देशों के बीच समझौता-वार्ता हुई है, युद्धबंदियों को रिहा करने की बुनियादी सहमति बनी है, लेकिन युद्धविराम के लिए फिलहाल सहमति दूर-दूर तक नहीं दिखती। अब तो पृष्ठभूमि में ड्रोन हमला भी झलक रहा है। हालांकि रूस ने शुरूआत में दावा किया था कि युद्ध 7-10 दिन चलेगा और यूक्रेन पराजय स्वीकार कर लेगा। रूस पर यूक्रेन के इस हमले को 'पर्ल हॉर्बर' हमले के बराबर माना जा रहा है। अमेरिका पर उस हमले के बाद ही जापान के हिरोशिमा-नागासाकी शहरों पर अमेरिका ने एटम बम गिराए थे। विध्वंस का वह इतिहास सभी जानते हैं और अमेरिका को द्वितीय विश्व युद्ध में उतरने को विवश किया गया था। पुतिन के नंबर दो दिमित्री मेदवेदेव ने भी अब परमाणु हमले की धमकी दी है, लिहाजा पूरा विश्व चिंतित है। भारत का पहला स्वदेशी डिजाइन और डिवेलप्ट ड्रोन 'निशांत' था। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने ड्रोन 'निशांत' का 1995 में इसका परीक्षण किया था। भारतीय सेना की रिमोटली पायलेटेड व्हीकल की जरूरत को पूरा करने के लिए 'निशांत' को बनाया गया था। साल 1999 में कारगिल भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध छिड़ गया था। तब पहली बार भारत ने इस ड्रोन का इस्तेमाल किया था। यह ड्रोन दुश्मन के इलाके के जानकारी एकत्रित करने और तोपखाने की आग को ठीक करने के लिए किया गया था। भारत ने उस दिशा में शुरूआती कदम उठाए हैं। इसके बाद भारत ने पंछी, लक्ष्य, रुस्तम, आर्चर, घातक और नेत्र समेत कई और ड्रोन बनाए। हालांकि, अभी भारत मुख्य रूप से इजरायली मूल के हिरोन मार्क-2, हैरोप और स्काई-स्ट्राइकर जैसे ड्रोन का इस्तेमाल करता है। अभी हाल ही में भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी स्थलों और पाकिस्तानी वायु रक्षा प्रणालियों पर हमला करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया। हालांकि, ये स्पष्ट नहीं है कि कौन-सा ड्रोन इस्तेमाल किया। भारत ने अपने लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टर, एयरट्रांसपोर्ट में दशकों तक रणनीतिक प्रयास किए हैं, लेकिन 'ऑपरेशन मकडजाल' एक महत्वपूर्ण पुष्टि करता है कि वायु-शक्ति का भविष्य मानवरहित, एआई संचालित और लंबी दूरी का होगा।

बहरहाल यदि वर्ष 2024 एफपीवी ड्रोन का था, तो 2025 के बीते सप्ताह तक 'फाइबर ऑप्टिक एफपीवी ड्रोन' का दौर था। ये ड्रोन रूसी सेनाओं का नवाचार था। यूक्रेन ने उसे भी पार कर लिया है और एआई संचालित ड्रोन्स का इस्तेमाल कर रूस पर बेहद घातक प्रहार किया है। साफ है कि आने वाले युद्ध एआई संचालित, स्वायत्त ड्रोन से ही लड़ जाएंगे। जिस भी देश की रक्षा प्रणाली में उन्नत तकनीक के ड्रोन भी शामिल हैं, उस देश की सेना कई गुना ताकतवर हो जाती है। जैसे पहले विश्व युद्ध में खाइयों की लड़ाई युद्ध रणनीति का हिस्सा थी, वैसे ही 21वीं सदी में ड्रोन युद्ध में प्रमुख हथियार बन चुके हैं। भविष्य के युद्ध की दिशा एआई, स्वार्म टेक्नोलॉजी और ड्रोन से तय होगी। यूक्रेन के इस हमले में भारत के लिए भी कुछ सबक निहित हैं।

## कविता

**भूख और नन्हे बच्चे।**

ना करो अन्न की बबार्दी,
भुखमरी पर है यह भारी,
चारों तरफ छाई है
गरीबी, भुखमरी और बेचारी,
भोजन की अनावश्यक बबार्दी
दुनिया के बच्चों पर पड़ती भारी।

खाना थोड़ा तुम कम खा लो,
गरीब,लाचार बच्चों को
भूखे रखने से बचा लो,
उतना ही खाओ
जितना तुम पचा लो,

थाली में ना छोड़ो तुम अन्न को
ना करो बेइज्जती
अन्न उगाने वालों की
मेहनत मशक्कत करने वालों की।

थाली में अन्न छोड़ना
पड़ता है भारी,
बढ़ती है बच्चों में भुखमरी
तेज होती इससे बीमारी।

पर्यावरण की सुरक्षा
भी है हमें करना
बच्चों के लिए कल भोजन
सुरक्षित हमें रखना।

संजीव
---------

# धरती की पुकार-1 बच्चा तो पेड़ हजार तब होगा मानव तेरा उद्धार

**डॉ. अशोक कुमार वर्मा**

**बढ़ती** गर्मी तपता सूरज कंकरीट की सड़कें बड़े बड़े गगनचुम्बी भवन सड़कों से पेड़ों का हटना बहुत अधिक कल पुर्जों का उपयोग मानव रहित नवीनतम तकनीक आज भौतिक युग में विकास के नाम पर कहीं हम कुछ खो तो नहीं रहे। जी हां, यही सत्य है। बहुत कुछ पीछे छूट गया। विकास के नाम पर तकनीक के नाम पर पर्यावरण पर एक प्रहार हुआ है। अभी मई और जून के माह में सभी समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर बढ़ रहे तापमान का ही वर्णन मिल रहा था। लोग गर्मी के कारण बेहाल हो गए तो पशु और पक्षियों के जीवन पर बन आई थी। ग्लोबल वार्मिंग एक ज्वलंत समस्या न केवल भारत की है अपितु संपूर्ण विश्व की बन गई है। मानव अपने विनाश को स्वयं आमंत्रित करने पर उतारू है। आज बेमौसम बरसात बेमौसम आहार-विहार और बेमौसम की उपज मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए खिलवाड़ बन गई है। भौतिकतावाद के युग में मानव मानव न होकर मशीन बन गया है। अधिक भौतिक सुखों की चाहत उसके जीवन में विष की भांति शनै शनै नाश की ओर प्रशस्त कर रही है। विकास के नाम पर प्रकृति से छेड़छाड़ विनाश का द्योतक है। धरती पर अवैध निर्माण और अधिग्रहण प्रकृति से खिलवाड़ नहीं तो और क्या है। यह सत्य है कि मनुष्य विकास के पथ पर अग्रसर है लेकिन यह भी सत्य है कि विकास की अंधी दौड़ में मनुष्य न केवल नैतिक मूल्य भूल रहा है अपितु पर्यावरण के साथ भी खिलवाड़ करने से नहीं चूक रहा। मनुष्य विशेष रूप से आज का युवा एक ही रात में संसार की हर वस्तु प्राप्त करने को आतुर है। भगवान ने अच्छा किया कि मनुष्य के पंख नहीं लगाए। यदि ऐसा होता तो वो आकाश को भी पृथ्वी की भांति प्रयोग में लाता। वर्ष 1976 में अपनाए गए 42वें संविधान संशोधन के द्वारा नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को सूचीबद्ध किया गया है। संविधान के भाग क्ष में सन्निहित अनुच्छेद 51 'क' मौलिक कर्तव्यों के बारे में है। जहां पर स्पष्ट रूप से लिखा है कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह पर्यावरण की रक्षा करें। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51-ए (जी) के अनुसार "जंगलों, झीलों, नदियों और वन्य जीवन सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करना और जीवित प्राणियों के प्रति दया रखना भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होगा।" आज बड़े आश्चर्य की बात है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकार तो स्मरण रहते हैं लेकिन कर्तव्यों के बारे में सदैव चुप्पी साधे बैठा रहता है। लोग अपने झमेलों में इतने व्यस्त हैं कि उन्हें इस बात से कोई लेना देना नहीं कि मेरे आस-पास क्या घटित हो रहा है।

## विचार

# मानवी हस्तक्षेप से पारिस्थितिक तंत्र अब जीव सृष्टि के विनाश का कारण बन गया है

**डॉ. प्रीतम भी. गेदम**

संपूर्ण ब्रह्माण्ड में केवल पृथ्वी पर ही जीवन संभव है, क्योंकि यहाँ जीवन के लिए आवश्यक पिछड़ेपन का बेहतर समन्वय स्थापित हुआ है। हमारा आस-पास का पर्यावरण मानव विकास में सहयोगी है, लेकिन मानव ने सभी अंतर्निहित लंघकरों को बेहद नुकसान पहुंचाया है, जिसके कारण पर्यावरण का संतुलन बिगड़ गया है और यह अब मानव जीवन के लिए खतरनाक हो रहा है। खाद्य पदार्थों का भारी दोहन, उत्पाद खोरी, रसायन शास्त्र पर कण का अभाव, भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, उत्पाद, शोर, अवशेष, कृंतक, जंगल के टुकड़े, बड़े पैमाने पर शहरीकरण, सरकारी अवशेषों का भंडार, कणों के प्राकृतिक आवासों का नुकसान, ओजोन कणों की क्षति, प्रकृति से अवशेष जैसे उदाहरण पर्यावरण को नष्ट कर रहे हैं, जिसके कारण प्राकृतिक आपदाओं में अत्यधिक वृद्धि हो रही है। वैश्विक स्तर पर लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे वैश्विक वैश्वीकरण की समस्या बहुत तेजी से बढ़ रही है, जिसका सीधा असर जैव विविधता पर पड़ रहा है। पर्यावरण में मानवीय हस्तक्षेप से संपूर्ण जीव सृष्टि को बढ़ावा दिया जाता है। अब धीरे-धीरे-धीरे-धीरे-धीरे-धीरे-धीरे-धीरे-धीरे-धीरे-धीरे-धीरे-धीरे-धीरे-धीरे-धीरे-धीरे होने लगी। वॉर्स्टर पर हमें पर्यावरणीय पर्यावरणपूरक कार्यकलापों पर ध्यान देने की आवश्यकता है, वर्ना जीवसृष्टि का विनाश तो चल ही रहा है। पर्यावरण के प्रति जागरूकता अभियान के तहत हर साल 5 जून को संयुक्त राज्य अमेरिका में "विश्व पर्यावरण दिवस" मनाया जाता है। इस वर्ष 2025 की थीम है, "वैश्विक प्लास्टिक प्रदूषण खत्म करो"। इस विषय में प्लास्टिक प्लास्टिक से प्लास्टर और प्लास्टर प्लांट को बढ़ावा देने के लिए प्रकाश व्यवस्था की आवश्यकता है। वैश्विक स्तर पर जलवायु के कारण ऋतुओं का चक्र निर्धारित होता है, अभी गर्मी में वर्षा होती है, वैश्विक में वर्षा होती है, वैश्विक में गर्मी होती है तो कभी वर्षा होती है, जिसका बुरा प्रभाव समुद्र और स्वास्थ्य पर पड़ता है। फसलें खराब होती हैं, औद्योगिक मधुमेह से लेकर दंत चिकित्सकों की गंभीर स्थिति पैदा होती है, जिसमें सबसे बड़ा किसान, छोटे व्यापारी और गरीब होते हैं, साथ ही रसायन और जलचर जीव जगत को भी नुकसान पहुंचता है। शुद्ध जल से निर्मित हिमखंड पिघल कर समुद्र में समा जाता है, जिससे समुद्र का घाटा बढ़ रहा है और तापमान में लगातार वृद्धि जारी है। मानवी स्वास्थ्य समुद्री मौसम के साथ लगातार तूफान घटित हो रहा है, घातक घातक बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं, रोग प्रतिरोधक क्षमता नष्ट हो रही है। अभी गर्मी में पॉलीथीन प्लास्टिक दम घोटने वाली साबित हो रही है, जो शरीर के अंदर से भाप बन रही है, ऐसा होता है अहसास। जीवसृष्टि के लिए सौंदर्य ओजोन पार्ट को लगातार नुकसान होने के कारण अब हमें खतरा निर्माण हो रहा है, इस शोर-शराबे और सामंजस्यपूर्ण वातावरण के कारण हमारे मानसिक स्वास्थ्य में भी तेजी से गिरावट आ रही है। आनेवाली पीढ़ी के हिस्सों का प्राकृतिक संसाधन हमने पहले ही खत्म करना शुरू कर दिया है, ऊपर से लोकतंत्र में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। हम अपने वैज्ञानिक में ये वृक्ष देखते हैं, कि हमारे घर के बाहर कोई हराभरा वृक्ष है, जो हमें शुद्ध आयोडीन, छाया, फल, फूल, औषधि देता है फिर भी हम ये पाते हैं कि इस वृक्ष के बाहर उस स्थान पर दृश्य कर लें। इंसान की ऐसी हरकतों के कारण ही


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# फिटनेस का फंदा, दिल तो बच्चा ही रह गया

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**कभी** आपने डाइटिंग कर रहे इंसान का चेहरा गौर से देखा है? वो मुस्कराता कम है, मसालेदार यादें ज्यादा चबाता है। मेरे डाइटिंग के दिनों में मुझे नींद नहीं आती थी, क्योंकि भूख और आत्मग्लानि दोनों साथ में कम्बल खींचते थे। हर बाइट पर जमीर टोकता था—"ये खा लिया तो कैलोरीज की बारात निकल जाएगी!" एक दिन मैंने ठान ही लिया कि आज डाइट तोड़नी है, तोड़ा भी। समोसे, जलेबी, छोले-भटूरे—सबका श्राद्ध कर दिया। लेकिन उस दिन पेट भरा नहीं, आत्मा भर आई। बीवी बोली, 'ये क्या किया?' मैंने कहा, 'पंद्रह दिन की तपस्या के बाद ये प्रसाद था।' वो देखती रही, जैसे कोविड पॉज़िटिव रिपोर्ट देख रही हो। शाम को जब वजन चढ़ा—तो तराजू नहीं, स्वाभिमान हिल गया। लेकिन दिल अंदर से मुस्करा रहा था—आज तू जिया बे... आज तू जिया! अब हालत ये है कि हर फ्रूट सलाद को देखकर लगता है कि पेड़ पर आत्महत्या करने की कोशिश कर रहा कोई आम, पपीता, और अनार है, जिनका एक ही कसूर था—स्वादिष्ट न होना। और ये जो वेलनेस गुरु लोग होते हैं, उनका जीवन आदर्श होता है—चार बजे उठना, पाँच बजे सूरज को गुड मॉर्निंग कहना, और छह बजे बीटरूट का जूस पीकर ज़िंदगी को गालियाँ देना। मेरी कॉलोनी में योगाचार्य विश्रामानंद रहते हैं—नाम सुनकर लगता है जैसे नींद खुद उनके चरण छूती हो। मगर असलियत में वे पूरे मोहल्ले को चार बजे उठाकर ताड़ासन कराते हैं। कल बोले, भाई, शरीर मंदिर है। मैंने कहा, बिलकुल! और आप तो पुजारी हो, मगर हम भक्त हैं—प्रसाद नहीं मिला तो क्या आरती करें? वो मुस्कराए, बोले, संयम रखो। मैंने पूछा, कब तक? वो बोले, मृत्यु तक। और यहीं मेरी हँसी और आँसू दोनों एक साथ फूट पड़े। सच पूछिए तो हेल्दी लाइफ अब एक हिंसक अहिंसा बन चुकी है। न खून बहता है, न आँखें, बस मन की भूख लहूलुहान होती है। टीवी पर न्यूज आ रही थी—नए शोध के अनुसार, बर्फ का पानी पीने से आपकी उम्र घट सकती है। मैंने पानी की बोतल को देखा, फिर खुद को—और चुपचाप पानी गरम करने चला गया।

# हिंदू साम्राज्य दिवसोत्सव - हिंदू पद पादशाही की स्थापना का उत्सव

**मृत्युंजय दीक्षित**

**हिन्दू** साम्राज्य दिवस उत्सव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मनाया जाने वाला एक विशिष्ट उत्सव है जो हिंदू समाज को एक अत्यंत गौरवशाली दिवस का स्मरण कराता है। यह उत्सव ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी के दिन मनाया जाता है। इस तिथि को ही लगभग तीन सौ वर्ष पूर्व हिन्दू राष्ट्र के पुनरुत्थान का एक महत्वपूर्ण प्रयास संपन्न हुआ था। ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी के दिन ही महाराज शिवाजी के राज्याभिषेक के साथ ही भारत में एक नये युग का सूत्रपात हुआ था। छत्रपति शिवाजी महाराज के समय भारत मुगल आक्रांताओं के क्रूर अत्याचारों से त्रस्त था और देश में निराशा का घोर अंधकार छाया हुआ था

छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपनी माता जीजाबाई के सानिध्य में स्वराज का जो संकल्प लिया था उसके लिए वह बिना विचलित हुए अपना कर्म करते रहे और अंततः लक्ष्य तक पहुंचकर हिन्दू पद पादशाही की घोषणा की। जिस प्रकार त्रेतायुग में प्रभु श्रीराम ने लंका विजय के पूर्व समाज के हर वर्ग को एकजुट किया और अपनी सेना खड़ी की ठीक उसी प्रकार महाराज शिवाजी ने भी अपना लक्ष्य साधा। आज से 300 वर्ष पूर्व जब शिवाजी का राज्याभिषेक हुआ था उस समय हिन्दू समाज के लिए विपरीतता की पराकाष्ठा थी और उस समय के विद्वान शूरवीरों के मन में यह विचार भी नहीं आता था कि इस परिस्थिति को बदला जा सकता है।

महाराज शिवाजी के राज्याभिषेक के पूर्व तक मुगल शासकों द्वारा हिन्दू समाज पर घनघोर अत्याचार हो रहे थे। मंदिरों और विद्या के केंद्रों का विध्वंस हो रहा था। हिन्दुओं से जजिया कर वसूला जा रहा था। हिन्दू बहन -बेटियों की अस्मिता नष्ट की जा रही थी। ऐसी विकट परिस्थितियों में शिवाजी महाराज ने हिन्दू पद पादशाही की स्थापना की और हिन्दू समाज व भारत का खोया हुआ आत्मविश्वास वापस दिलाने में सफलता प्राप्त की।

## न्यूज फ्लैश

### एईएसएल गुरुग्राम के 3 छात्रों ने जेईई एडवांस्ड 2025 में टॉप स्कोरर बनकर नाम रोशन किया

**गुरुग्राम।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड, जो परीक्षा तैयारी सेवाओं में एक राष्ट्रीय अग्रणी संस्थान है, ने गर्व के साथ घोषणा की है कि गुरुग्राम शाखा के 3 छात्रों ने प्रतिष्ठित जेईई एडवांस्ड 2025 में बेहतरीन प्रदर्शन कर टॉप स्कोरर की सूची में जगह बनाई है। यह परीक्षा देश की सबसे कठिन इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक मानी जाती है और इसके परिणाम आईआईटी कानपुर द्वारा घोषित किए गए। यह शानदार उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, उनकी अटूट लगन और एईएसएल के विशेषज्ञ शिक्षकों एवं व्यापक पाठ्यक्रम के माध्यम से मिले अकादमिक समर्थन का प्रमाण है। प्रमुख प्रदर्शन करने वालों में रुजुल गर्ग (एआईआर 41), आयुष अग्रवाल (एआईआर 90) और आदित्य कुमार (एआईआर 105) शामिल हैं। दिल्ली-एनसीआर से 43 आकाशियनों ने टॉप 1000 में स्थान प्राप्त किया। ये छात्र एईएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम का हिस्सा थे, जिसे विशेष रूप से जेईई एडवांस्ड जैसी कठिन परीक्षा को पास करने के लिए तैयार किया गया है। यह परीक्षा वैश्विक स्तर पर सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक मानी जाती है और इसमें गहन वैचारिक समझ और मजबूत समस्या-समाधान क्षमता की आवश्यकता होती है। छात्रों को बधाई देते हुए डॉ. यश पाल, चीफ अकादमिक एंड बिजनेस हेड, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड, ने कहा,ये परिणाम एईएसएल द्वारा छात्रों में डाले गए शैक्षणिक अनुशासन और परिश्रम की संस्कृति का प्रमाण हैं। हमें अपने इन होनहार छात्रों पर बेहद गर्व है और हम उन्हें आईआईटी और उनके आगे के भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं देते हैं।

### मेसन थेम्स की तारीफ करते हुए गेरार्ड बटलर ने कहा, यह लड़का वाकई में कमाल है

**नई दिल्ली।** यूनिवर्सल पिक्चर्स (जिसके डिस्ट्रीब्यूटर हैं वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी) और ड्रीमवर्क्स एनीमेशन एक शानदार एनीमेशन फिल्म ह्यहाऊ टू ट्रेंड योर ड्रैगनह्ल को नए अंदाज में पेश करते हुए बहुत खुशी और रोमांच महसूस कर रहे हैं। अब यह फिल्म लाइव एक्शन में यानी कि असल किरदारों के साथ 13 जून 2025 को सिनेमाघरों में पेश की जाएगी। इस फिल्म को बनाया है तीन बार ऑस्कर पुरुस्कारों के लिए नॉमिनेट होने वाले निर्देशक और गोल्डन ग्लोब पुरुस्कार के विजेता डीन डेब्लॉइस ने। यह शानदार फिल्म बर्क नामक द्वीप की खूबसूरती और उसके जादू को देखने का आमंत्रण देती है। इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने जा रहे हैं मेसन थेम्स। वह हिकप की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म के जरिए गेरार्ड बटलर की शानदार वापसी हो रही है।

### करण जौहर की त्यानी ज्वेलरी के नए कैंपेन में शेफाली शाह बनीं ब्रांड एम्बेसडर

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक त्यानी ज्वेलरी बाय करण जोहर ने अपने नए ब्रांड कैंपेन फोर्सेस ऑफ त्यानी का अनावरण किया है। इस कैंपेन के तहत प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री शेफाली शाह को इस सीरीज की पहली ब्रांड एम्बेसडर के रूप में पेश किया गया है। इस कैंपेन में 10 से अधिक अलग-अलग और विशिष्ट व्यक्तित्वों को ब्रांड एम्बेसडर के रूप में शामिल किया जाएगा। त्यानी ज्वेलरी बाय करण जोहर ऐसे कलाकारों को एक मंच पर लाने जा रहा है, जिन्होंने सफलता की परिभाषा खुद के तरीके से गढ़ी है। हर हफ्ते एक नया चेहरा पेश किया जाएगा । फोर्सेस ऑफ त्यानी का पहला लुक शेफाली शाह की दमदार और प्रभावशाली उपस्थिति के साथ सामने आया है। उनके व्यक्तित्व की चमक और आत्मविश्वास को प्रभावशाली स्टोरीटेलिंग के माध्यम से दशार्या गया है, जो महिलाओं को अपनी शक्ति निडरता से स्वीकारने और व्यक्त करने के लिए प्रेरित करता है।

### होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया ने मई 2025 में बेचीं 4,65,115 यूनिट्स

**करनाल।** होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया ने आज मई 2025 के लिए अपनी बिक्री के आंकड़े घोषित किए। कंपनी की कुल बिक्री मई 2025 में 4,65,115 यूनिट्स रही। इसमें 4,17,256 यूनिट्स घरेलू बिक्री और 47,859 यूनिट्स निर्यात शामिल हैं। यह उल्लेखनीय है कि ल्टरककी TD FY26 (अप्रैल 2025-मई 2025) की कुल बिक्री 9,45,979 यूनिट्स रही है, जिसमें 8,40,155 यूनिट्स घरेलू बिक्री और 1,05,824 यूनिट्स निर्यात शामिल हैं। HMSI के मई 2025 के प्रमुख प्रमुख बिंदु: उत्पाद: HMSI ने अपने बिगविंग पोर्टफोलियो को कई नए प्रीमियम मोटरसाइकिलों के लॉन्च के साथ मजबूत किया।

### जिले में अवैध खनन का कार्य करने वालों पर प्रशासन ने बरती सख्ती: अतिरिक्त उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** अवैध खनन का कार्य करने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर है। रात्रि के वक्त भी टीम के सदस्य शिद्दत पूर्वक कार्रवाई कर रहे हैं।
अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर पंकज ने जानकारी देते हुए बताया कि जहां-जहां अवैध खनन की संभावनाएं नजर आती है वहां पूरी चौकसी बरती जा रही है।

# आयुष्मान कार्ड के तहत मिलने वाले सुविधाओं का अस्पतालों को ईमानदारी से करना होगा

## हर अस्पताल के बाहर व अन्दर आयुष्मान कार्ड की शर्तों को मोटे अंकों में लिखकर बोर्ड लगाने होंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने बुधवार को जिला सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में आयुष्मान मित्रों और डॉक्टरों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि आयुष्मान कार्ड लोगों की सुविधा को देखते हुए बनाए गए थे। सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना में किसी भी तरह की अनियमितताएं बर्दाश्त नही की जाएंगी। वे स्वयं अस्पतालों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लेंगे।
कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सभी आयुष्मान पैनल से जुड़े अस्पतालों को अपने अस्पताल के बाहर और अन्दर आयुष्मान के तहत मिलने वाली सुविधाओं की




शर्तों को मोटे अंकों में अंकित करवाकर बाहर लगवाना सुनिश्चित करना होगा। जिन अस्पतालों में ये बोर्ड अगर नही मिलते तो उन अस्पतालों पर कार्यवाही होगी और जुमार्ना भी किया जाएगा। मंत्री ने आईएमए अध्यक्ष को विशेष तौर पर निर्देश दिए कि वे इसको लेकर निगरानी बरतें। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज यादव ने मंत्री को आश्वस्त किया कि पैनल वाले अस्पतालों पर निगरानी भी रखेंगे व जरूरत पडने. पर उन पर कार्यवाही भी होगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि आयुष्मान पैनल से जुड़े अस्पतालों को अपनी जिम्मेदारी तय करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की यह महत्वकांक्षी योजना है इसे किसी भी तरह से भ्रष्टद्दाचार की भेंट नही चढने.दिया जाएगा। उन्होंने सभी पैनल से जुड़े डॉक्टरों को निर्देश दिए कि वे इसमें सहयोग करें व आयुष्मान कार्ड से जुड़ी शर्तों का पालन करें। उन्होंने मंत्री को आश्वस्त किया कि इस कार्य में वे अस्पताल के डॉक्टरों को समय-समय पर अवगत भी करवाते रहे हैं व इसको लेकर जागरूक भी करते रहे हैं।
मंत्री ने बताया कि जो मरीज आयुष्मान पैनल अस्पताल में अपना ईलाज करवा रहे हैं उन्हें आयुष्मान से जुड़ी शर्तो से अवगत करवाएंगे। हर अस्पताल के आगे अलग से एक बैंच स्थापित होगा जहां मरीज अपनी बात रख सके। मरीज को डिस्चार्ज करते वक्त उसे खर्च की स्लीप व सम्री भी साथ देनी होगी। उसे अपलोड करने के साथ-साथ मरीज को भी इसके सम्बंध में पूरी जानकारी देनी होगी। मंत्री ने आईएमए अध्यक्ष को निर्देश दिए कि वे 15 जून तक ये बोर्ड सम्बंधी प्रक्रिया सुनिश्चित करें।

## जिला कारागार में हुआ लीगल सर्विसज कैंप का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार में लीगल सर्विसज कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने बताया कि जेल मे कई बंदी ऐसे हैं, जिनके पास आधार कार्ड नहीं है या उनमें आधार कार्ड में किसी प्रकार के बदलाव की आवश्यकता है। आधार कार्ड की जरूरत को देखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कैंप का आयोजन किया गया है, जिसमें एडीसी ऑफिस से साहिल ने कारागार में बंदियों के आधार कार्ड बनाए व जिन बंदियों के आधार कार्ड में बदलाव की जरूरत थी, नियम अनुसार वह बदलाव किए गए। इसके अलावा सीजेएम डॉ. इरम हसन ने कारागार में बंदियों को प्रदान की जा रही मेडिकल सुविधाओं, भोजन, कैंटीन इत्यादि का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## बड़सी गेट के नजदीक हत्या करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**हांसी (दिनकर गावड़ी):झ्र पुलिस** अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन के दिशा-निर्देशानुसार जिला भर में अपराधों पर लगाम लगाते हुए सीआई स्टाफ हांसी पुलिस ने हत्या करने वाले आरोपी मोहित पुत्र पवन कुमार व दीपांशु उर्फ छोटू पुत्र सुनील निवासी खटीकान मौहल्ला चार कुतुब गेट हांसी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी ने प्रारम्भिक पुछताछ में बताया कि करीब दो महीने पहले मेरे भाई राहुल का झगड़ा सुरेन्द्र गोयत,राहुल राजपुत, अनमोल राजपुत व कुलदीप गुज्जर वासी लालपुरा के साथ हुआ था।

## 40 हजार से अधिक पौधारोपण कर इतिहास के प्रोफेसर दलजीत कुमार ने रचा इतिहास

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** जब पर्यावरण संरक्षण की बात होती है, तो अक्सर सरकारी योजनाएं और घोषणाएं चर्चा में आती हैं। लेकिन कुछ लोग अपने व्यक्तिगत प्रयासों से मिसाल बन जाते हैं। ऐसे ही एक प्रेरणास्रोत हैं हरियाणा के ह्यग्रीनमैनह्ल के नाम से प्रसिद्ध 04दिसम्बर, 1981 में गांव बैंसी, जिला रोहतक में प्रकाश चन्द्र और स्वर्गीय रोशनी देवी के घर जन्मे प्रोफेसर दलजीत कुमार जिन्होंने बीते 11 वर्षों में पर्यावरण सेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया है। 2012 में सरकारी कॉलेज गोहाना से बतौर इतिहास के सहायक प्रोफेसर अपनी सेवा यात्रा शुरू करने वाले ग्रीनमैन प्रो. दलजीत कुमार का स्थानांतरण जुलाई 2014 में सरकारी कॉलेज इसराना में हुआ। यहीं से उनका पर्यावरण के प्रति



समर्पण एक जनआंदोलन का रूप लेने लगा। उन्होंने 2015 में कॉलेज परिसर को हराभरा करने का बीड़ा उठाकर कॉलेज को विद्यार्थियों के सहयोग से ग्रीन हाउस में बदल दिया। पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को घर-घर पहुंचाने के लिए 2017 में वृक्ष मित्र समूह का गठन करके विभिन्न कॉलेज परिसरों, अस्पतालों, थानों, श्मशान घाटों, मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण अभियान आरम्भ किया जो आज दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है। अपने वेतन का 5 से 10 प्रतिशत तक पर्यावरण के लिए खर्च करना शुरू। जो अब बढ़कर 15 प्रतिशत तक हो गया है। 30 सितंबर 2021 को देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत से स्थानांतरित होने पर 2021 में निजीकोष से हर्बल-बॉटनिकल गार्डन स्थापित करने के बाद हर्बल गार्डन की मुहीम को जनांदोलन बनाकर हरित हरियाणा अभियान के अंतर्गत अब तक हरियाणा के विभिन्न भागों में निजीकोष से 22 हर्बल गार्डन स्थापित कर चुके है।जिसमे प्रमुख राजकीय महाविद्यालय बरवाला, पंचकूला, राजकीय महाविद्यालय पाढा, करनाल में स्वामी दयानंद सरस्वती हर्बल-बॉटनिकल गार्डन, राजकीय कन्या महाविद्यालय चीका, कैथल में कल्पना चावला हर्बल-बॉटनिकल गार्डन, राजकीय महाविद्यालय मटकमाजरी, इंद्री में शहीद उधमसिंह हर्बल-बॉटनिकल गार्डन, राजकीय महाविद्यालय घरौंडा में हर्बल-बॉटनिकल गार्डन, राजकीय महाविद्यालय भूना, फतेहाबाद में हरियाणा का पहला हर्बल मेडिटेशनल गार्डन, आई. बी. कॉलेज पानीपत में हर्बल-बॉटनिकल गार्डन, सिविल अस्पताल पानीपत में हर्बल-ऑक्सीजन गार्डन, रिफाइनरी पानीपत में हर्बल-ऑक्सीजन गार्डन, स्काईलार्क पानीपत में हर्बल ऑक्सीजन गार्डन, सुगरमिल पानीपत में हर्बल-ऑक्सीजन बाग, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्थान पानीपत एल्डिको पानीपत सहित अनेक महाविद्यालयो, स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर हर्बल-गार्डन स्थापित किए जा चुके है।

## शैलेश सी. मेहता फर्टिलाइजर एसो. ऑफ इंडिया के चुने गए अध्यक्ष

**पानीपत:** देश की सार्वजनिक, संयुक्त और निजी क्षेत्र की उर्वरक इकाइयों का प्रतिनिधित्व करने वाले संघ - फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई) ने दीपक फर्टिलाइजर्स एंड पेट्रोकेमिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड और महाधन एग्रीटेक लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक शैलेश सी. मेहता को अपना नया चेयरमैन चुना है। उद्योग में चार दशकों से अधिक का अनुभव रखने वाले मेहता इससे पहले फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (पश्चिमी क्षेत्र) के चेयरमैन के रूप में पांच वर्षों से अधिक समय तक अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इस अवसर पर मेहता ने कहा, भारत की खाद्य संकट की स्थिति से एक वैश्विक कृषि निर्यातक बनने की यात्रा अत्यंत प्रेरणादायक रही है। उर्वरक उद्योग इस यात्रा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आ रहा है और अब हमारा ध्यान अधिक संतुलित और पोषण-कुशल उर्वरकों पर केंद्रित है, जो सतत विकास का समर्थन करते हैं। मैं स्वयं को सरकार, उद्योग और किसानों के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करते हुए गौरवान्वित महसूस करता हूं जिससे भारतीय किसान और कृषि उत्पादकता को वैश्विक मानचित्र पर एक नई ऊंचाई तक ले जाया जा सके।

## निगम की ऑनलाइन ट्रांसफर पोलिसी को खुद निगम अधिकारी ही लगा रहे हैं पलीता

**फरीदाबाद:** रूपेश कुमार
फरीदाबाद: 04 जून, प्रदेश सरकार ने ऑनलाइन ट्रांसफर पोलिसी में पारदर्शिता लाने के लिये प्रादेशिक कर्मचारियों हेतु विभिन्न विभिन्न विभागों में जिनमे बिजली निगम में इस ऑनलाइन ट्रांसफर पोलिसी को लागू किया जिसका प्रारूप स्पष्ट यह था कि बिना किसी सिफारिश एवम मतभेद के सरकारी महकमों में लगे हजारों कर्मचारियों को इसका फायदा हो इसी के तहत जिनमे बिजली निगम के डिवीजन एकाउंटेंड, एसडीओ, जेई फर्स्ट, एलडीसी, जेई, यूडीसी और कमर्शियल



असिस्टेंट यानी सीए आदि कर्मियों के लिये इस पोलिसी को जनवरी 2022 से वार्षिक अंकों के आधार पर कर्मचारियों के लिये लागू किया । लेकिन आज भी बिजली निगम के अधिकारी (एसडीओ, एक्सईएन, एसई सहित उच्च अधिकारी) ने अपनी मनमर्जी के चलते ना उनके ऑप्शन खोलते हैं या अपने चहेते कर्मचारी को तबादला हुए दफ्तर से पोलिसी के तहत दूसरे दफ्तरों में ट्रांसफर होकर जाने नही देते और वह आज भी उसी पुराने दफ्तर में बखूबी काम को कर रहे हैं यानी इसका साफ मकसद यह देखने को मिलता है । ऐसे में कहीं ना कहीं ऐसे अधिकारियों की मंशा पर सवाल उठाते हुए एचएसईबी वर्कर यूनियन को शक हो रहा है जो सरकार के आदेशों और निगम प्रबंधन सहित उच्च आदेशों को ताक पर रख कर इस ऑनलाइन ट्रांसफर पोलिसी को आज भी पलीता लगा रहे हैं । जिसका विरोध एचएसईबी वर्कर यूनियन ने अपने माँग पत्र में लिखित रूप से विद्युत सदन हिसार एमडी महोदय कार्यालय को अवगत कराते हुए बताया था कि उत्तर हरियाणा और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण के सभी सर्कलों का आलम यही हो रहा है । यह गम्भीर आरोप हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन के नेताओं ने लगाये हैं । इसी का एक उदाहरण फरवरी 2024 में कुछ कर्मचारी तबादले हुए जिनमे डिवीजन ओल्ड फरीदाबाद की सब डिवीजन वेस्ट से पूजा यूडीसी का सूरजकुण्ड दफ्तर में व निशा यूडीसी का ओल्ड डिवीजन से वेस्ट में दफ्तर में ऑनलाइन के तहत ट्रांसफर हुआ लेकिन जो आज भी उन्ही दफ्तरों में कार्यरत हैं ।

## एक राष्ट्र एक चुनाव के संबंध में बार एसोसिएशन के कार्यालय में हुई संगोष्ठी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**देश** के तेजी के तेजी से विकास के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव अत्यंत में जरूरी है बार-बार चुनाव होने से बार-बार चुनाव आचार संहिता लगती हैं. जिससे विकास कार्यों की गति धीमी पड़ जाती है. मोदी जी का सपना 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का है ये शब्द प्रदेश महामंत्री भाजपा डॉक्टर अर्चना गुप्ता ने कहे। डा अर्चना गुप्ता नें कहा की यदि इसी प्रकार बार-बार चुनाव आचार संहिता लगने से विकास कार्य प्रभावित होंगे तो



यह लक्ष्य प्राप्त करने में दिक्कत होगी।
डॉक्टर अर्चना गुप्ता ने आगे कहा बार-बार चुनाव होने से देश की रक्षा व सुरक्षा कमजोर पड़ती है इसलिए देश की रक्षा और सुरक्षा के लिए भी एक राष्ट्रीय चुनाव जरूरी है
डॉक्टर अर्चना आगे ने कहा की चुनाव आचार संहिता के दौरान नीतिगत पंगुता जैसी स्थिति बन जाती है।विकास कार्य छोड़िए रोजमर्रा के काम की प्रभावित होते हैं डॉक्टर अर्चना गुप्ता ने कहा देश एक चुनावी भंवर में फंस कर रह गया है इसको एक राष्ट्र एक चुनाव से ही निकाला जा सकता है संगोष्ठी में डॉक्टर डॉक्टर अर्चना गुप्ता ने अपने संबोधन के बाद अधिवक्ता साथियों के प्रश्नों के जवाब भी दिए. अंत में डॉ अर्चना गुप्ता ने अधिवक्ता साथियों से एक राष्ट्र एक चुनाव के अभियान को और अधिक गति देने का अनुरोध किया।

## सनौली ग्राम सचिवों को किया प्रशिक्षित

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में जैव विविधता प्रबंधन समिति (बीएमसी) के पुनर्गठन संबंध में सनौली में बुधवार को ग्राम सचिवो के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें सनौली ब्लॉक के ग्राम सचिव शामिल हुए। हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के जिला समन्वयक कुलदीप शर्मा ने बताया कि जागरूक और शिक्षित बीएमसी बनाने के लिए ग्राम सचिवों को ट्रेनिंग करवाई जा रही है।उन्होंने बताया कि जैव विविधता अधिनियम, 2002 के अनुसार, जिले में जैव विविधता प्रबंधन समितियां गठित की जा रही हैं।

## स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित की जा रही हैं गतिविधियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत रोजाना गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। बुधवार को नगर निगम कार्यालय में क्षमता निर्माण प्रशिक्षण गतिविधि आयोजित की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने की।
उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण गतिविधि को लेकर नगर निगम के सफाई निरीक्षक, सहायक सफाई निरीक्षक, दरौगा, सुपरवाईजर, स्वास्थ्य स्वच्छता निरीक्षक, मोटीवेटर तथा नगर निगम के स्टाफ को स्त्रोत पृथक्करण, एकल प्रयोग प्लास्टिक



का प्रयोग न करना, प्लास्टिक रिसाईकिल, पर्यावरण अनुकूल वस्तुएं प्रयोग करना, हानिकारक पॉलीथिन की जगह कपड़े या जूट के बैग इस्तेमाल करना तथा कला के जरिए बेकार प्लास्टिक से सुंदर चीजें बनाना इत्यादि को लेकर क्षमता निर्माण किया गया।
उन्होंने कहा कि हमें अपनी दिनचर्या से एकल प्रयोग प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करना होगा। इसकी शुरूआत हमें स्वयं से ही करनी होगी। इसके बाद हमें अपने घर, परिवार, गली, समाज व मौहल्ले में नागरिकों को हानिकारक प्लास्टिक व पॉलीथिन का विकल्प इस्तेमाल में लाने के लिए जागरूक करना होगा।
उन्होंने बताया कि प्लास्टिक कचरे को कम करने और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए प्लास्टिक कप, प्लेट, कटलरी, स्ट्रॉ और रैपर सहित कुछ एकल उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाया गया है। पर्यावरण पर एकल प्रयोग प्लास्टिक के कारण गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है। यह समुद्र और लैंडफिल में इकठ्ठा होकर इसे दूषित करता है, जिसकी वजह से मिट्टी, पानी और हवा भी प्रदूषित हो जाती है। इसके प्रयोग के कारण जहरीले रसायन वातावरण में फैल जाते हैं, जिससे कई हानिकारक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। एकल प्रयोग प्लास्टिक प्रदूषण का पर्यावरण, मुनष्य स्वास्थ्य और वन्य जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

## मोदी के नेतृत्व में भारत की सैन्य शक्ति और आर्थिक ताकत तेजी से बढ़ रही है: डा. पूनिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** ह्यह्यमोदी सरकार के 11 साल-संकल्प से सिद्धि तकह्लह्ल लोकसभा स्तर की कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने मोदी सरकार के 11 साल में भारत को दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता देश बताया। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की सैन्य शक्ति और आर्थिक ताकत तेजी से बढ़ रही है। जबकि प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए ऑपरेशन सिंदूर को भारत की बढ़ती सामरिक शक्ति का प्रतीक बताया।सोनीपत भाजपा कार्यालय



में आयोजित इस कार्यशाला में अन्य नेताओं ने मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की। इस कार्यशाला में संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, मंत्री राजेश नागर, राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, विधायक देवेंद्र अत्री, विधायक निखिल मदान, विधायक पवन खरखौदा, पूर्व मंत्री बिशम्बर वाल्मीकि, कार्यशाला के संयोजक सतीश नांदल, सोनीपत मेयर राजीव जैन, सोनीपत जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, जींद जिला अध्यक्ष तेजेन्द्र ढुल, गोहाना जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने भी अपने विचार रखे। संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने संगठनात्मक विषयों पर कार्यकताओं को जानकारी दी। भाजपा प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष ने सोनीपत जिला भाजपा कार्यालय परिसर में ह्लएक पेड़ माँ के नामह्ल कार्यक्रम के तहत पौधारोपण भी किया। भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में ह्लसंकल्प से सिद्धिह्ल के लक्ष्य के प्रति संकल्पित होकर देश के सभी वर्गों के उत्थान लिए चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर, सशक्त और मजबूत हो रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की सैन्य शक्ति और आर्थिक ताकत तेजी से बढ़ रही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेना ने हर भारतीय को गौरवान्वित किया है।
डा. सतीश पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रतिष्ठा पूरे विश्व में अपने चरम पर पहुंच गई है। डा. पूनिया ने कहा कि अब भारत दूसरे देशों पर निर्भर नहीं रहता है। हमारी गिनती शीर्ष चार अर्थव्यवस्था वाले देशों में होती है। पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 साल उपलब्धियों वाले रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष विकास को समर्पित रहे हैं। देश ने पिछले एक दशक में विरासत से विकास की प्रेरणादायक यात्रा का अनुभव

## हरियाणा की बेटियों ने जूनियर नेशनल सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में रचा इतिहास

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़**
29 मई से 2 जून, 2025 तक पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ में आयोजित जूनियर नेशनल सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में हरियाणा की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया और रजत पदक (सिल्वर मेडल) अपने नाम किया।इस गौरवशाली उपलब्धि पर हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने विजेता टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।
हरियाणा टीम का हिस्सा रहीं



गुरुग्राम जिले की मैत्री इंटरनेशनल स्कूल की छात्राएं – रितु यादव व तनवी शर्मा ने पूरे जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। गुरुग्राम लौटने पर इन होनहार खिलाड़ियों का जिला सॉफ्टबॉल संघ गुरुग्राम एवं मैत्री इंटरनेशनल स्कूल की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इन खिलाड़ियों को हरियाणा सरकार की खेल नीति के तहत आगामी समय में स्कॉलरशिप एवं अन्य सुविधाओं का भी लाभ प्राप्त होगा, जो इनके भविष्य को और अधिक सशक्त बनाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### प्रत्येक सप्ताह सोमवार और बृहस्पतिवार को आयोजित होगें समाधान शिविर: डीसी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** डीसी अजय सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर के तहत अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन प्रत्येक सोमवार व प्रत्येक बृहस्पतिवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का आयोजन पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। जिला स्तरीय समाधान शिविर उपायुक्त कार्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बराड़ा व नारायणगढ़ एसडीएम कार्यालय में आयोजित होंगे। डीसी ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना, ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रहा है।
डीसी ने कहा कि मुख्यालय स्तर पर समाधान प्रकोष्ठ स्थापित की गई है जहां समाधान शिविर की शिकायतों की मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला स्तर पर भी प्रत्येक हफ्ते समाधान शिविर की शिकायतों की मॉनिटरिंग की जा रही है। जिन शिकायतों का त्वरित समाधान संभव होता है उनका ऑन द स्पॉट ही समाधान करते हुए नागरिकों को राहत प्रदान की जाती है व जो समस्याएं पॉलिसी निर्माण से संबंधित हैं उन्हें मुख्यालय में भेजा जाता है ताकि उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं।

### अराइयावाला में लगा गंदगी का ढेर



**टीम एक्शन इंडिया /यमुनानगर।** यमुनानगर के गांव अराईयाँ वाला में तालाब की सफाई न होने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है अभी बरसात का सीजन शुरू भी नहीं हुआ है और तालाब गंदगी घास और गाद से अटा पड़ा है। तालाब का पानी ओवरफ्लो होने के कारण साथ लगते घरों और खेतों में तालाब का पानी घुस गया है। गंदे पानी के कारण बदबू और मक्खी मच्छरों ने जीना दुश्वार किया हुआ है। पिछले वर्ष गांव में डेंगू व टाइफाइड का कहर बरपा था उसे समय गांव में ऐसा कोई भी घर नहीं था जिसमें डेंगू और मलेरिया का मरीज ना हो। इस बार भी हालत में कुछ ज्यादा सुधार नहीं हुआ है। सरपंच को तालाब की सफाई करने की गुहार लगाई गई है।

# नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाने को चलाया जागरण अभियान

## किसी भी अनजान व्यक्ति को अपने बैक खाता/क्रैडिट/डेबिट कार्ड की जानकारी साझा ना करें

**जागरण**

▢ कार्यक्रम में लगभग 390 आम नागरिकों, पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों व राहगीरों ने भाग लिया





**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत सिंह कपूर भापुसे के निर्देशानुसार, पुलिस महानिरीक्षक अम्बाला मंडल पंकज नैन भापुसे के नेतृत्व एवं पुलिस अधीक्षक अम्बाला अजीत सिंह शेखावत भापुसे के कुशल मार्गदर्शन में 4 जून 2025 को हर्बल पार्क अम्बाला शहर में अम्बाला पुलिस ने साईबर जागरूकता अभियान चलाकर आम नागरिकों को साइबर अपराधों से बचने बारे जागरूक कर साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। कार्यक्रम में लगभग 390 आम नागरिकों, पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों व राहगीरों ने भाग लिया। साइबर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थितगणों को निरीक्षक ऋषिपाल, साइबर एक्सपर्ट बबित कौशल व साइबर सैल अम्बाला के स.उ.नि. फकीर चन्द ने साईबर अपराधों से बचने बारे विशेष जानकारी दी। उन्होंने बतलाया कि किसी भी अनजान व्यक्ति की कॉल पर भरोसा करके आप अपने बैक खाता/क्रैडिट/डेबिट कार्ड की जानकारी साझा ना करें। अपने फेसबुक, व्हटसएप्प का पासवर्ड समय-समय पर बदलते रहे। ओटीपी को किसी से भी शेयर ना करे, किसी भी अनजान व्यक्ति का वीडियो काल ना उठाएं। बिना जानकारी के लालचवश ऑनलाईन सस्ते सामान को ना खरीदे। पुलिस वर्दी में वीडियो कॉल करके डिजिटल अरेस्ट करने वालों से ना डरें। चार धाम यात्रा के नाम पर ऑनलाईन हैलीकाप्टर बुकिंग, होटल बुकिंग आदि के नाम पर साइबर ठगी करने वालों से सतर्क रहें। साइबर अपराध से बचने हेतू सतर्कता बरतें तथा दूसरों को भी जागरूक करें। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने बतलाया कि अम्बाला पुलिस द्वारा साइबर जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को साइबर अपराधों व धोखाधडी करने वाले ठगों से बचाना और जागरूक करना है। उन्होंने बतलाया कि साइबर अपराध घटित होने पर तुरन्त साइबर क्राईम हैल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल करें।

# फायर करने के मामले में पुलिस ने पकड़े दो इनामी आरोपी




**अपराध**

▢ आरोपी सूरज ने बतलाया कि 21 मार्च को मोटरसाईकिल पर सवार होकर उसने गाड़ी पर फायरिंग की थी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना नारायणगढ़ में दर्ज गाड़ी पर फायर करने के मामले में 3 जून 2025 को सीआईए-1 के सह उपनिरीक्षक सुखबीर सिहं व पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिंह के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी सूरज निवासी गाँव मारवा खुर्द थाना बिलासपुर जिला यमुनानगर तथा उसके वारदात में शामिल उसके साथी तरणजीत सिंह निवासी खरादीयान छछरौली जिला यमुनानगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 3 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया।
अब तक की पूछताछ में आरोपी सूरज ने बतलाया कि 21 मार्च 2025 को मोटरसाईकिल पर सवार होकर उसने गाड़ी पर फायरिंग की थी तथा तरणजीत सिंह भी उसके साथ वारदात में शामिल था।


# जिले में हुए सड़क हादसों दो लोगों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में घटित दो अलग-अलग सडक दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। एक मामला निसिंग क्षेत्र का है, जहां तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। वहीं दूसरा हादसा सेक्टर-12 के पास हुआ, जहां एक तेज रफ्तार टेंपो ने स्कूटी को पीछे से टक्कर मारी, जिसमें बुजुर्ग की मौत हो गई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला निसिंग थाना क्षेत्र का है। मंचूरी गांव निवासी रवि ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2 जून को वह किसी निजी काम से करनाल आया था। इसी दौरान उसके मामा का बेटा सन्नी भी किसी काम से करनाल आया हुआ था। दोपहर करीब 12 से 1 बजे के बीच जब दोनों अपने.अपने बाइक पर वापस गांव जा रहे थे तो कतलेहड़ी मोड़ से पहले सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक कार ने सन्नी की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि सन्नी का सिर सडक में जा लगा। रवि ने कार का नंबर नोट किया और राहगीरों की मदद से सन्नी को पहले जुण्डला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे करनाल सिविल अस्पताल और फिर कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रवि के अनुसार हादसे में लगी गंभीर चोटों के चलते सन्नी की मौत हुई है।

# कैंट में 38 करोड़ रुपए की लागत से बिजली का ढांचा बदलेगा : विज

**विद्युत**

▢ 38 करोड़ रुपए की लागत से अम्बाला छावनी में बिजली की तारों, खंभो, ट्रांसफार्मरों को बदला जायेगा।



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी में लगभग 38 करोड़ रुपए की लागत से बिजली का ढांचा बदला जाएगा और विकसित देशों की तर्ज पर विद्युत आपूर्ति की जाएगी।
पत्रकारों से बातचीत के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि इस कार्य का टेंडर मंजूर हो चुका है। उन्होंने बताया लगभग 38 करोड़ रुपए की लागत से अम्बाला छावनी में बिजली की तारों, खम्भों, ट्रांसफार्मरों का जितना भी ढांचा है वह सारे का सारा बदला जाएगा और इसे नंबर वन बनाया जाएगा।
ऊर्जा मंत्री ने बताया कि इस कार्य के होने से बिजली फाल्ट शून्य होगा और इसी को ध्यान में रखते हुए यह कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा सभी जगह पर पूरी वोल्टेज मिलेगी तथा इसके लिए वोल्टेज को कैलकुलेट किया गया है। बिजली ढांचे को मजबूत व आधुनिक बनाने के लिए इंसुलेटेड तारे (तार घेरती है और उसकी सुरक्षा करती है) लगाई जाएगी जिससे हादसों का खतरा कम होगा। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसी व्यवस्था विकसित देशों का परफेक्ट तरीका है।
गौरतलब है कि अंबाला छावनी 24 घंटे उच्च गुणवत्तापरक बिजली आपूर्ति के लिए लगभग 38 करोड रुपए की मंजूरी प्रदान की गई है। इसके तहत 232 सर्किट कि.मी. एलटी नंगे कंडक्टर को विभिन्न आकारों के एलटी आर्मर्ड एक्सएलपीई केबल से बदलना, 77 सर्किट कि.मी. नए एसीएसआर कंडक्टर/एक्सएलपीई केबल के साथ मौजूदा 11केवी लाइन का विभाजन/संवर्द्धन और 127 नंबर वितरण ट्रांसफार्मरों का विस्तार तथा अन्य कई कार्य शामिल हैं। अनिल विज के प्रयासों से अम्बाला छावनी में लगभग 20 किमी. लंबी 33 केवी लाइन हटने पर प्रतिक्रिया देते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि बहुत देर से कई कालोनियों के ऊपर से 33केवी की तार जा रही थी जिसे हटाया गया है। पहले कई हादसे इस तार की वजह से हो रहे थे। अब इसके हटने से लोगों को फायदा होगा। घरों के ऊपर तारे हटने से खतरा कम होगा तथा लोग अपने भवनों को भी ऊपर बना सकेंगे।

# इंद्री शहर में अतिक्रमण से आमजन परेशान, लग रहा जाम

**टीम एक्शन इंडिया/मैनपाल कश्यप**
**इंद्री। इंद्री** शहर की सड़कों पर अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। शहर के मुख्य बाजार, चौक-चौराहे और व्यावसायिक क्षेत्र जाम की चपेट में हैं, जिससे आम नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।
दुकानदारों द्वारा सड़कों पर सामान फैलाने और भारी वाहनों के खुलेआम खड़े रहने से शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से



चरमरा गई है। मेन बाजार, बस स्टैंड, नागरिक अस्पताल चौक, बाल्मीकि चौक, विश्वकर्मा चौक और मैन चौक पर हालात सबसे खराब हैं। यहां कभी ट्रैफिक आराम से गुजरता था, लेकिन अब स्थिति इतनी खराब हो गई है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

**जाम**

▢ शहर के मुख्य बाजार, चौक-चौराहे, बाजार, रोड और व्यावसायिक क्षेत्र जाम की चपेट में हैं

**दुकानों के आगे सड़क पर रखा जाता है सामान:** स्थानीय नागरिक मनोज कुमार, राजबीर, श्यामलाल, रामचंद्र, रामकुमार और ऋषिपाल ने बताया कि कई दुकानदार अपनी दुकानों के आगे 5 से 10 फुट तक सामान सड़क पर रख देते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है। कुछ दुकानदारों ने तो अपने गोदाम बाजार में ही बना लिए हैं, जहां दिनभर भारी वाहन खड़े रहते हैं।
**जाम के कारण हो चुके हैं हादसे**
लोगों ने बताया कि अतिक्रमण के चलते कई बार सड़क हादसे भी हो चुके हैं। जाम की स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में भी समय

# जनसंपर्क अभियान में पीपली में हुई पंचायत, गोहाना में नहीं होंगे शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा/सोनीपत/ बुधवार** को खरखौदा के पिपली गाँव मे संघर्ष समिति के द्वारा चलाए जा रहे जन समर्पक अभियान के तहत एक पंचायत की गई। जिसमें भारी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। पंचायत में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पास किया की हम किसी भी हालात में गोहाना जिले में शामिल नहीं होंगे। हमको सोनीपत जिले में ही रखा जाए। पंचायत को संबोधित करते हुए खरखौदा संघर्ष समिति के संयोजक विकेश दहिया ने कहा कि अगर सरकार जनसुविधा



और जनभावना को नजरअंदाज कर नए गोहाना जिले में शामिल करने का प्रयास करेगी तो उसका पुरजोर विरोध किया जाएगा और किसी भी हालात में प्रस्तावित गोहाना जिले में शामिल नहीं होंगे। जनसंपर्क अभियान के तहत नरेंद्र ठेकदार सेहरी, राकेश सिसाना, पृथी सिंह झरोठ, प्रवेश खांडा, सत्ते मिस्त्री खरखौदा, आशीष चोलका आदि मौजूद रहे।

## साईकिल यात्रा का आयोजन सात जून को

**टीम एक्शन इंडिया /मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हमारा भारत देश महान था, है और सदा रहेगा। भारत देश में प्राचीन संस्कृति से सजी असंख्य विरासत है, जो आज भी हमें महानता का संदेश दे रही है। ऐसी अनेक विरासत अंबाला में भी मौजूद है तथा उनसे जुड़ने के लिए, उनकी महानता को सीखने के लिए ब्रह्मा कुमारीज अंबाला कैंट द्वारा अनदेखा भारत प्रोजेक्ट के अंतर्गत मेरा भारत मेरी शान साइकिल यात्रा का आयोजन 7 जून को सुबह 5:30 बजे किया जा रहा है। यह साइकिल रैली भारत एकता, स्वस्थ जीवन शैली तथा विरासत के महत्व का संदेश लेकर भेड़े वाला पीर, श्याम नगर से निकलकर पंजोखरा साहिब गुरुद्वारा तक पहुंचेगी।

# क्रिमिनल जस्टिस में खुशी का इरा किरदार है अनोखा

**टीम एक्शन इंडिया/मैनपाल कश्यप**
**इंद्री।** अप्लॉज एंटरटेनमेंट और डिज्नी+ हॉटस्टार के "क्रिमिनल जस्टिस" के बहुप्रतीक्षित चौथे सीजन, जिसका शीर्षक "क्रिमिनल जस्टिसः ए फैमिली मैटर" है, ने अपने हालिया प्रीमियर के बाद से ही दर्शकों को आकर्षित किया है, और युवा अभिनेत्री खुशी भारद्वाज ने बेहतरीन अभिनय किया है। भारद्वाज ने इरा की चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाई है, जो सुरवीन चावला और मोहम्मद जीशान अय्यूब द्वारा निभाए गए किरदारों की बेटी है, और एक हाई-स्टेक मर्डर मिस्ट्री में एक प्रमुख संदिग्ध है। उनके चित्रण को विशेष रूप से आकर्षक बनाने वाली बात इरा



का एस्परगर सिंड्रोम से संघर्ष है। "क्रिमिनल जस्टिसः ए फैमिली मैटर" नागपाल परिवार की जटिल गतिशीलता पर आधारित है। अपने ऑडिशन और इस किरदार को निभाने के बारे में खुशी ने कहा "ईमानदारी से कहूं तो इस किरदार को निभाना एक सपने जैसा था! ऐसी सफल फ्रैंचाइज का हिस्सा बनना अविश्वसनीय था। इंडस्ट्री के सबसे प्रतिभाशाली अभिनेताओं में से एक के साथ काम करना सम्मान की बात थी। और, ईमानदारी से कहूं तो, विशेष जरूरतों वाले ऐसे महत्वपूर्ण किरदार को निभाना? ईमानदारी से कहूं तो, हम इस भूमिका के लिए ऑडिशन देने को लेकर थोड़े अनिश्चित थे, खासकर तब जब मेरी 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा उसी समय हो रही थी। लेकिन, हमने इसके लिए हामी भरी! मैंने इरा की स्थिति (एस्परगर सिंड्रोम) के बारे में बहुत सारे वीडियो देखे और इसे प्रामाणिक रूप से चित्रित करने की पूरी कोशिश की।"
उन्होंने आगे कहा "मैं आने वाले एपिसोड के बारे में बहुत कुछ नहीं बता सकती, लेकिन मैं आपको आश्वस्त कर सकती हूं कि इसमें बहुत सारे कोर्टरूम ड्रामा और भावनात्मक दृश्य हैं!
एस्परगर सिंड्रोम वाले किरदार को निभाना आसान नहीं था, लेकिन यह बहुत मुश्किल भी नहीं था। अपने स्कूल में दिव्यांग बच्चों से बातचीत करने का मौका मिलने से उनको मालूम है।

**मनोरंजन**

▢ खुशी इसमें सुरवीन चावला और मोहम्मद जीशान अय्यूब द्वारा निभाए गए किरदारों की बेटी है

# स्वास्थ्य सेवाएं ठपः इंद्री अस्पताल में डॉक्टरों की भारी कमी

**टीम एक्शन इंडिया/मैनपाल कश्यप**
**इंद्री। स्वास्थ्य** सेवाओं को लेकर बड़े-बड़े दावे करने वाली हरियाणा सरकार की हकीकत इंद्री उपमंडल में साफ झलकती है, जहां का नागरिक अस्पताल खुद इलाज का मोहताज बन चुका है। डॉक्टरों और बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी के चलते मरीजों को सही इलाज नहीं मिल पा रहा, जिससे स्थानीय नागरिकों में रोष है।
**17 पद स्वीकृत, पर सिर्फ 5 डॉक्टर कार्यरत**
इंद्री नागरिक अस्पताल में 17 डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन फिलहाल केवल 5 स्थायी डॉक्टर तैनात हैं। इनमें से एक महिला डॉक्टर भी नीलोखेड़ी से डिप्यूटेशन पर आई हुई हैं, जो



गर्भवती महिलाओं का इलाज करती हैं।
**ग्रामीण पीएचसी पूरी तरह से डॉक्टरविहीन**
अस्पताल के अधीन आने वाली तीन पीएचसी झ खुखनी, ब्याना और भादसो झ में हालात और भी गंभीर हैं। खुखनी और ब्याना में तो एक भी डॉक्टर मौजूद नहीं है, जबकि भादसो में मात्र एक डॉक्टर काम कर रहा है। इससे आसपास के ग्रामीणों को इलाज के लिए बार-बार इंद्री या अन्य शहरों में जाना पड़ता है।
**विशेषज्ञ डॉक्टर गायब झ मरीजों को रेफर किया जा रहा**
अस्पताल में नेत्र रोग, ईएनटी (कान-नाक-गला), हड्डी, चमड़ी, मानसिक रोग, मेडिसिन और बच्चों के विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात नहीं हैं। जटिल या विशेष मामलों में मरीजों को अन्य जिलों में रेफर किया जाता है।
**ऑक्सीजन सिलेंडर खाली, जनरेटर बंद**
स्थानीय निवासी राजबीर, श्यामलाल, मनोज, सुभाष, धर्मा और रामचंद्र ने बताया कि अस्पताल की स्थिति बद से बदतर है ब्लड स्टोरेज यूनिट में तैनात कर्मचारी अक्सर ड्यूटी से गायब रहते हैं। ऑक्सीजन सिलेंडर खाली पड़े हैं, जनरेटर चालू नहीं है। बिजली कटने की स्थिति में अस्पताल अंधेरे में डूब जाता है, जिससे इमरजेंसी इलाज करना मुश्किल हो जाता है।
**मास्क और उपकरण डॉक्टर खुद खरीद रहे**
अस्पताल में ऑक्सीजन मास्क, फोकस लाइट, भाप लेने वाले मास्क जैसे आवश्यक उपकरण उपलब्ध नहीं हैं।
**दवाइयों और रिपोर्ट में देरी से मरीज परेशान**
अस्पताल में आवश्यक दवाइयों की भी कमी है, जिससे मरीजों को बाहर से महंगी दवाएं खरीदनी पड़ती हैं।

**स्वास्थ्य**

▢ डॉक्टरों और बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी के चलते मरीजों को सही इलाज नहीं मिल पा रहा

# यमुनानगर में बाढ़ राहत बचाव के कार्य पत्थरों की कमी के चलते खटाई

**टीम एक्शन इंडिया/धर्म बीर**
**यमुनानगर। इस** बार बाढ़ राहत बचाव के कार्य पत्थरों की कमी के चलते खटाई में पड़ते नजर आ रहे हैं। सिंचाई विभाग के ठेकेदारों ने लिखित में आला अधिकारियों को पत्थरों की कमी की स्थिति से अवगत कराया है। सिंचाई विभाग के मुताबिक चार से पांच ठेकेदारों ने लिखित में पत्थरों का कार्य करने में असमर्थता जताई है जिसमें ठेकेदारों ने जिले में पत्थरों की वैध खनन ब्लॉक न होना बताया है। ठेकेदारों के मुताबिक बिना वैध खनन ब्लॉक के पत्थरो की सप्लाई करना उनके लिए नामुमकिन है। प्रशासन द्वारा



कलेसर हथनीकुंड ताजेवाला आदि यमुना नदी के साथ लगते क्षेत्र में अवैध रूप से पत्थर चुराने वालों पर शिकंजा कसा हुआ है। वहीं जिला प्रशासन भी इस बार अवैध खनन को लेकर किसी प्रकार के ढिलाई के मूड में नहीं है जिससे पत्थरों की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। वहीं सिंचाई विभाग के ठेकेदारों द्वारा 10 के करीब साईटों पर पत्थर डाल दिया गया है। इको सेंसेटिव जोन में यमुना नदी में चल रहे बाढ राहत कार्यों को प्रशासन द्वारा प्रभाव से बंद करवा दिया गया है। वन विभाग ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कार्य बंद करने को लेकर जवाब मांगा था।

# पंचायती जमीनों की उचित दाम पर बोली न होने पर वन विभाग को सौंपी जाएगी जमीन: उपायुक्त

टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने सभी एसडीओ व जेई को आदेश दिए की मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित सभी पंचायतों के विकास कार्य समय सीमा के अंदर पूरे किए जाए। अन्यथा संबंधित अधिकारी व कर्मचारी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार की अध्यक्षता मे बुधवार को पंचायती विभागों के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई । बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रगतिशील विकास कार्यों की समीक्षा की व उन्होंने सभी पंचायती विभाग से संबंधित अधिकारियों को आदेश दिए की



सभी विकास कार्य उनकी समय सीमा मे संपन्न हो व कार्य की गुणवत्ता में कोई कमी न हो। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित सभी विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए जिससे उन्होंने बताया कि 30 जून तक सबोली गांव का सचिवालय का कार्य पूरा कर लिया जाएगा व पल्डी खुर्द का स्टेडियम का कार्य भी पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पबसरा गांव के सचिवालय का कार्य भी जल्द ही पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि शाहपुर की व्यायामशाला का कार्य भी जल्द पूरा होगा व आनंदपुर गांव के रोड के साथ लगते पार्क का कार्य भी जल्द ही पूरा होने वाला है। ये सभी कार्य अपने अंतिम चर्ण है। उन्होंने बताया कि नाहरा गांव के 12 विकास कार्य को जल्दी से पूरा कर लिए जाएगा। जिसमे गंगेसर तालाब का कार्य पूरा हो गया है व सामुदायिक केंद्र, दादा देव वाला तालाब, खेतों के रास्ते व अन्य सभी कार्य जल्द ही पूरे कर लिए जाएगे। उपायुक्त ने कहा कि सभी पंचायतों मे प्रयास करें कि पंचायत बजट का 20 प्रतिशत पैसा महिला सशक्तिकरण व युवाओं को खेलों में बढावा देने पर खर्च किया जाए। उन्होंने सभी बीडीपीओ को आदेश दिए सभी गांवों में शमशान घाट के रास्तों व जोहड़ पर अवैध कब्जे न हों, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने भंडेरी गांव के स्टेडियम की मरम्मत के आदेश देते हुए संबंधित बीडीपीओ को मौके पर जाकर मुआयना करने के भी आदेश दिए। उन्होंने बताया कि सभी गांवों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएं। उपायुक्त ने कहा कि पंचायती जमीने जिनकी उचित दामों पर बोली हो रही है। वो सभी पंचायती जमीने वन विभाग को दी जाएगी। वन विभाग उन पंचायती जमीनों पर फलदार पौधे लगाएगा।

# स्व. पंडित जय किशन शर्मा के जन्म दिवस के अवसर पर लगाए 71 पौधे

टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत

गांव कंवाली के मुक्तिधाम और व्यायाम शाला में स्वर्गीय पंडित जय किशन शर्मा कंवाली सेवा समिति व सेवा ट्रस्ट (वङ इंडिया) की टीम ने पर्यावरण को हरा भरा बनाने के लिए 71 पौधे लगाए। संदीप पाराशर ने बताया कि मेरे पिताजी को सरपंच रहते हुए गांव में पौधे लगाने और जरूरतमंद लोगों की सहायता करने का बहुत शौक था। उनके स्वर्गवास के उपरांत प्रतिवर्ष पुण्यतिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है और जन्म दिवस पर पौधा रोपण का कार्यक्रम चलाया जाता है। इस अवसर पर पर्यावरण मित्र दिलबाग सिंह ने कहा कि धरा को हरा भरा बनाने और पर्यावरण



को स्वच्छ रखने के लिए सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। इसके साथ-साथ बड़ा होने तक सभी पौधों की देखभाल भी करनी चाहिए। सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के प्रधान सुरेश वत्स ने बताया कि हम सभी को अपने जीवन के विशेष अवसरों जैसे जन्म दिवस, वैवाहिक वर्षगांठ आदि पर पौधे अवश्य लगाने चाहिए। क्योंकि पेड़- पौधों के बिना हमारा जीवन ही संभव नहीं है। जीवन के आरंभ से लेकर मृत्यु पर्यंत लकड़ी की आवश्यकता होती है। स्वर्गीय जय किशन शर्मा सेवा समिति गांव में, विद्यालय में जरूरतमंद व्यक्तियों- विद्यार्थियों की सहायता करती रहती है। इस बार इन्होंने मुक्तिधाम में अधिक आक्सीजन देने वाले पौधे लगाने का सराहनीय कार्य किया है। समिति का लक्ष्य है कि समाज हित के लिए अधिक से अधिक कार्य किया जाएं।

## न्यूज फ्लैश

### उपमुख्य अभियंता निर्माण, उत्तर रेलवे रेलवे को विधायक व दो पंचायतों के हस्ताक्षर युक्त प्रस्ताव सौपे, रास्ता बनवाने की मांग

गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया



अगवानपुर रेलवे फाटक एसपीएल 36 पर बन रहे अंडरपास का आवागमन के लिए रास्ता राजलू गढ़ी गांव की तरफ बनवाने के लिए रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति गन्नौर राजलू गढ़ी के सदस्य त्रिलोकचंद अधिकारियों से मिले और लोगों की सुविधा व सुरक्षा की दृष्टि से अंडरपास का रास्ता दोनो तरफ बनाने की मांग की। उप मुख्य अभियंता निर्माण, उत्तर रेलवे रेलवे, शिवाली ब्रिज दिल्ली को सदस्य शर्मा ने विधायक देवेन्द्र कादियान, ग्राम पंचायत राजलू गढ़ी व ग्राम भोगीपुर की तरफ से हस्ताक्षर युक्त प्रस्ताव भी सौंपे। विधायक कादियान की तरफ से सौंपे प्रस्ताव में बताया गया कि आसपास के गांवों के लोगों की उनके पास अंडरपास से अवागमन के लिए रास्ता दोनो तरफ बनाए जाने के मांग की है। दोनो तरफ रास्ता बनाए जाने के बाद सुविधा होने के साथ सुरक्षा भी होगी। रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति गन्नौर राजलू गढ़ी के सदस्य त्रिलोकचंद शर्मा ने बताया कि उप मुख्य अभियंता निर्माण, उत्तर रेलवे रेलवे को ज्ञापन देने के बाद उत्तर रेलवे के पानीपत कार्यालय निर्माण विभाग को आदेश दिए कि मौका मुआयना करके रिपोर्ट तैयार कर भेजी जाए ताकि अंडरपास का रास्ता दोनो तरफ से अवागमन का बनाया जाए और वाहन चालकों को परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि बीरबार को रेलवे के पानीपत कार्यालय के अधिकारी कार्रवाई करेंगे। विधायक अधिकारियों की तरफ से मिले आश्वासन के बाद पूरी उम्मीद है कि राजलू गढ़ी की तरफ भी रास्ता बन जाएगा।

### राई हलके की सड़कों की विशेष मरम्मत का कार्य साढ़े आठ करोड़ रुपये की लागत से होगा पूर्ण: कृष्णा गहलावत

टीम एक्शन इंडिया



राई। राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने कहा कि राई विधानसभा क्षेत्र की एक दर्जन से अधिक सड़कों की विशेष मरम्मत का कार्य साढ़े आठ करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पूर्ण करवाया जाएगा। इसके लिए टेंडर करवा दिये गये हैं। हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड की चेयरपर्सन रहते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने राई हलके में सड़कों का निर्माण करवाया था, जिनकी अब विशेष मरम्मत करवाई जाएगी। इसके लिए विधायक ने तीव्र गति से कदम बढ़ाते हुए बजट की स्वीकृति लेकर टेंडर भी करवा दिए हैं। विशेष मरम्मत के लिए राई हलके की विभिन्न लिंक सड़कों को शामिल किया गया है। मार्केटिंग बोर्ड की इन सड़कों में तेईस लाख चवालिस हजार रुपये की लागत से झुंडपुर से टांडा, तीस लाख तिरानवे हजार की लागत से दीपालपुर बहालगढ़ रोड (चौहान जोशी से कमासपुर दीपालपुर रोड), पैंसठ लाख बीस हजार की लागत से कमासपुर-दीपालपुर रोड से जीटी रोड मुरथल, बारह लाख छियासी हजार की लागत से पतला से सेवली रोड की विशेष मरम्मत की जाएगी। तेईस लाख पैंतीस हजार रुपये की लागत से किशोरा फिरनी से किशोरा स्कूल तक, सतासी लाख इक्यासी हजार की लागत से किशोरा से नांदनौर, एक करोड़ इकसठ लाख इकसठ हजार की लागत से मेहंदीपुर से दीपालपुर वाया कमासपुर, तिरपन लाख चौरासी हजार की लागत से जाखौली से खेवड़ा, चौंतीस लाख सैंतीस हजार की लागत से झुंडपुर जाखौली से पबसरा जाखौली रोड, सत्तावन लाख सत्तहतर हजार की लागत से नाथूपुर से प्रीतमपुरा रोड, चौबीस लाख छियानवे हजार की लागत से भैंरा बांकीपुर दहिसरा बांध से खटकड रोड, सात लाख सैंतालिस हजार की लागत से दहिसरा फिरनी से दिल्ली पतला रोड, एक करोड़ सैंतालिस लाख तिरतालिस हजार की लागत से बख्तावरपुर से यमुना नदी तक तथा चौबीस लाख पिचानवे हजार की लागत से सेरसा से जांटी कला रोड और एक करोड़ बारह लाख पांच हजार रुपये की लागत से नाहरा से खेड़ी मनाजात रोड की विशेष मरम्मत का कार्य पूर्ण करवाया जाएगा। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि चहुंमुखी विकास की गति को तीव्रता प्रदान करने के लिए राई हलके में सड़कों की बेहतरीन व्यवस्था को सुनिश्चित किया जा रहा है।

# नूंह में गौहत्या पर भाजपा-कांग्रेस आमने सामने

टीम एक्शन इंडिया
पुन्हाना मनीष आहूजा

जिले में आगामी 7 जून को ईद उल अजहा बकरीद के पर्व पर गौ हत्या न हो इसके लिए हरियाणा गौ रक्षा दल के सदस्य के साथ विभिन्न हिंदू संगठनों के लोगों ने नूंह जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा से मुलाकात कर गौ हत्या पर रोक लगाने की मांग की है। हिंदू संगठनों ने कहा कि मेवात में इस के मौके पर बड़े पैमाने पर गोकशी होती है। इस काम में यहां के सरपंच और मौजीज लोगों का काफी सहयोग होता है। इतना ही नहीं यहां के विधायक भी गौ हत्यारों का सहयोग करते हैं। इसी गौ हत्या को रोकने के लिए डीसी को ज्ञापन सौंपा गया है। गोरक्षकों का सीधा-सीधा आरोप है



कि बकरीद के त्योहार को कुछ लोग गोकशी के साथ मनाते है। जिसे किस भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर जिले के तीनों कांग्रेसी विधायक चाहे तो यहां से गोकशी बंद हो सकती है। भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पिंटू का तीनों विधायकों पर बड़ा आरोप हिंदू संगठनों के लोगों के साथ डीसी से मिलने पहुंचे भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पिंटू ने जिले के तीनों कांग्रेसी विधायकों पर बड़ा आरोप लगा दिया है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि यहां के तीनों विधायक को गो हत्यारों का सहयोग करते हैं। मंच पर बोलने से हिंदू मुस्लिम भाईचारा नहीं होता। भाईचारा को निभाने से भाईचारा होता है। अगर गौ हत्या बंद नहीं हुई तो यहां भाईचारे का कोई सवाल पैदा नहीं होता। भाजपा जिला अध्यक्ष ने यह भी कहा कि नूंह जिले में 31 जुलाई को हुई हिंसा के जिम्मेदार भी यहां तीनों विधायक हैं। तीनों विधायकों ने इस सारे मामले को खराब किया था। ऐसे विधायकों को भगवान सद्बुद्धि दे, जिससे क्षेत्र में गौ हत्या बंद हो सके। उन्होंने कहा कि जो को हत्या का सहयोग करते हैं, उनके ऊपर भी मुकदमा दर्ज होना चाहिए ताकि गौ हत्या को रोका जा सके। मेवात में बड़े पैमाने पर होती है गोकशी हरियाणा गौ रक्षा दल के सदस्य आचार्य योगेंद्र आर्य और आचार्य आजाद आर्य ने कहा कि मेवात में बकरीद के मौके पर बड़े पैमाने पर गौ हत्या की जाती है।

# साथियो के साथ हरिद्वार गया युवक लापता

खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी/टीम एक्शन इंडिया

खरखौदा के गाँव सैदपुर से अपने सहकर्मियों के साथ हरिद्वार गया एक युवक संदिग्ध हालत में लापता हो गया है। कई दिन बाद वापस लौटे उसके साथियों ने परिवार को सिर्फ मोबाइल व कपड़े दिए ओर कहा कि अजय रास्ते में उतर गया। बेटे के न लौटने पर अब पिता ने सैदपुर चौकी को शिकायत दी है और सहकर्मियों से भी मामले में पूछताछ करने की मांग की है। सैदपुर के रहने वाले वेदप्रकाश का कहना है कि उसका 36 वर्षीय बेटा अजय रेलवे में कार्यरत है और हाल समय में वह घेवरा,दिल्ली में तैनात था। उसके घर पर 31 मई के अनिल के सहकर्मी प्रवीन, शोभराज, रवि व छूट्टन गाड़ी लेकर आए, इसके बाद अजय ने उसे कहा कि हम सभी को किसी काम से रुड़की, हरिद्वार जाना है। जिसके बाद सभी गाड़ी में बैठकर चले गए। इसके बाद 2 जून का अजय के सहकर्मी उसके घर पर आए और अजय का मोबाइल उसे थमाते हुए कहने लगे कि अजय के कपड़े गाड़ी में रखे है, ले लो। ऐसे में उसने अजय को लेकर पूछताछ की तो वह बोलो कि अजय तो रास्ते में ही उतर गया था। इसके बाद से उसके बेटे की कोई खोज-खबर नहीं है, अब तक अजय घर नहीं लौटा है, वेदप्रकाश ने अजय की गुमशुदगी को लेकर सैदपुर चौकी में शिकायत दी है, वहीं लापता बेटे के सहकर्मियों से भी मामले में पूछताछ करने की मांग की है, ताकि अजय का पता चल सके।

# आईटीआई छात्रों को नौकरी का मिला नौकरी का प्रस्ताव



टीम एक्शन इंडिया

गन्नौर। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में स्थित नोएटेक इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजलू गढी के फिटर व्यवसाय के छात्रों द्वारा दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली के तहत प्रशिक्षण पूर्ण किया। इसके उपरांत कंपनी के निदेशक जगदीप सिंह चड्ढा ने छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने छात्रों के अनुशासन व मेहनत व लगन को देखते हुए आश्वासन दिया कि छात्र अपनी वार्षिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत कंपनी में रोजगार के लिए आ सकते हैं तथा जो विद्यार्थी स्वयं रोजगार करना चाहते हैं। कंपनी ऐसे विद्यार्थियों की भी हर संभव सहायता करेगी। इस दौरान फीटर अनुदेशक प्रदीप मलिक, कंपनी के एचआर प्रबंधक विकास आतिल, कंपनी इंचार्ज लोकेश कुमार, सुनील बत्रा को भी प्रशंसा पत्र भेंट किए गए।

# सैनी यूथ फेडरेशन ने मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुन्दर और डॉ.दिनेश सैनी का किया स्वागत

टीम एक्शन इंडिया
कैथल (नसीब सैनी)।

कैथल जिला नागरिक अस्पताल में राजस्थान से सुंदर लाल सैनी और दिनेश सैनी को मेडिकल ऑफिसर के पद पर नियुक्ति होने पर सैनी यूथ फेडरेशन की टीम द्वारा स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया साथ ही ज्योति सैनी धर्मपत्नी सुंदर लाल सैनी को कैथल की धरा पर पहुंचने पर बधाई दी। आपको बता दें कि सैनी यूथ फेडरेशन एक ऐसा संगठन है जो सैनी समाज के युवाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करता है और समाज के युवाओं के सुख दुख में साथ खड़े होकर समाज के



युवाओं को एक बड़ी मजबूती देने का काम करता है। डॉ सुंदर लाल सैनी और डॉ दिनेश सैनी ने किया संगठन का धन्यवाद इस बारे में मेडिकल ऑफिसर डॉ दिनेश सैनी ने कहा कि कैथल आकर बहुत खुशी महसूस हुई और समाज के संगठन ने मुझे सम्मानित किया इसके लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूं। कैथल वालों का अच्छा सहयोग मिल रहा है। मेडिकल ऑफिसर डॉ सुंदर लाल सैनी ने सैनी यूथ फेडरेशन की पूरी टीम का दिल से धन्यवाद करते हुए बताया कि कैथल में समाज के लोगो के साथ-साथ आमजन का भी प्यार मिल रहा है। फेडरेशन की टीम ने सम्मानित किया तो परिवार जैसा महसूस हुआ। मैं तहदिल से टीम का धन्यवाद करता हूं। सैनी यूथ फेडरेशन युवाओ का एक मजबूत संगठन 10 वर्षो से कर रहा काम इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राकेश सैनी कैथल चेयरमैन अमरीक सैनी,वाईस चेयरमैन

# क्रिस्टल क्रॉप ने लॉन्च किया अगली पीढ़ी का कीटनाशक जिवोरा

सिरसा । भारत की प्रमुख कृषि-रसायन समाधान कंपनी क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड (सीसीपीएल) ने आज अपने कीटनाशक पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए, एक उन्नत शोध-आधारित कीटनाशक ह्जिवोरा ह लॉन्च करने की घोषणा की यह लॉन्च ऐसे समय में किया गया है जब भारत का फसल सुरक्षा बाजार 2025 में करीब 2.59 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2030 तक लगभग 3.21 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जिसमें 4.35 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की जा रही है।

# कलायत में बजरंग दल के गठन को लेकर विहिप कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

रणदीप धानियां,

कलायत। कलायत प्रखंड में बजरंग दल के गठन को लेकर विहिप कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इस दौरान मौजूद सदस्यों ने विश्व हिंदु परिषद के प्रकल्पों के चल रहे वर्ग को लेकर चर्चा की। बजरंग दल के कैथल नगर संयोजक खुशीराम ने कहा कि कलायत प्रखंड में बजरंग दल की पूर्व इकाई बहुत मजबूत थी। पिछले काफी समय से कलायत प्रखंड में बजरंग दल की इकाई का गठन नहीं हुआ है। उन्होंने विहिप प्रखंड इकाई के सदस्यों से कहा कि जितना शीघ्र हो सके प्रखंड इकाई का गठन करके कुछ सदस्यों को हिसार में लगने वाले वर्ग में भेजा जाए। विहिप जिला



उपाध्यक्ष बीरभान निर्मल ने कहा कि वर्ग में प्रशिक्षण लेने के बाद कार्यकर्ता में लगन और निष्ठा में अपेक्षित बढ़ोतरी होती है। बजरंग दल से हिन्दू समाज की अपेक्षाएं जुड़ी हैं। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन की विषम परिस्थितियों में जन्मा यह संगठन आज एक शक्तिशाली राष्ट्र निर्माता युवा संगठन के रूप में स्थापित है। देश के करोड़ों युवाओं के हृदय में सेवा, सुरक्षा और संस्कार भाव की त्रिवेणी के रूप में बजरंग दल प्रवाहित हो रहा है। बजरंग दल निडर, सेवाभावी और राष्ट्र-धर्म के प्रति समर्पित युवाओं का संगठन है, जो श्रीराम, श्रीकृष्ण, श्री हनुमानजी, छत्रपति शिवाजी, महाराणा प्रताप जैसे महापुरुषों के आदर्शों को जीवन में उतारकर सनातन संस्कृति के उत्थान में सतत संलग्न है। इसलिए कलायत प्रखंड में बजरंग दल की इकाई का गठन अति शीघ्र सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सुरेश गौसंवर्धन जिला प्रमुख, हैप्पी जिंदल रथ यात्रा प्रमुख, बजरंग दल कैथल नगर संयोजक खुशी राम, विहिप जिला सहमंत्री निशीकांत शर्मा, कलायत प्रखंड मंत्री डा. प्रियव्रत गालव, पंडित विशाल शांडिल्य, मंदिर अर्चक पुरोहित अनिरुद्ध गौतम, श्याम, महेंद्र रायका और अन्य मौजूद रहे।

# हंगामा डिजिटल मीडिया ने भामला फाउंडेशन और बीएमसी के साथ मिलकर शुरू किया टिक टिक प्लास्टिक 3.0

चंडीगढ़: पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को प्रेरित करने के अपने मिशन को जारी रखते हुए हंगामा डिजिटल मीडिया ने भामला फाउंडेशन और बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कारपोरेशन (बीएमसी) के साथ शानदार पहल टिक टिक प्लास्टिक 3.0की शुरुआत की। मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस कैंपेन के तीसरे संस्करण को लॉन्च किया गया। इस कॉन्फ्रेंस में अजय देवगन, रोहित शेट्टी, शरवरी वाघ, इम्तियाज अली, भूषण गगरानी, आसिफ भामला, और नीरज रॉय मौजूद थे। इस बार इस पहल के तहत कुछ कलाकारों को लेकर बनाई गई शॉर्ट फिल्मों के जरिए प्लास्टिक प्रदूषण के खतरनाक प्रभावों से दर्शकों और आम नागरिकों को रूबरू कराया जाएगा। इस फिल्म को कैंपेन की ऑफिशियल थीम आओ प्लास्टिक पॉल्यूशन रोकें के इर्द-गिर्द बुना गया है। इस कॉन्फ्रेंस में इस थीम को भी लॉन्च किया गया। इस कैंपेन के तहत बनाई जाने वाली पहली फिल्म ह्आखिरीह्ठ है जिसमें अजय देवगन और शरवरी नजर आएंगे। दूसरी फिल्म ह्पायसाह्ठ है जिसमें अजय देवगन नजर आएंगे। इन दोनों ही फिल्मों को इम्तियाज अली ने निर्देशित किया है।

# 5 जून से 15 अगस्त तक चलेगा भाजपा का संकल्प सिद्धि का सफर कार्यक्रम: पूनिया

टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत।। संजीव कौशिक।।

भाजपा के हरियाणा प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया ने कहा कि पार्टी की 11 वर्षों के सुशासन की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 5 जून से 15 अगस्त तक ह्रसंकल्प सिद्धि सफरह्र चलाया जाएगा। वह सेक्टर-18 में पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस अभियान की शुरूआत 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ह्एक पेड़ मां के नामह् अभियान से होगी, जिसमें हर बूथ पर पौधरोपण के साथ सुशासन की यात्रा को आगे बढ़ाया जाएगा।



प्रदेश प्रभारी ने बताया कि 8 जून को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शक्ति केंद्र स्तर पर ह्रसंकल्प सिद्ध सभाएंह्र आरंभ करेंगे। इन आयोजनों के माध्यम से पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को नागरिकों तक पहुंचाने का उद्देश्य रखा गया है। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में, प्रदेश में योग से संबंधित कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय स्तर की सहभागिता के साथ आयोजित किए जाएंगे। 23 जून, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनका उद्देश्य उनके विचारों को जनमानस तक पहुंचाना होगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने कार्यकर्ताओं से 5 जून को ह्एक पेड़ मां के नामह् अभियान में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने का आह्वान किया। उन्होंने सोनीपत संसदीय क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित कार्यशाला में सुशासन की उपलब्धियों को साझा किया और पार्टी की विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने के लिए समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष ने हर महीने के अंतिम रविवार को ह्रमन की बातह्र कार्यक्रम को ह्रानवाचार दिवसह्र के रूप में मनाने, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को और सशक्त करने, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना, तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना में शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया। कार्यक्रम में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नगर, विधायक पवन खरखोदा, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, गोहाना जिलाध्यक्ष विजेंद्र मलिक, जींद जिलाध्यक्ष तेजिंदर ढुल, पूर्व जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, मेयर राजीव जैन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शहर के विकास को लेकर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए मोना श्रीनिवासन से मिले विधायक निखिल मदान

टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत ( संजीव कौशिक)

विधायक निखिल मदान ने बुधवार को एसएमडीए की 09 जून को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाले बैठक से पहले स्थानीय अधिकारियों के साथ सोनीपत के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए मोना श्रीनिवासन, डिप्टी सीईओ वीना हुड्डा,चीफ इंजीनियर यजेश मेहरा, एसटीपी धर्मवीर खत्री, कार्यकारी अभियंता जे सी शर्मा, कार्यकारी अभियंता अमित कौशिक आदि मौजूद रहे। विधायक निखिल मदान ने बताया कि जाट जोशी गांव की जमीन जो



राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 44 पर लगती है उसमें पीपीपी मोड में सोनीपत का नया बस स्टैंड बनाया जाएगा, इस विषय पर जल्द ही सभी विभागीय औपचारिकताओं को पूरा किया जाएगा इसके साथ ही नगर निगम के अंतर्गत आने वाले रेवली गांव में 10 एकड जमीन में भव्य दशहरा (रामलीला ) ग्राउंड बनाया जाएगा। साथ ही पीपीपी मोड़ में सभी खेल सुविधाओं से सुसज्जित खेल स्टेडियम भी बनाया जाएगा। विधायक निखिल मदान ने बताया कि शहर को सुंदर बनाने के लिए मुरथल चौक जी टी रोड से लेकर मुरथल अड्डे तक होगा सड़क का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। साथ ही बहालगढ़ चौक जी टी रोड से लेकर महाराणा प्रताप चौक तक सड़क का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

# अखिल भारतीय कोली समाज की हुई बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/राजस्थान:** अखिल भारतीय कोली समाज नई दिल्ली की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक एवं राष्ट्रीय युवा प्रादेशिक अधिवेशन होटल सफारी, रिद्धी सिद्धी चौराहा, गोपाल पुरा बाई पास, जयपुर राजस्थान पर राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कश्यप (पूर्व सांसद) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सामाजिक विकास के मुद्दे पर सभी ने एकजुटता के साथ निर्णय लिया गया। वहीं समाज बंधुओं के साथ हो रहे अन्याय, अत्याचार और शोषण के खिलाफ भी सशक्त आवाज उठाने के प्रस्ताव पर सहमती बनी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार भानु प्रताप वर्मा ने बताया की कोली समाज के समुचित विकास के लिए एकजुटता की जरूरत है, इसी प्रकार केन्द्र सरकार के जातीय गणना अभियान के तहत सभी प्रदेशों में जाति के कालम में कोली/कोरी लिखकर अपनी जाति की संख्या बल का परिचय देने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में मुकेश महावर (युवा विंग राष्ट्रीय अध्यक्ष) अखिल भारतीय कोली समाज (रजि.) नई दिल्ली ने कैलाश महावर को राजस्थान प्रदेश का (युवा बिंग अध्यक्ष) नियुक्त किया। बैठक में पूरे भारत वर्ष दिल्ली प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरला, महाराष्ट्र, पांडिचेरी, दमन दीव, चंडीगढ़, पंचकूला, पंजाब, हरियाणा एवं बिहार प्रदेश सहित 19 राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष के साथ वरिष्ठ प्रतिनिधियों, महिला एवं युवा प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। बैठक में राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष मनुभाई चावड़ा द्वारा रखे गए प्रस्ताव में उत्तर-प्रदेश के हमारे स्वजातिय कद्दावर नेता के बेटे के साथ मंदिर में महंत द्वारा की गई अभद्रता के खिलाफ निंदा की और मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से संज्ञान लेने और दोषी महंत पर समुचित कार्यवाही की मांग की गई। इस अवसर पर अजीत भाई पटेल, हरिशंकर माहौर (पूर्व विधायक), सत्यनारायण पंवार(पूर्व सांसद), आर भूपति, डी पी शंखवार, महिला विंग राष्ट्रीय अध्यक्ष द्रोपती कोली, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. वाय. एन. वर्मा, हरीश चंद्रावत, दयानंद कोली, किशोर भाई शेख, विश्व प्रकाश, देवराज कोली, रूप सिंह कोली आदि कार्यक्रम में मौजूद थे। संचालन राष्ट्रीय महासचिव डी. पी. शंखवार ने किया एवं अंत में आभार कार्यक्रम सहसंयोजक नाथूलाल कोली ने किया गया।

# वजीरपुर जेजे कॉलोनी: सच्चे मन से करें भक्ति, प्रभु सभी की सुनते हैः चौहान





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगलवार के पावन पर्व पर द् प्रधान ग्रुप के संस्थापक सुमित चौहान के निवास स्थान पर हनुमान चालीसा का पाठ आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण और दीप प्रज्वलन से हुई। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने इस आयोजन में हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ हनुमान जी की स्तुति की। पूरा वातावरण जय बजरंग बली के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। पाठ के समापन के बाद प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। भक्तों ने इस धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# बुराड़ी: कादीपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की हुई मासिक बैठक आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के निर्देशानुसार बुराड़ी विधानसभा के कादीपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक का आयोजन ब्लाक अध्यक्ष खेमचंद सैनी की अध्यक्षता में कुशक नम्बर-2 में कैम्स कान्वेंट स्कूल के नजदीक किया गया। जिसमे कांग्रेस डेलीगेट तपन कुमार झा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि अब तो ट्रिपल इंजन सरकार सत्ता में है, लेकिन आज भी कोई कार्य नहीं हो रहा है। जगह-जगह नालियों में गंदगी की भरमार है, सफाई व्यवस्था बहुत खराब है। ब्लाक अध्यक्ष खेमचंद सैनी ने कहा कि आज दिल्ली बेहाल है जरा सी बारिश होने पर सड़को पर पानी भर जाता है नत्थुपरा के पास 100 फुटा रोड़ पर महीनों से गन्दा व बदबूदार पानी जमा है। कहीं पर कोई विकास कार्य नहीं हो रहा है। कादीपुर ब्लाक कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुखबीर सिंह ने कहा कि सड़कों पर गन्दा पानी गंदगी के ढ़ेर आम बात है। पीने के पानी की भारी किल्लत के चलते लोग बोतलों का महंगा पानी खरीदकर पी रहे हैं। ब्लॉक अध्यक्ष खेमचन्द सैनी ने कहा कि दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव द्वारा शुरू की गई ब्लाकों व जिले की मासिक बैठकों की जितनी सराहना की जाए उतनी कम है।

इस मौके पर पूर्व निगम प्रत्याशी तपन कुमार झा, यूथ कांग्रेस बुराड़ी विधानसभा अध्यक्ष मोहित सैनी, ब्लाक कादीपुर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुखबीर सिंह, निर्मल कुमार, ताराचंद सैनी, महेश कुमार , सुरेश सिंह, इमरान खान, विकास उपाध्याय, आशु कुमार के अलावा अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



केशवपुरम जोन का चेयरमैन बनने पर विकेश सेठी को बधाई देते हुए वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज व अन्य गणमान्य लोग।

# असहाय लोगों की मदद करना है पुण्य का कार्यः चौधरी




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** किसी ने सही कहा है कि जहां पर चाह होती है, वहां की राह निकल ही आती है। कुछ ऐसा ही सघर्ष मन में ढ़ाने हुए शालीमार गांव के युवा समाजसेवी राजकुमार चौधरी लोगों की मदद कर रहे है। युवा समाजसेवी श्री चौधरी का कहना है कि सभी को गरीब व असहाय लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए, जिससे की किसी भी गरीब व्यक्ति को परेशान न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि किसी की मदद करने से घटता नहीं है बल्कि बढ़ता ही है इसलिए सभी गरीब व असहाय लोगों की जी खोलकर मदद करें। उन्होंने आगे कहा कि मैं खुद लोगों की मदद अपने सार्मथ्य के अनुसार करता हूं। इसलिए सभी गरीब व निर्धन तबके की मदद के लिए आगे आये।



सिविल लाईन जोन का चेयरमैन गुलाब सिंह राठौर और डिप्टी चेयरमैन सुमन शर्मा को बनने पर बधाई देते हुए सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब व अन्य गणमान्य लोग।

# नरेला: नारायण मंदिर में 179वें श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में जमकर झूमे श्रद्धालु





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नरेला में मेन बाजार स्थित नारायण मंदिर में मंगलवार को श्री राम भक्त हनुमान सेवा समिति की ओर से 179वें मासिक संकीर्तन महोत्सव श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। संकीर्तन में सैकड़ो की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर श्री श्याम बाबा के भव्य दरबार में माथा टेका और मन्नते मांगी। संकीर्तन में भजन गायको ने भजनों की ऐसी रसधारा बहाई की श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। संकीर्तन पश्चात आयोजित भंडारे में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। बाहरी दिल्ली के नरेला में मेन बाजार स्थित नारायण मंदिर में मंगलवार को श्रीराम भक्त हनुमान सेवा समिति की ओर से 179वें मासिक श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम का भव्य एवं अलौकिक दरबार सजाया गया। श्रृंगारित दरबार के समक्ष अखंड ज्योति प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया गया। श्याम महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं के चेहरे पर भक्ति का गजब उत्साह देखते ही बन रहा था। श्री श्याम महोत्सव में भजन गायको भविष्य सिकरी, एनम अग्रवाल ने बाबा खाटू श्याम के एक से बढ़कर एक भजन सुनाए और भजनों की ऐसी रसधारा बहाई की श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। शाम 7 बजे शुरू हुए संकीर्तन में श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। इस दौरान श्याम बाबा की जय खाटू वाले की जय, तीन बाण धारी की जय के जयकारों से पूरा पांडाल गूंज उठा। श्याम संकीर्तन में अलौकिक श्रृंगार, श्याम रसोई, छप्पन भोग, अखंड ज्योति, पुष्प वर्षा आकर्षण का केंद्र रहे। देर रात तक चले संकीर्तन का समापन महाआरती के साथ हुआ। इसके पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। श्री राम भक्त हनुमान सेवा समिति के प्रधान विकास बंसल ने बताया कि समिति की ओर से हर महीने के पहले मंगलवार को मासिक श्री श्याम संकीर्तन व सुंदरकांड पाठ का पिछले14 सालों से भव्य आयोजन किया जा रहा है। जुलाई माह में समिति की ओर से कराए जा रहे भव्य संकीर्तन महोत्सव के 15 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। जुलाई माह में विशाल संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। भव्य संकीर्तन महोत्सव में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# अपने 100 दिन के कार्यकाल में फेल रही भाजपा, ब्लॉक बैठक में गरजे आदेश भारद्वाज





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली कांग्रेस की ब्लॉक कमेटी की बैठकों में सरकार के कार्यों पर सवाल उठाने के साथ-साथ संगठन को मजबूती देने जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव के निर्देश पर तय की गई इन मासिक बैठकों में संगठन का काफी असर दिखाई भी पड़ रहा है। इसी तरह करावल नगर जिला कांग्रेस के अंतर्गत आने वाली ब्लॉक कमेटियों में जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज, लोकसभा प्रभारी रमेश सब्बरवाल, मनोज यादव, सेक्रेटी एआईसी इंचार्ज जेपूंड के जिला प्रभारी लक्ष्मण रावत, दीपक वशिष्ठ और फरीद शाह ने पहुंचकर व विधायक प्रत्याशी अली मेहंदी, डॉ पी के मिश्रा, ईश्वर बागड़ी, मुकेश त्यागी, लोकेन्द्र चौधरी, ब्लॉक अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं के कार्यों का जायजा लिया और आगे के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर सभी ने दिल्ली की भाजपा सरकार को घेरते हुए उनके 100 दिनों के कार्यों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि आज साढ़े तीन महीने बाद भी दिल्ली में कोई बदलाव होने के बजाय दिल्ली सुविधाओं को लेकर पहले से भी ज्यादा त्रस्त है। दिल्ली के बहुत बड़े एरिए में घंटों बिजली का चले जाना आम बात है। जबकि यही बिजली शीला दीक्षित की सरकार में ही 24 घंटे आया करती थी। उन्होंने भाजपा द्वारा 100 दिनों की कामयाबी को किए गए कार्यक्रम पर भी सवाल उठाए कि अच्छा होता की सरकार आयोजन के बजाय लोगों को कुछ करके दिखाती तो इस तरह के आयोजन की जरूरत ही नहीं पड़ती। अभी तक की बात करूं तो सरकार ने केवल आम जनता को लूटकर अपनी जेब भरने जैसे काम किए हैं। पार्कों में एंट्री फीस लगा देना, भीड़ टैक्स की योजना बनाना शामिल है। पब्लिक के विरोध के चलते कूड़ा उठाने को लेकर चार्ज लगाने पर सरकार यूटर्न ले चुकी है। दिल्ली ने देखा कि पिछले दो हफ्तों में आधा-आधा घंटे की बारिश ने सरकार के नालों की सफाई की पोल कैसे खोल के रख दी थी।

इन बैठकों में ब्लॉक अध्यक्ष परवीन भड़ाना, सुरेंद्र कोच, मंगेश त्यागी, डॉ एस पी सिंह, डॉ वी आर चौधरी, अमरलता सांगवान, सुजीत सिंह, राम बिलाश शर्मा, एडवोकेट सतबीर, राकेश ठाकुर, डॉ अकरम, नेत्रपाल आर्य, सुजीत सिंह, राजन पांडे, फकीर चंद, राम विलास शर्मा, राज ठाकुर, पी एस रावत, महेंद्र सिंह, मितलेश सिंह, बलजीत शर्मा, देवेंद्र सिंह, रेखा रानी के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहे।

# महापौर से ईद-उल-अजहा पर सफाई का विशेष प्रबन्ध कराने की मांग की



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जम जम फाउंडेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान ने दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेन्टर जाकर महापौर राजा इकबाल सिंह से मुलाकात की तथा उनसे ईद-उल-अजहा के त्यौहार के मौके पर दिल्ली में विशेषकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में सफाई का विशेष प्रबन्ध कराने का आग्रह किया। शमीम अहमद खान के द्वारा जम जम फाउंडेशन की तरफ से महापौर राजा इकबाल सिंह को दिए गए ज्ञापन में ईद-उल-अजहा के त्यौहार के मौके पर दिल्ली में विशेषकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में 7 जून 2025 से 9 जून 2025 तक दिल्ली नगर निगम की तरफ से सफाई का विशेष प्रबन्ध कराने की मांग की गई है। शमीम अहमद खान ने बताया कि महापौर राजा इकबाल सिंह ने ईद-उल-अजहा के त्यौहार के मौके पर सफाई का विशेष प्रबन्ध कराने का आश्वासन दिया।




दैनिक एक्शन इंडिया www.actionindialive.com नई दिल्ली, 05 जून 2025




# विराट कोहली के नाम आखिरकार जुड़ी आईपीएल ट्रॉफी, 18वीं बार में मिली सफलता, हर बड़ा खिताब उनके पास

**आरसीबी ने फाइनल मुकाबला छह रन से अपने नाम किया। इस तरह आरसीबी ने खिताब का सूखा समाप्त किया। कोहली के लिए यह जीत इतनी खास थी कि आरसीबी की जीत सुनिश्चित होते ही वह भावुक हो उठे और अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके**

**अहमदाबाद :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के नाम आखिरकार आईपीएल ट्रॉफी भी जुड़ गई है। आईपीएल की शुरूआत से आरसीबी फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे कोहली ने 18वें सीजन में जाकर खिताब का सूखा समाप्त किया। कोहली अपनी कप्तानी में जो काम नहीं कर सके, वो अब पूरा हुआ। आरसीबी के तमाम प्रशंसकों के साथ ही यह ट्रॉफी कोहली के लिए भी काफी मायने रखती है। बेंगलुरु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 190 रन बनाए। अर्शदीप ने 20वें ओवर में तीन विकेट लेकर बेंगलुरु को 190 के स्कोर पर रोक दिया। उन्होंने आखिरी ओवर में शेफर्ड, क्रुणाल और भुवनेश्वर के विकेट लिए। जवाब में पंजाब किंग्स की टीम निर्धारित ओवर में सात विकेट पर 184 रन ही बना सकी। आरसीबी ने यह मुकाबला छह रन से अपने नाम किया। इस तरह आरसीबी ने खिताब का सूखा समाप्त किया। कोहली के लिए यह जीत इतनी खास थी कि आरसीबी की जीत सुनिश्चित होते ही वह भावुक हो उठे और अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके। सीमित ओवर की हर ट्रॉफी जीती कोहली भारत के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक हैं। उनके नाम कई रिकॉर्ड है। कोहली भारत के उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से हैं जिन्होंने टी20 विश्व, वनडे विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जैसी आईसीसी के तीन खिताब जीते हैं। कोहली 2011 वनडे विश्व कप टीम का हिस्सा थे जिसने श्रीलंका को हराकर खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद 2013 और 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी की विजेता टीम का भी हिस्सा रहे। इसके अलावा 2024 में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप का खिताब जीतने वाली टीम का भी कोहली हिस्सा थे। कोहली ने सीमित ओवर क्रिकेट की हर ट्रॉफी जीती, लेकिन उनकी लिस्ट में सिर्फ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब नहीं जुड़ सका, जबकि दो बार टीम फाइनल में पहुंची थी। 2019-2021 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के पहले चक्र में भारतीय टीम कोहली की कप्तानी में ही फाइनल में पहुंची थी। उस वक्त टीम को बारिश से बाधित मुकाबले में न्यूजीलैंड ने हराया था और टीम खिताब जीतने से चूक गई थी। इसके बाद रोहित शर्मा के नेतृत्व में भी टीम ने डब्ल्यूटीसी 2021-23 चक्र के फाइनल में जगह बनाई और कोहली के पास उस वक्त भी चैंपियन बनने का मौका था, लेकिन टीम को पैट कमिंस की अगुआई वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने मात दी और एक बार फिर कोहली डब्ल्यूटीसी की गदा हाथ में नहीं पकड़ सके।



## आईपीएल खिताब जीतने पर कोहली ने कहा, यह जीत आत्मा को सुकून दे रही है

**अहमदाबाद।** 18 साल का लंबा इंतजार, अनगिनत कोशिशें और अंतत: विराट कोहली को वह पल मिला जिसका वह हर सीजन में इंतजार करते थे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) के फाइनल में पंजाब किंग्स को 6 रन से हराकर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने पहली बार आईपीएल ट्रॉफी जीत ली। मैच के बाद विराट कोहली ने कहा कि ये खिताबी जीत उनकी आत्मा को सुकून दे रही है। विराट कोहली ने मैच के बाद कहा, "मैंने इस टीम को अपनी जवानी दी है, अपना प्राइम टाइम और अपना अनुभव दिया। हर साल यही सपना देखा कि ट्रॉफी जीतूं। आज ये सपना पूरा हुआ, यकीन नहीं हो रहा। जैसे ही आखिरी गेंद डाली गई, मैं भावुक हो गया। ये जीत मेरी आत्मा को सुकून देती है। मैं आईपीएल में आखिरी दिन तक इसी टीम के लिए खेलूंगा। ये खिताब मेरे करियर के सबसे ऊपर है।"

**आईपीएल**

**कोहली ने सीमित ओवर क्रिकेट की हर ट्रॉफी जीती, लेकिन सिर्फ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब नहीं जुड़ सका**

# कोहली की नम आंखें बताती हैं कि वह आईपीएल खिताब को बहुत बेकरार थे

**अहमदाबाद :** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि भावुक विराट कोहली को नम आंखों के साथ घुटनों के बल बैठना दिखाता है कि पिछले 18 सत्रों से वह आईपीएल खिताब के लिए कितना बेकरार थे और यह टूनामेंट जीतना खिलाड़ियों के लिए कितना मायने रखता है। कोहली मंगलवार को आईपीएल फाइनल के आखिरी पलों अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके। उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को छह रन से हराकर 2008 में शुरू हुई इस लीग का खिताब पहली बार जीता।


**'कोहली की आंखों में आंसू थे...':** पोंटिंग ने फाइनल के बाद कहा, 'आप आखिरी ओवर में उनकी आंखों में देख सकते हैं, उनकी आंखों से आंसू आ रहे थे। खिलाड़ियों के लिए इसका यही मतलब है, सभी के लिए इसका यही मतलब है।' ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'चेन्नई (सुपर किंग्स) ने कई बार खिताब जीता है, मुंबई (इंडियंस) ने भी कई बार, लेकिन इस टूनामेंट को जीतना आसान नहीं है। यह उतना ही कठिन है जितना आप सोच सकते हैं। इस लीग का चैंपियन बनना काफी मुश्किल है।'

**कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को बताया था सर्वोपरि:** कोहली ने चैंपियन बनने के बाद युवा क्रिकेटरों से टेस्ट क्रिकेट का सम्मान करने की सलाह देते हुए कहा था कि खेल का पारंपरिक प्रारूप सर्वोपरि है। पोंटिंग ने अपना खुद का उदाहरण देते हुए कहा कि वह समझ सकते हैं कि कोहली का क्या मतलब था। कोहली ने प्रसारकों से कहा, 'मेरे करियर के सर्वश्रेष्ठ पलों में से यह एक है, लेकिन फिर भी यह टेस्ट क्रिकेट से पांच पायदान नीचे है। मेरी नजर में टेस्ट क्रिकेट की इतनी इज्जत है।'

**पोंटिंग ने कोहली की बात पर सहमति जताई:** उन्होंने कहा, 'मैं युवाओं से इतना ही आग्रह करूंगा कि टेस्ट क्रिकेट का सम्मान करें। अगर आप टेस्ट क्रिकेट में अच्छा खेलोगे तो दुनिया में कहीं भी जाओगे तो लोग तुम्हारा सम्मान करेंगे। अगर दुनिया में क्रिकेट में सम्मान पाना है तो टेस्ट क्रिकेट खेलो और अपना सब कुछ उसे दे दो।' खेल के महानतम खिलाड़ियों में से एक पोंटिंग ने क्रिकेट के पारंपरिक प्रारूप को लेकर कोहली की बतों से सहमति जताई।

**'मेरा पसंदीदा प्रारूप टेस्ट क्रिकेट ही है':** पोंटिंग ने कहा, 'हां, मैं इससे सहमत हूं। मैं शायद खेल के सबसे बड़े शुभचिंतकों में से एक हूं। चाहे मैं कोचिंग कर रहा हूं या कमेंट्री कर रहा हूं, मेरा पहला प्यार टेस्ट क्रिकेट है। वह हमेशा रहेगा। मैं काफी भाग्यशाली था कि कुछ विश्व कप और खेल के सर्वोच्च स्तर पर खेल सका। मैं अब और नहीं खेल सकता, लेकिन अगर खेलने में सक्षम हुआ तो मेरी पसंद टेस्ट क्रिकेट ही होगी।'

**'कोहली का करियर शानदार** पोंटिंग ने कहा, 'मैं पूरी तरह से समझता हूं कि उनका क्या मतलब है। आप जानते हैं, उनका टेस्ट मैच करियर शानदार था।



**आईपीएल**

**पोंटिंग ने फाइनल के बाद कहा, 'आखिरी ओवर में कोहली आंखों में आंसों से आंसू आ रहे थे।**

# आरसीबी कप्तान रजत ने कहा, विराट कोहली और फैंस सबसे बड़े हकदार

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) के फाइनल में पंजाब किंग्स पर 6 रन की रोमांचक जीत दर्ज कर रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु (आरसीबी) ने 18 साल में पहली बार खिताब अपने नाम किया। मैच के बाद कप्तान रजत पाटीदार ने जीत के जश्न के बीच दिल खोलकर अपनी भावनाएं साझा कीं। उन्होंने इसे विराट कोहली और आरसीबी फैंस के लिए "खास पल" बताया। मैच के बाद रजत पाटीदार ने कहा, "मेरे लिए ये बेहद खास है और विराट कोहली के लिए तो और भी ज्यादा। जो फैंस सालों से हमारी टीम को सपोर्ट कर रहे हैं, ये जीत उन्हीं के नाम है। वे इस ट्रॉफी के असली हकदार हैं।" जब उनसे पूछा गया कि कब लगा कि टीम ट्रॉफी जीत सकती है, तो रजत बोले, "मुझे लगता है क्वालिफायर-1 के बाद ये विश्वास हुआ कि हम इस बार अच्छा कर सकते हैं। उस समय हमारी टीम की लय और आत्मविश्वास देखने लायक था।" पहली पारी में आरसीबी ने 190 रन बनाए थे। इस पर रजत ने कहा कि इस पिच पर 190 रन अच्छा स्कोर था, क्योंकि विकेट थोड़ी धीमी थी। गेंदबाजों ने अपनी योजना को जिस तरह से अंजाम दिया, वो काबिल-ए-तारीफ था। खासकर क्रुणाल पांड्या ने जिस समय गेंदबाजी की, वो टर्निंग पॉइंट था। उनका स्पेल (4 ओवर, 17 रन, 2 विकेट) शानदार था। वह हमेशा दबाव में विकेट निकालते हैं। उन्होंने आगे कहा, मैं जब भी दबाव में होता हूं तो देखता हूं कि 'केपी' यानी क्रुणाल कहां हैं। उनके अलावा सुयश, भुवनेश्वर कुमार, यश दयाल, हेजलवुड सभी गेंदबाजों ने पूरे सीजन शानदार प्रदर्शन किया।



# नॉर्वे शतरंजमें नाकामुरा से हारे गुकेश, एरिगैसी ने कारुआना को हराया

**स्टावेंजर (नॉर्वे) :** अमेरिका के ग्रैंड मास्टर हिकारू नाकामुरा ने विश्व चैंपियन डी गुकेश की क्लासिकल प्रारूप में लगातार जीत के सिलसिले को तोड़ते हुए पूरे तीन अंक हासिल किये, जबकि अर्जुन एरिगैसी ने नॉर्वे शतरंज में फैबियानो कारुआना को हराकर फिर से खिताबी दौड़ में वापसी की। शुरूआती मुकाबलों में पिछड़ने के बाद गुकेश ने इस प्रतियोगिता में लय हासिल कर शानदार वापसी की थी। उन्होंने छठे और सातवें दौर में मैग्नस कार्लसन और एरिगैसी पर  जीत दर्ज की थी। वह हालांकि नाकामुरा को चार घंटे तक चले मैच में ज्यादा परेशान नहीं कर सके और अमेरिका के खिलाड़ी ने क्लासिकल प्रारूप में जीत के साथ पूरे तीन अंक हासिल किए।

# आईपीएल 2025 में डीडीसीए को मिली बड़ी उपलब्धि

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के सफल आयोजन के बाद दिल्ली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) को बड़ी उपलब्धि मिली है। बीसीसीआई (बीसीसीआई) ने अरुण जेटली स्टेडियम को 'बेस्ट पिच एंड ग्राउंड' अवॉर्ड से सम्मानित किया है। यह सम्मान पिच की गुणवत्ता, आउटफील्ड की देखरेख और संपूर्ण ग्राउंड प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए दिया गया है।

**ग्राउंड स्टाफ की मेहनत को मिला सम्मान:** इस पुरस्कार के जरिए आईपीएल 2025 के दौरान ग्राउंड स्टाफ द्वारा किए गए शानदार कार्य को मान्यता मिली है। पूरे टूनामेंट में अरुण जेटली स्टेडियम ने खिलाड़ियों को न केवल प्रतिस्पर्धात्मक विकेट प्रदान किया, बल्कि दर्शकों को भी बेहतरीन अनुभव दिया।



**डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने जताया गर्व:** इस अवसर पर डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा, ह्लयह अवॉर्ड हमारे क्यूरेटर, स्टाफ और प्रबंधन की अथक मेहनत का परिणाम है। हम क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर में उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।ह्व

**विश्वस्तरीय स्टेडियम बनाने की दिशा में एक कदम:** डीडीसीए की उपाध्यक्ष शिखा कुमार ने कहा, ह्लयह सम्मान हमारे उस विजन को मान्यता देता है जिसमें हम अरुण जेटली स्टेडियम को एक वर्ल्ड-क्लास क्रिकेट वेन्यू बनाना चाहते हैं। यह दिल्ली क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण है।ह्व

**पर्दे के पीछे की टीम को मिला हक का सम्मान:** सचिव अशोक शर्मा ने कहा, ह्लहर शानदार मैच के पीछे एक मेहनती टीम होती है जो दिन-रात काम करती है। यह अवॉर्ड उसी जुनून और प्रोफेशनलिज्म का प्रतीक है।ह्व संयुक्त सचिव अमित ग्रोवर ने कहा, ह्लइस सम्मान से हम बेहद उत्साहित हैं। यह हमें खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए और बेहतर सुविधाएं विकसित करने के लिए प्रेरित करता है।ह्व कोषाध्यक्ष हरीश सिंगला ने कहा, ह्लयह उपलब्धि न केवल हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, बल्कि संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और योजनाबद्धता का भी प्रमाण है।ह्व

**जारी रहेगा उत्कृष्टता का प्रयास:** डीडीसीए ने बीसीसीआई और सभी हितधारकों का आभार व्यक्त किया है और भविष्य में और भी विश्व स्तरीय क्रिकेट की मेजबानी करने की उम्मीद जताई है।

# एक ऐसा सीजन जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगा: कोहली

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 18 साल के इंतजार को खत्म करते हुए अपना पहला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब जीत लिया है। आईपीएल 2025 के फाइनल में टीम ने पंजाब किंग्स को 6 रनों से हराकर पहली बार ट्रॉफी अपने नाम की। जीत के बाद विराट कोहली ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर ट्रॉफी के साथ कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए इमोशनल पोस्ट लिखा- इस टीम ने सपने को संभव बनाया, एक ऐसा सीजन जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगा। हमने  इस सफर का भरपूर आनंद लिया है।

# उजबेकिस्तान में दिखेगा बिहार का दम, भारत के तीन खिलाड़ी शामिल

**मुजफ्फरपुर :** खेल के मैदान में बिहार के खिलाड़ियों का जलवा एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिखने जा रहा है। उजबेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में 23 से 27 जुलाई 2025 तक आयोजित होने वाले सवात वर्ल्ड कप 2025 के लिए बिहार के तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में हुआ है। यह चयन उनकी पिछली उपलब्धियों को ध्यान में रखते हुए ऐशियन सवात महासंघ (ईरान) और राष्ट्रीय सवात संघ द्वारा किया गया है। स्वीटी कुमारी यूथ कैटेगरी में खेलेंगी। उन्होंने इससे पहले साउथ ऐशियन सवात चैंपियनशिप 2024 में भारत को दो-दो गोल्ड मेडल दिलाए थे। इसके साथ ही उन्होंने ऐशियन सवात चैंपियनशिप, इंडोनेशिया में सिल्वर मेडल जीतकर देश का मान बढ़ाया था। अब वह वर्ल्ड कप में भारत के लिए चुनौती पेश करेंगी। वहीं, प्रियम कर्ण कैडेट वर्ग में हिस्सा लेंगे। उन्होंने इंडोनेशिया में आयोजित ऐशियन सवात चैंपियनशिप 2024 में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाई थी। जबकि तीसरे खिलाड़ी यस राज ने नेशनल फेडरेशन कप और नेशनल सवात चैंपियनशिप दोनों में गोल्ड मेडल जीतकर भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की की है। राज्य सवात संघ बिहार के सचिव शिहान राहुल श्रीवास्तव ने तीनों खिलाड़ियों को भारतीय टीम में चयन का पत्र सौंपते हुए गर्व जताया कि भारत पहली बार सवात फ्रेंच बॉक्सिंग वर्ल्ड कप में भाग लेने जा रहा है और उसमें बिहार से सर्वाधिक तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। उन्होंने इसे पूरे राज्य के लिए गौरव का क्षण बताया और विश्वास जताया कि अगर भारतीय टीम का नेतृत्व बिहार को मिलता है, तो ताशकंद में भारत का झंडा लहराना तय है।



# कोहली ने टेस्ट को बताया सर्वोपरि, जब तक खेलूंगा देश के लिए ही खेलूंगा

**अहमदाबाद :** आईपीएल खिताब जीतने के लिए 18 सत्र का इंतजार खत्म होने पर विराट कोहली अपने आंसुओं पर काबू नहीं रख सके, लेकिन टेस्ट क्रिकेट के प्रति अपना प्यार एक बार फिर जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि पारंपरिक क्रिकेट को अभी भी वह टी20 से पांच पायदान ऊपर रखते हैं। उन्होंने कहा कि वह जब तक आईपीएल खेलेंगे, आरसीबी के लिए ही खेलेंगे। विराट ने इंस्टाग्राम पर टीम के साथ तस्वीरें भी साझा की हैं। उन्होंने लिखा, 'इस टीम ने सपने को संभव बनाया। एक ऐसा सीजन जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगा। हमने पिछले ढाई महीनों में इस सफर का भरपूर आनंद लिया है। यह आरसीबी के प्रशंसकों के लिए है जिन्होंने सबसे बुरे समय में भी हमारा साथ नहीं छोड़ा। यह उन सभी वर्षों के दिल टूटने और निराशा के लिए है। यह इस टीम के लिए मैदान पर खेलने के लिए किए गए हर प्रयास के लिए है। जहां तक आईपीएल ट्रॉफी का सवाल है- आपने मुझे आपको उठाने और जश्न मनाने के लिए 18 साल इंतजार करवाया है, मेरे दोस्त, लेकिन यह इंतजार बिल्कुल सार्थक रहा।'पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके कोहली ने युवाओं को सलाह देते हुए कहा कि अगर सम्मान पाना है तो पारंपरिक प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन करें। उन्होंने आरसीबी के खिताब जीतने के बाद मैथ्यू हेडन से कहा, 'मेरे करियर के सर्वश्रेष्ठ पलों में से यह एक है, लेकिन फिर भी यह टेस्ट क्रिकेट से पांच पायदान नीचे है। मेरी नजर में टेस्ट क्रिकेट की इतनी इज्जत है।' कोहली ने कहा, 'मैं युवाओं से इतना ही आग्रह करूंगा कि टेस्ट क्रिकेट का सम्मान करें। अगर आप टेस्ट क्रिकेट में अच्छा खेलोगे तो दुनिया में कहीं भी जाओगे तो लोग तुम्हारा सम्मान करेंगे। अगर दुनिया में क्रिकेट में सम्मान पाना है तो टेस्ट क्रिकेट खेलो और अपना सब कुछ उसे दे दो।' जोश हेजलवुड ने 20वें ओवर की दूसरी गेंद डाली और कोहली की आंखें भर आईं। मोटेरा की पिच को चूमते हुए कोहली को देखकर उनके प्रशंसक भी खुशी के आंसू रोक नहीं सके होंगे। आईपीएल इस साल 18 बरस का हो गया और इस खिताब के साथ कोहली का कद कुछ और बढ़ गया।



**क्रिकेट**

**कोहली ने कहा कि वह जब तक आईपीएल खेलेंगे, आरसीबी के लिए ही खेलेंगे।**

# आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-3: पार्थ की चमक से बढ़ी भारत की उम्मीदें

**नई दिल्ली।** भारत के युवा तीरंदाज पार्थ सालुंखे की हालिया सफलता ने भारतीय तीरंदाजी में नई ऊर्जा भर दी है। शंघाई में हुए आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-2 में अपना पहला विश्व कप पदक जीतकर चर्चा में आए 21 वर्षीय पार्थ अब अंताल्या में बुधवार से शुरू हो रहे स्टेज-3 में दम दिखाने को तैयार हैं।

**टोक्यो चैंपियन और कोरियाई दिग्गज को दी मात:** महाराष्ट्र के सतारा से ताल्लुक रखने वाले पार्थ ने शंघाई में अपने जबरदस्त प्रदर्शन से सबको चौंका दिया। उन्होंने पहले राउंड में टोक्यो ओलंपिक चैंपियन मेटे गजोज को शूट-ऑफ में हराया और फिर क्वार्टरफाइनल में दो बार के ओलंपिक टीम गोल्ड मेडलिस्ट कोरियाई खिलाड़ी किम जे-डियोक को सीधे सेटों में मात दी। सेमीफाइनल में वह कोरियाई दिग्गज किम वू-जिन के खिलाफ 0-4 से पिछड़ने के बाद 4-4 की बराबरी पर आए, लेकिन निर्णायक सेट में करीबी मुकाबले में हार गए। इसके बावजूद, उन्होंने कांस्य पदक मुकाबले में पेरिस ओलंपिक रजत विजेता बैप्टिस्ट एडिस को हराकर अपना पहला वर्ल्ड कप पदक हासिल किया। हालांकि पार्थ क्वालिफिकेशन राउंड में भारतीय तीरंदाजों में सबसे पीछे 60वें स्थान पर रहे थे, लेकिन एलिमिनेशन राउंड में उन्होंने गजब की मानसिक मजबूती दिखाई। उनके अनुसार, मेरा फोकस सिर्फ पदक पर नहीं था, मैं देखना चाहता था कि मैंने जो प्रैक्टिस की है, वो मैच में उतार पाता हूं या नहीं। पार्थ की प्रेरक सफलता से भारतीय पुरुष रिकर्व टीम झ्र जिसमें तरुणदीप राय, अतानु दास और धीरेज बोम्मदेवरा शामिल हैं।



ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 05 जून 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## दुष्कर्म का वीडियो बनाने वाला गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अररिया।** फारबिसगंज थाना पुलिस ने महिला का दुष्कर्म का वीडियो बनाकर वायरल करने वाला आरोपित 35 वर्षीय मो. दिलशाद पिता मो. हकीमुद्दीन को बुधवार को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की। कांड में मो. दिलशाद प्राथमिकी अभियुक्त हैं,जिन्होंने महिला के साथ मकई के खेत में जबरन दुष्कर्म करते हुए वीडियो वायरल किया था।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित के पास से वीडियो बनाने के लिए उपयोग में लाया गया मोबाइल भी बरामद किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मोबाइल के जांच के लिए उसे पटना विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

## युवक का शव बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/पूर्वी चंपारण।** जिले के पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र में नवादा मुख्य सड़क पर स्थित एक पुल के नीचे 19 वर्षीय युवक का शव मिला है। युवक थरबिटिया गांव निवासी जगनारायण सहनी का पुत्र जीतेन्द्र है। परिजन का आरोप है, कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई है।घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। परिजन ने बताया कि जितेंद्र दिल्ली जाने वाला था, जिसको लेकर वह अपने ठेकेदार चैता के बिल्डर बिल्ला बैठा के पास जा रहा है, जहां से वह दिल्ली रवाना होगा।जीतेन्द्र उसी ठेकेदार के साथ काम करता था। मंगलवार की रात में ताड़ी की दुकान पर झगड़ा हुआ ऐसी आशंका है,झगड़ा के दौरान उसकी हत्या कर शव को फेंक दिया गया।जहां बुधवार की सुबह उसका शव एक पुल के नीचे से बरामद किया गया। पकड़ीदयाल थानाध्यक्ष अशोक साह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रारंभिक जांच में हत्या की आशंका जताई जा रही है। मामले की जांच की जा रही है। इसके साथ ही पुलिस स्थानीय लोगों से भी पूछताछ कर रही है।

## किसान व बैलों की करंट लगने से मौत

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना।** ऊना के उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत कठोह के वार्ड नम्बर एक से एक दर्दनाक हुआ है। ग्राम कठोह निवासी कर्म चंद पुत्र राम चंद की बिजली की तार टूटकर बेलों पर गिरने से खेत में जुताई करते समय गंभीर रूप से घायल हो जाने के बाद ऊना अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। दोनों बैल भी गंभीर रूप से झुलस गए और उन्होंने भी दम तोड़ दिया। कर्म चंद खेत की जुताई बैलों की सहायता से कर रहा था।

# यूपी की करों में हिस्सेदारी को 50% करने की मांग

## वित्त आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि सीएम योगी ने आयोग को मांग-पत्र सौंपा है

**जवाब तलब**

- केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी को 41 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की गई है।



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ।** 16 वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने बुधवार को आयोग के सदस्यों के साथ एक पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हुई बैठक के बारे में जानकारी दी। वित्त आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि बैठक में सीएम योगी ने राज्य सरकार की मांगों को लेकर आयोग को मांग पत्र सौंपा है, जिसमें केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी को 41 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की गई है। साथ ही उत्तर प्रदेश ने विशेष विकास योजनाओं के लिए स्पेशल फंड डीडीए दिए जाने की मांग भी उठाई है।

वित्त आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि बैठक के दौरान प्रदेश सरकार ने उत्तर के विकास और सुधार के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा पेश किया, जिसकी आयोग ने सराहना की। उत्तर प्रदेश की प्रमुख मांगों के विषय में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने इनकम डिस्टेंस क्राइटेरिया 45 प्रतिशत, भौगोलिक क्षेत्रफल 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत, जनसंख्या 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 22.5 प्रतिशत, जनसांख्यिकीय प्रदर्शन 12.5 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत, वन 10 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत, कर संग्रहण प्रयास 2.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत किया जाने का प्रस्ताव आयोग को दिया गया है।

**15वें वित्त आयोग की सिफारिशें इस प्रकार थीं**

वित्त आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि वित्त आयोग का मुख्य कार्य केंद्र और राज्यों के बीच करों के बंटवारे का प्रस्ताव तैयार करना है, जिसे भारत के राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। उन्होंने कहा कि क्षैतिज वितरण के संदर्भ में 15वें वित्त आयोग की सिफारिशें इस प्रकार रही हैं-जनसंख्या 15 प्रतिशत, क्षेत्रफल 15 प्रतिशत, वन 10 प्रतिशत, कर संग्रहण प्रयास 2.5 प्रतिशत और जनस-ांख्यिकीय प्रदर्शन 12.5 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग में सबसे अधिक 45 प्रतिशत इनकम डिस्टेंस क्राइटेरिया को दिया गया था। वित्त आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश बहुत ही अच्छी तरह से संचालित राज्य है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का कर संग्रह जीएसडीपी के अनुपात में है, जो देश में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि यूपी का राजकोषीय घाटा सामान्य सीमा के भीतर है। वित्त आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि पिछले वित्त आयोग ने राज्यों को 41 फीसदी और केंद्र सरकार को 59 फीसदी हस्तांतरित किया था।

### किसानों के हित में फैसले ले रही डबल इंजन सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में खरीफ फसलों से अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने के लिए समय से बोआई के लिए कृषि निवेश की व्यवस्था एवं नवीन तकनीकी के प्रचार-प्रसार के लिए योगी सरकार के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना हेतु 16290.00 लाख, नेशनल फूड सिक्योरिटी एण्ड न्यूट्रिशन मिशन के अन्तर्गत 10276.92 लाख एवं कृषोन्नति योजना हेतु 14500.20 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है। यह डबल इंजन सरकार अन्नदाता किसानों के हित में कटिबद्धता को प्रदर्शित करती है। प्रदेश के 75 जनपदों में अब तक लगभग 4725 स्थानों पर जनप्रतिनिधियों, कृषि वैज्ञानिकों, अधिकारियों के साथ 8,10,000 से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया।

## योगी सरकार ने विशिष्ट बच्चों के लिए शुरू किया पोस्टर अभियान




**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ।** क्या आपने कभी सोचा है कि वह बच्चा जो बोल नहीं सकता, सुन नहीं सकता या सामान्य बच्चों की तरह पढ़ने में कठिनाई महसूस करता है। क्या उसे वही प्यार, अधिकार और अवसर मिल पाते हैं जो बाकी बच्चों को मिलते हैं? इसी सवाल का जवाब तलाशते हुए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए एक ऐसा अभियान शुरू किया है, जो सिर्फ नीति की बात नहीं करता, बल्कि दिलों को छूने का प्रयास करता है। उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग की देखरेख में तैयार किए गए 15,92,592 पोस्टरों के माध्यम से एक राज्यव्यापी जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें इन बच्चों के अधिकारों, आवश्यकताओं और समाज की भूमिका को केंद्र में रखा गया है। पोस्टर वितरण के साथ-साथ स्कूल शिक्षकों को प्रशिक्षण, अभिभावकों से संवाद और समुदाय स्तर पर जागरूकता गतिविधियों को भी प्राथमिकता दी गई है। अभियान की शुरूआत से अब तक 75 जिलों के सभी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों, पंचायत भवनों,

**पोस्टर**

- पोस्टरों से जागरूकता का अभियान
- 1,32,716 विद्यालयों तक पहुंचाये जा रहे हैं छह प्रकार के पोस्टर

सीएचसी/पीएचसी, बाल विकास केंद्रों और आशा केंद्रों पर पोस्टर लगाए जा रहे हैं।

**1,32,716 सरकारी व सहायता प्राप्त विद्यालयों में पोस्टर वितरण:** प्रदेश के 1,32,716 सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में ये पोस्टर वितरित किए जा रहे हैं। प्रत्येक विद्यालय को एक सेट (6 पोस्टर) उपलब्ध कराया गया है, जिनमें समावेशी शिक्षा और दिव्यांगता के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने वाले संदेश शामिल हैं। इन पोस्टरों की सबसे खास बात है इनका भावनात्मक, सरल और व्यावहारिक होना। ये न केवल जानकारी देते हैं, बल्कि आत्ममंथन को प्रेरित करते हैं। सवाल उठता है, 'वह बच्चा जो बोल नहीं सकता लेकिन सुन सकता है।

## नैनी झील का वैज्ञानिक संरक्षण आवश्यक: राज्यपाल



**भेंटवार्ता**

- नगर की पर्यटन सुविधाओं, आधारभूत ढांचे से जुड़ी चुनौतियों और समाधान पर विचार-विमर्श

**टीम एक्शन इंडिया/नैनीताल।** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने बुधवार को नैनीताल राजभवन में नैनीताल होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ भेंटवार्ता की। वार्ता में नगर की पर्यटन सुविधाओं, आधारभूत ढांचे से जुड़ी चुनौतियों और उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल की प्राकृतिक सुंदरता और झील देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करती है और इसे सुरक्षित रखने के साथ-साथ यहां आधुनिक सुविधाओं की आवश्यकता है। उन्होंने गुणवत्तायुक्त पर्यटन को बढ़ावा देने और आधुनिक सुविधाओं के विकास की दिशा में निरंतर प्रयासों की आवश्यकता भी जताई। पार्किंग समस्या के समाधान को लेकर उन्होंने मल्टीस्टोरी पार्किंग, रोपवे तथा छोटी पार्किंग स्थलों की संभावनाओं पर बल दिया। बताया कि मेट्रोपोल की भूमि राज्य सरकार को अस्थायी रूप से दी गई है तथा रक्षा संपदा की भूमि के उपयोग हेतु प्रयास जारी हैं, जिससे स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि नैनी झील नैनीताल की आत्मा है, और इसका वैज्ञानिक संरक्षण आवश्यक है। देहरादून स्थित राष्ट्रीय जलसर्वेक्षण कार्यालय द्वारा झील का तकनीकी सर्वे किया गया है, जिससे इसके संरक्षण के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जा सकेगी। पर्यटकों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

## वैन के पलटने से नौ लोगों की दर्दनाक मौत

**टीम एक्शन इंडिया/झाबुआ।** मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में थांदला-मेघनगर के बीच संजेली रेलवे फाटक के पास भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां सीमेंट से भरा एक ट्रॉला अनियंत्रित होकर ओमनी वैन पर पलट गया। इस हादसे में वैन में सवार नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच साल के बच्चे समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में चार बच्चे, तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम को भेज गया है।

## मुख्यमंत्री ने बिक्रम लॉक कैनाल बैंक सौर ऊर्जा परियोजना का किया उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया/पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पटना जिला अंतर्गत बिक्रम लॉक कैनाल बैंक सौर ऊर्जा परियोजना का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत सौर ऊर्जा को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए राज्य के विभिन्न नहरों, बांधों, नदी एवं तटबंधों के किनारे खाली पड़े स्थलों का सर्वे कराकर बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा संयंत्र का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सौर ऊर्जा के उत्पादन से पारंपरिक ऊर्जा पर निर्भरता कम होगी, प्रदूषण रहित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही कार्बन उत्सर्जन में कमी होगी एवं पर्यावरण संरक्षण में इसका लाभ मिलेगा। इस परियोजना के संचालन से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और इससे आर्थिक लाभ भी होगा। उन्होंने कहा कि बिजली के क्षेत्र में हमलोगों ने कई काम किए हैं। हर घर तक बिजली पहुंचा दी गई है। लोगों को सस्ती, गुणवत्तापूर्ण बिजली दी जा रही है।

## मुख्यमंत्री मोहन यादव का राहुल गांधी के बयान पर पलटवार, पहले अपनी बुद्धि का सृजन करें



**पलटवार**

- सीएम ने कहा कि राहुल गांधी को पीएम मोदी को लेकर उनके द्वारा दिए गए वक्तव्य पर माफी मांगनी चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए उन्हें जमकर घेरा है।

उन्होंने राहुल गांधी के हालिया बयानों की आलोचना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संगठन सृजन से पहले राहुल गांधी अपनी बुद्धि का सृजन करें, इसीलिए तो राहुल गांधी को 'पप्पू' कहते हैं। आखिर वह परिपक्व कब होंगे? नेता प्रतिपक्ष मयार्दा छोड़ कर जिस भाव से बोलते हैं वह न केवल उनकी इज्जत खराब करते हैं, बल्कि देश के संस्कार के विरुद्ध भी बात करते हैं। सीएम डॉ यादव ने कहा कि राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर उनके द्वारा दिए गए वक्तव्य पर माफी मांगनी चाहिए।

## बालक के साथ कुकर्म के दो दोषियों को दस-दस साल की सजा

**टीम एक्शन इंडिया/मुरादाबाद।** मुरादाबाद के विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एवं अपर सत्र न्यायाधीश घनेंद्र कुमार की अदालत ने तीन साल पहले नाबालिग किशोर से कुकर्म के मामले में बुधवार को दो दोषियों को दस-दस साल की कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 20-20 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। नाबालिग बेटा 26 मार्च 2022 की शाम पांच बजे खेल रहा था। इस बीच अरमान और इमरान पैसे की लालच देकर उसके बेटे को ले गए।

वाहन

*प्रदेश में प्रदूषण मुक्त परिवहन की दिशा में योगी सरकार का बड़ा कदम*

## इलेक्ट्रिक बसों के ट्रायल की तैयारी में योगी सरकार



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम पुरानी डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों में बदलने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि कानपुर की राम मनोहर लोहिया वर्कशाप में दो डीजल बसों को इलेक्ट्रिक में बदला जा चुका है। इन बसों को झांसी-ललितपुर रूट पर ट्रायल के लिए चलाया जाएगा।

**रिट्रोफिटमेंट तकनीक से परिवर्तित होंगी बसें, अतिरिक्त खर्च भी बचेगा**

बता दें कि पुरानी डीजल बसों को परिवहन निगम की गाइडलाइन के अनुसार 10 वर्ष या 11 लाख किमी की दूरी तय करने पर बस बेड़े से हटाया जाना अनिवार्य है। बड़ी संख्या में परिवहन निगम की बसों का प्रतिवर्ष नीलामी होती है। उन्होंने बताया कि डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों में परिवर्तित करने से विभाग को बसों की खरीदारी पर अतिरिक्त व्यय नहीं करना होगा। इस रिट्रोफिटमेंट तकनीक से बसों को बदलने का खर्च कल्याणी पावर ट्रेन और जीरो 21 जैसी कंपनियां उठा रही हैं, जबकि बस की बॉडी का निर्माण परिवहन निगम करेगा। इससे नई बसें खरीदने का अतिरिक्त खर्च बचेगा।

**बेड़े में 5000 इलेक्ट्रिक बसें जोड़ने की बना रहा योजना**

मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल से प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिल रहा है। यह तकनीक प्रदूषण कम करेगी और पर्यावरण को स्वच्छ बनाएगी। परिवहन निगम 5000 इलेक्ट्रिक बसें जोड़ने की योजना पर भी काम कर रहा है। हाल ही में महाकुंभ के लिए 220 इलेक्ट्रिक बसें खरीदी गई हैं।

